


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 सूर्यकुमार यादव ने विराट कोहली के इस बड़े टी20आई ...

ओलंपिक मेजबानी पर नीता अंबानी का आया बयान ... 12



वर्ष : 12 | अंक : 108 | पटना, सोमवार, 29 जुलाई, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03 .00 | www.pratahkiran.com


# पेरिस ओलंपिक : मनु भाकर ने शुटिंग में कांस्य पदक जीतकर रचा इतिहास

## ओलंपिक में शूटिंग में भारत को पदक दिलाने वाली पहली महिला

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में रविवार को कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। हरियाणा की 22 साल की इस निशानेबाज ने चेटरौक्स शूटिंग सेंटर में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में तीसरा स्थान हासिल करने के बाद इन खेलों में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज बनीं। टोक्यो में दिल टूटने के तीन साल बाद भारत की इस सबसे प्रसिद्ध और प्रतिभाशाली निशानेबाजों में से एक ने अपने सपनों को पूरा किया और देश को गौरवान्वित किया। उन्होंने जबरदस्त वापसी की और कांस्य पदक अपने नाम किया। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण और रजत पदक दक्षिण कोरिया की दो खिलाड़ियों ने जीता। ओह ये जिन 243.2 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक और किम येजी ने 241.3 के स्कोर के साथ रजत पदक अपने नाम किया। मनु भाकर क्वालिफिकेशन राउंड में भी तीसरे स्थान पर रही थीं। इसके साथ ही उन्होंने शूटिंग में भारत के पदक के 12 साल के सूखे को भी खत्म किया। 2012 लंदन ओलंपिक में गगन नारंग और विजय कुमार ने शूटिंग में पदक जीता था। यह शूटिंग में भारत का पांचवां पदक है। मनु से पहले चारों एथलीट्स पुरुष थे। वह राज्यवर्धन सिंह राठौड़, अभिनव बिंद्रा, गगन नारंग और विजय कुमार के क्लब में शामिल हो गईं। महज नौ माह पहले तक मनु भाकर 10 मीटर एयर पिस्टल की भारतीय टीम में भी शामिल नहीं थीं। बीते वर्ष वह हांगझोऊ एशियाई खेलों में खेलीं, लेकिन इस इवेंट की टीम में नहीं थीं। यह वह इवेंट है जो उनके दिल के सबसे करीब है। एशियाड से पहले मनु भाकर ने पिछले सारे विवादों को भुलाकर कोच जसपाल राणा का हाथा थामा



तो इसकी एक वजह 10 मीटर एयर पिस्टल में वापस प्रभुत्व स्थापित करना था। एशियाड के बाद मनु का समर्पण और जसपाल का साथ काम आया। मनु ने न सिर्फ 10 मीटर एयर पिस्टल की ओलंपिक टीम में जगह बनाई बल्कि शनिवार को क्वालिफाइंग दौर में 580 का विश्वस्तरीय स्कोर कर तीसरे स्थान पर रहते हुए इस इवेंट के फाइनल में भी जगह बना ली। मनु 50 से अधिक अंतरराष्ट्रीय और 70 से अधिक राष्ट्रीय पदक जीत चुकी हैं। 2021 में हुए ओलंपिक में वह सातवें स्थान पर रहीं। अब इस साल पेरिस में होने जा रही ओलंपिक गेम्स में स्वर्ण पदक लाना उनका लक्ष्य है।

**स्वर्ण पदक जीता। 2018 में मनु ने किया कमाल :** मनु कभी कबड्डी के मैदान में उतरीं तो कभी कराटे में हाथ आजमाया। शूटिंग को प्राथमिक रूप से चुनने से पहले मनु ने स्केटिंग, मार्शल आर्ट्स, कराटे, कबड्डी सब खेला। 16 साल की उम्र में मनु ने 2018 में आईएसएसएफ विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया और दो स्वर्ण पदक जीते। उसी साल मनु ने राष्ट्रमंडल खेलों और यूथ ओलंपिक खेलों में हिस्सा लिया। दोनों प्रतियोगिताओं में मनु ने स्वर्ण पदक हासिल किया।

**बाबुता 10 मीटर पुरुष एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में:** भारत के अर्जुन बाबुता ने 10 मीटर एयर राइफल पुरुष क्वालिफिकेशन में सातवें स्थान पर रहने के साथ ही फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। बाबुता ने कुल 630.1 अंक बनाए। हालांकि, एक अन्य भारतीय संदीप सिंह 629.3 अंक के साथ 12वें स्थान पर रहे और फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सके।

### मौसम

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

### बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| संसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## संक्षिप्त खबरें

### इजराइल के गोलान हाइट्स में हमले में 12 की मौत

यरुशलम। इजरायल के नियंत्रण वाले गोलान हाइट्स के मजदल शम्स शहर में गोलाबारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। टाइम्स ऑफ इजरायल अखबार ने रविवार को इजरायली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगरी के हवाले से यह जानकारी दी। अखबार के मुताबिक शनिवार को इजरायल एम्बुलेंस सेवा ने बताया कि गोलान हाइट्स में हमले में 10 लोग मारे गए हैं। बाद में टाइम्स ऑफ इजरायल अखबार ने श्री हगरी का हवाला देते हुए बताया कि मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। उधर, लेबनानी आंदोलन हिजबुल्लाह ने मजदल शम्स शहर पर गोलाबारी में शामिल होने से इनकार किया। इसके बावजूद, इजरायली अधिकारियों ने हिजबुल्लाह और लेबनान के खिलाफ युद्ध की घोषणा करना शुरू कर दिया।

### मिर्जापुर में भीषण सड़क हादसा तीन की मौत, 6 घायल

मिजार्पुर। उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर में मालवाहक वाहन और बस के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। घटना विंध्याचल थाना क्षेत्र के महोखर ग्राम की है। बताया जा रहा है कि वाहन में सवार श्रद्धालु दर्शन के लिए विंध्याचल जा रहे थे। तभी महोखर ग्राम के पास श्रद्धालुओं से भरे वाहन की बस से भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने वाहन में फंसे लोगों को बाहर निकाला। तीन लोगों की इस हादसे में जान चली गई।

### आरक्षण से छेड़छाड़ के प्रयास किये गये तो राजनीति छोड़ दूंगा : प्रफुल्ल पटेल

गोंदिया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने शनिवार को कहा कि यदि आरक्षण से छेड़छाड़ का कोई प्रयास किया गया तो वह राजनीति से संन्यास ले लेंगे। राकांपा नेता ने राज्य के विदर्भ क्षेत्र के गोंदिया में कहा, ऐसी स्थिति में किसी पद पर बने रहने या राजनीति में बने रहने का कोई मतलब नहीं रह जाएगा। मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा। डॉ. बी आर अंबेडकर ने हमारे संविधान में आरक्षण दिया है। कोई भी उसमें छेड़छाड़ नहीं कर सकता या उसके मूल ढांचे को नहीं बदल सकता। प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान, लोग इस झूठी कहानी के शिकार हो गए कि संविधान बदल दिया जाएगा और आरक्षण खत्म हो जाएगा।

**मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 112वीं कड़ी में बोलें-प्रधानमंत्री**

# ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई में एक बहुत बड़ा कदम है मानस : मोदी

## सरकार ने एक टोल फ्री नंबर 1933 किया है जारी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के दौरान कहा कि हर परिवार कि यह चिंता होती है कि कहीं उनका बच्चा ड्रग्स की चपेट में न आ जाए। अब ऐसे लोगों की मदद के लिए सरकार ने एक विशेष केंद्र खोला है जिसका नाम है मानस। ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई में यह बहुत बड़ा कदम है। कुछ दिन पहले ही मानस की हेल्पलाइन और पोर्टल को लांच किया गया है। सरकार ने एक टोल फ्री नंबर 1933 जारी किया है। इस पर कॉल करके कोई भी व्यक्ति जरूरी सलाह ले सकता है। अगर किसी के पास ड्रग्स से जुड़ी कोई दूसरी जानकारी है तो वे इसी नंबर पर कॉल करके नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ यह सूचना साझा भी कर सकते हैं। यहां हर जानकारी गोपनीय रखी जाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को ड्रग्स फ्री बनाने में जुटे सभी लोगों से, सभी परिवारों से, सभी संस्थाओं से मेरा आग्रह है कि मानस हेल्पलाइन का भरपूर उपयोग करें।

**29 जुलाई को मनाया जाएगा टाइगर डे :** प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम के दौरान टाइगर डे का भी जिक्र किया। 29 जुलाई को टाइगर डे मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में तो बाघ हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रहे हैं। हम सब बाघों से जुड़े किस्से कहानियां सुनते हुए ही बड़े हुए हैं। जंगल के आसपास के गांव के लोगों को पता होता है कि बाघों के साथ तालमेल बिठाकर कैसे रहना है। उन्होंने कहा, हमारे देश में



ऐसे कई गांव हैं जहां इंसानों और बाघों के बीच टकराव की स्थिति नहीं आती। लेकिन जहां ऐसी स्थिति आती है वहां भी बाघों के संरक्षण के लिए अभूतपूर्व प्रयास हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जन भागीदारी का ऐसा ही प्रयास है कुल्हाड़ी बंद पंचायत। राजस्थान के रणथंभौर से शुरू हुआ कुल्हाड़ी बंद पंचायत, अभियान बहुत दिलचस्प रहा है। स्थानीय लोगों ने स्वयं इस बात की शपथ ली है कि जंगल में कुल्हाड़ी के साथ नहीं जाएंगे और पेड़ नहीं कटेंगे। इस एक फैसले से यहां के जंगल एक बार फिर से हरे भरे हो रहे हैं जो बाघों के लिए बेहतर वातावरण तैयार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि महाराष्ट्र का ताडोबा अंधारी टाइगर रिजर्व बाघों के प्रमुख बसेरों में से एक है। यहां के स्थानीय समुदायों ने इको टूरिज्म की ओर तेजी से कदम बढ़ाए हैं। उन्होंने जंगल पर अपनी निर्भरता को कम किया है ताकि यहां बाघों की गतिविधियां बढ़ सके। प्रधानमंत्री ने बताया कि आंध्र प्रदेश के चेंचू जनजाति के प्रयास भी हैरान कर देंगे। उन्होंने जंगल में वन्य जीवों के मूवमेंट की हर जानकारी एकत्र की है। इसके साथ ही वे इस क्षेत्र में अवैध गतिविधियों की निगरानी भी करते रहे हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में बाघ मित्र कार्यक्रम भी काफी चर्चा में है। इसके तहत स्थानीय लोगों को बाघ मित्र के रूप में काम करने की ट्रेनिंग दी जाती है। यह बाघ मित्र इस बात का पूरा ध्यान रखते हैं कि बाघों और इंसानों के बीच टकराव की स्थिति न बने। देश के अलग-अलग हिस्सों में इस तरह के कई प्रयास जारी हैं।

**70 प्रतिशत बाघ हमारे देश में :** प्रधानमंत्री ने कहा कि मैंने यहां कुछ ही प्रयासों की चर्चा की है, लेकिन मुझे खुशी है कि जन भागीदारी बाघों के संरक्षण में बहुत काम आ रही है। ऐसे प्रयासों की वजह से ही भारत में बाघों की आबादी हर साल बढ़ रही है। आपको यह जानकर खुशी और गर्व का अनुभव होगा कि दुनिया भर में जितने बाघ हैं उनमें से 70 प्रतिशत बाघ हमारे देश में है। तभी तो हमारे देश के अलग-अलग हिस्सों में कई टाइगर संेचुरी हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि बाघों के बढ़ने के साथ-साथ हमारे देश में वन क्षेत्र भी तेजी से बढ़ रहा है। इसमें भी सामुदायिक प्रयासों से बड़ी सफलता मिल रही है। उन्होंने कहा कि पिछले मन की बात कार्यक्रम में आपसे एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम की चर्चा की थी, मुझे खुशी है कि देश के अलग-अलग हिस्सों में बड़ी संख्या में लोग इस अभियान से जुड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने इंदौर में हुए एक कार्यक्रम की चर्चा करते हुए कहा कि मां के नाम एक पेड़ कार्यक्रम के दौरान यहां एक ही दिन में 2 लाख से ज्यादा पौधे लगाए गए। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से कहा कि मां के नाम पेड़ लगाने के इस अभियान में आप भी जरूर जुड़े।

### खादी की बिक्री में 400 फीसदी की वृद्धि हुई

प्रधानमंत्री ने रविवार को कहा कि खादी की बिक्री में 400 फीसदी की वृद्धि हुई है और खादी ग्रामोद्योग का कारोबार पहली बार डेढ़ लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। उन्होंने कहा, मुझे यह बताते हुए आनंद महसूस हो रहा है कि खादी ग्रामोद्योग का कारोबार पहली बार डेढ़ लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। सोचिए, डेढ़ लाख करोड़ रुपये! और जानते हैं, खादी की बिक्री कितनी बढ़ी है? 400 प्रतिशत। प्रधानमंत्री ने कहा कि खादी और हैंडलूम उत्पादों की बढ़ती ब्रिक्री देश में रोजगार के नये अवसर भी पैदा कर रही है और चूंकि, इससे महिलाएं सबसे ज्यादा जुड़ी हैं, तो सबसे ज्यादा फायदा भी उन्हीं को हो रहा है। अगस्त के महीने को आजादी का महीना करार देते हुए मोदी ने कहा कि लोगों के पास भांति-भांति के वस्त्र होंगे, लेकिन अभी तक उन्होंने यदि खादी के वस्त्र नहीं खरीदे हैं, तो वे इस साल से ही इनकी खरीदारी शुरू कर दें। उन्होंने कहा, अगस्त का महीना आ गया है। यह आजादी मिलने का महीना है, क्रांति का महीना है। इससे बढ़िया अवसर और क्या होगा खादी खरीदने के लिए।

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने की कई राज्यपालों की नियुक्ति**

# संतोष गंगवार झारखंड, राधाकृष्णन होंगे महाराष्ट्र के राज्यपाल

## लक्ष्मण प्रसाद आचार्य असम तो गुलाब चंद कटारिया होंगे पंजाब के राज्यपाल

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शनिवार देर रात राजस्थान, झारखंड, पंजाब समेत कई राज्यों में कई राज्यपालों की नियुक्ति की। लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को मणिपुर के अतिरिक्त प्रभार के साथ असम का राज्यपाल बनाया गया है। वहीं, संतोष कुमार गंगवार झारखंड के नये राज्यपाल होंगे, वह सी पी राधाकृष्णन की जगह लेंगे। सी पी राधाकृष्णन को महाराष्ट्र का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। गुलाब चंद कटारिया को बनवारीलाल पुरोहित के स्थान पर पंजाब का राज्यपाल बनाया गया है।





**गुलाब चंद कटारिया होंगे पंजाब के राज्यपाल :** राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने गुलाब चंद कटारिया का स्थान लिया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक पद से पुरोहित का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया पंजाब के राज्यपाल और केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक होंगे।

**लक्ष्मण प्रसाद आचार्य असम के राज्यपाल होंगे :** बयान में कहा गया कि सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को असम का राज्यपाल नियुक्त किया गया है और उन्हें मणिपुर के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। साथ ही बयान में कहा है कि हरिभाऊ किसनराव बागड़े को राजस्थान का राज्यपाल नियुक्त किया गया है, जिष्णु देव वर्मा तेलंगाना के राज्यपाल होंगे और ओम प्रकाश माथुर सिक्किम के नए राज्यपाल होंगे।

**के कैलाशनाथन को पुडुचेरी के उपराज्यपाल नियुक्त:** विज्ञप्ति के अनुसार रमेन डेका को छत्तीसगढ़ का राज्यपाल और सी एच विजयशंकर को मेघालय का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वहीं, के कैलाशनाथन को पुडुचेरी के उपराज्यपाल के रूप में नियुक्त किया है। बयान में कहा गया है कि ये नियुक्तियां उनके संबंधित कार्यालयों का कार्यभार संभालने की तारीख से प्रभावी होंगी।

# कांग्रेस ने कोचिंग सेंटर की घटना को बताया अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा ने राष्ट्रीय राजधानी के पटेल नगर में आईएएस बनने का सपना लेकर कोचिंग कर रही तीन छात्राओं की कोचिंग सेंटर में पानी भरने से मृत्यु को आपराधिक लापरवाही बताते हुए इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया और कहा कि इसकी जिम्मेदारी तय कर दोषियों को दंडित किया जाना चाहिए। श्री खडगे ने कहा, राजधानी दिल्ली में सरकार व प्रशासन की आपराधिक लापरवाही के चलते आईएएस कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर जाने से तीन युवाओं की ज़िंदगी चले जाना बेहद दुःखद है। उनके परिवारजनों को हमारी गहरी संवेदनाएँ। इससे पहले पटेल नगर में जलभराव के कारण, करंट लग जाने से एक अन्य यूपीएससी अभ्यर्थी की जान चली गई। खबरों के मुताबिक पिछले कुछ दिनों में आठ लोग की जान करंट लगने से गयी है। उन्होंने कहा, दिल्ली को कांग्रेस ने अंतरराष्ट्रीश स्तर का शहर बनाया था। आज भारत की राजधानी उदासीनता का दंश झेल रही है। आये दिन हादसे होते रहते हैं। देश की राजधानी में इस तरह का हादसा होना हम सभी के लिए अत्यंत चिंता की बात है। हमें हमारी राजधानी को बेहतर बनाना होगा ताकि हमारे नागरिक सुरक्षित रहें और यहाँ रहने व आनेवालों को ये भरोसा हो कि देश की राजधानी में उनकी उपेक्षा नहीं होगी। श्री गांधी ने कहा, दिल्ली की एक बिल्डिंग के बेसमेंट में पानी भर जाने के कारण प्रतियोगी छात्रों की मृत्यु बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। कुछ दिन पहले बारिश के दौरान बिजली का करंट लगने से एक छात्र की मृत्यु हुई थी। सभी शोकाकुल परिजनों को अपनी भावपूर्ण संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। इन्फ्रास्ट्रक्चर का ये कोलैप्स सिस्टम की संयुक्त असफलता है। असुरक्षित निर्माण, लचर टाऊन प्लानिंग और हर स्तर पर संस्थाओं की गैरजवाबदेही की कीमत आम नागरिक अपना जीवन गंवा कर चुका रहा है।

# रामदेव के खिलाफ चिकित्सकों की याचिका पर फैसला आज

नई दिल्ली/एजेंसी। दिल्ली उच्च न्यायालय कोरोनिल से कोविड-19 का उपचार होने के दावे को लेकर योग गुरु रामदेव के खिलाफ कई चिकित्सक संघों की ओर से दायर याचिका पर सोमवार को अपना फैसला सुनाएगा। यह याचिका चिकित्सक संघों द्वारा रामदेव, उनके सहयोगी आचार्य बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ 2021



में दायर एक मुकदमे का हिस्सा है। न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी ने पक्षकारों की दलीलें सुनने के बाद 21 मई को इस मुद्दे पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। याचिका के अनुसार, रामदेव ने कोरोनिल के बारे में निराधार दावे करते हुए कहा था कि यह कोविड-19 के इलाज में कारगर है। याचिका में कहा गया है कि कोरोनिल को केवल प्रतिरक्षा बढ़ाने वाली दवा के रूप में लाइसेंस दिया गया था, जबकि रामदेव का दावा इसके विपरीत है।

# मुख्यमंत्रियों की बैठक में पीएम मोदी ने दिए सुशासन के लिए टास्क

नई दिल्ली/एजेंसी। राज्यों से कहा गया कि सरकार की निरंतरता कायम है और वह चुनाव नतीजे को लेकर हैरान न हों। समग्र आंकड़े हमारी बढ़त के हैं और कुछ सीटों के कम होने के बावजूद हम देश भर में आगे बढ़े हैं। इसलिए हताश होने की कोई जरूरत नहीं है, बल्कि ज्यादा उत्साह से जनता के विश्वास पर खरा उतरना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई भाजपा की



मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में राज्यों से सुशासन के लिए मिशन मोड में काम करने को कहा गया है। दो दिन की बैठक के पहले दिन कुछ राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने अपने प्रस्तुतीकरण भी दिए हैं। इनमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और असम के मुख्यमंत्री हेमंत विस्व सरमा शामिल रहे। लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा की मुख्यमंत्री परिषद की यह पहली बैठक है। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने और प्रधानमंत्री बनने का रिकॉर्ड कायम करने के लिए उनका विशेष अभिनंदन किया गया। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री ने भाजपा के सभी मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों से सुशासन की दिशा में मिशन मोड में काम करने को कहा है। लगभग तीन घंटे चली बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्राम सचिवालय डिजिटाइजेशन और राज्य की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर करने को लेकर अपना प्रस्तुतिकरण दिया। असम के मुख्यमंत्री हेमंत विस्व सरमा ने रोजगार को लेकर प्रस्तुतिकरण दिया।

**अनावरण** | **विदेश मंत्री ने जापान के टोक्यो में महात्मा गांधी की प्रतिमा का किया अनावरण**

# गांधीजी का अहिंसा का संदेश मौजूदा समय में भी प्रासंगिक: जयशंकर

प्रात : किरण

टोक्यो/नई दिल्ली/एजेंसी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि मौजूदा समय में समय में भू-राजनीतिक संघर्ष और तनाव के मद्देनजर महात्मा गांधी का वह संदेश, जिसमें उन्होंने कहा था कि समाधान युद्ध के मैदान से नहीं आते हैं और कोई भी युग युद्ध का युग नहीं होना चाहिए, उतना ही प्रासंगिक है, जितना उस समय था।

श्री जयशंकर ने जापान की राजधानी टोक्यो में एडोगावा के फ्रीडम प्लाजा में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया और इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, गांधीजी के संदेश कालातीत हैं। मैं आज कहूंगा कि ऐसे समय में जब हम दुनिया



में इतना संघर्ष, इतना तनाव, इतना ध्रुवीकरण, इतना रक्तपात देख रहे हैं, गांधीजी का वह संदेश बहुत महत्वपूर्ण है।

जिसमें उन्होंने कहा था समाधान युद्ध के मैदान से नहीं आते हैं, कोई भी युग युद्ध का युग नहीं होना चाहिए। यह संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना 80 साल पहले था। गांधीजी को सतत विकास का मूल पैगम्बर बताते हुए विदेश मंत्री ने कहा, स्थायित्व, जलवायु प्रेम, हरित विकास, हरित नीतियों के संदर्भ में, गांधीजी सतत विकास के मूल पैगम्बर थे। वे प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर जीने के सबसे बड़े पैरोकार थे। इसलिए गांधीजी का संदेश केवल सरकारों के लिए नहीं है, बल्कि हर किसी को अपनी जीवन शैली में अपनाना चाहिए।

निश्चित रूप से, गांधीजी समावेशिता के पैरोकार थे और यही हम आज भारत और दुनिया भर में देख रहे हैं। उन्होंने कहा, महात्मा गांधी की उपलब्धियां उनके समय से कहीं अधिक आगे की हैं, समय बीतने के साथ उनका महत्व और भी बढ़ गया है। इससे पहले भारतीय दूतावास ने एक्स पर कहा, विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर दो दिवसीय यात्रा पर जापान पहुंचे और राजदूत सिबी जॉर्ज ने उनका स्वागत किया। दूतावास ने कहा, श्री जयशंकर टोक्यो के एडोगावा में फ्रीडम प्लाजा में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। विदेश मंत्री लाओस के वियनतियाने से टोक्यो पहुंचे हैं, जहां उन्होंने दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संगठन (आसियान)-संबंधी कई बैठकों में भाग लिया और कई विदेश मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। टोक्यो में, विदेश मंत्री सोमवार को क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे। वहीं आज अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे।

# विकलांगता के प्रति हमारे दृष्टिकोण में उल्लेखनीय बदलाव आया : चंद्रचूड़

प्रात : किरण

बेंगलुरु/एजेंसी। भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि विकलांगता के प्रति हमारे दृष्टिकोण में उल्लेखनीय बदलाव आया है। बेंगलुरु में शनिवार को ह्यइंडिया एक्सेसिबिलिटी समिट एंड स्टेट डिसेबिलिटी कमीशनर्स कॉन्क्लेव के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह बदलाव प्रशिक्षण, सार्वजनिक बैठकों और नीति-निर्माण से आया है। सीजेआई ने कहा, विकलांगता के प्रति हमारे दृष्टकोण में उल्लेखनीय बदलाव आया है। प्रशासनिक अधिकारियों की प्रशिक्षण अकादमियों में विकलांगता के



बारे में संवेदनशीलता पैदा करने वाला समर्पित मॉड्यूल है। कुछ राज्यों में राज्य आयुक्त सेवाओं की उपलब्धता में सुधार लाने और लोगों के वास्तविक अनुभवों के आधार पर नीति-निर्माण के लिए सार्वजनिक बैठकें कर रहे हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि निशक्त जनों के लिए पहुंच, स्वायत्तता, समान भागीदारी हासिल करने से पहले एक लंबा रास्ता तय करना है। उन्होंने कहा, हमें अभी भी लैंगिकता, शहरी-ग्रामीण विभाजन और विकलांगता के प्रकारों की विभिन्न अंतर्विभाजक असमानताओं के आधार पर विकलांग व्यक्तियों के सटीक आंकड़ों की आवश्यकता है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि सरकारी और निजी संस्थानों में निशक्त जनों की भर्ती तेजी से बढ़ रही है, लेकिन कार्यस्थल की स्थितियां धीरे-धीरे ही ठीक हो रही हैं। सीजेआई ने कहा कि तकनीकी समाधान कभी-कभी अत्यधिक महंगे होते हैं और उन लोगों के लिए उपलब्ध नहीं होते हैं जिन्हें उनकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है। उन्होंने कहा, यहां तक कि लगभग 20 करोड़ लोग मनोसामाजिक विकलांगताओं के साथ जी रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### जदयू में शामिल हो, ली सदस्यता

पटना सिटी (प्राकि)। पटना महानगर जनता दल यूनाइटेड के गुरुगोविन्द सिंह सेक्टर में बड़ी बैठक की गई। बड़ी नगला के प्रकाश वाटिका में युवा अखिलेश कुमार यादव ने 50 सहयोगियों के साथ सीएम नीतीश कुमार में विश्वास दिखाया और पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मुख्य अथिति पटना महानगर अध्यक्ष आसिफ कमाल और प्रवक्ता अनंत अरोड़ा थे। अध्यक्षता संजीव कुशवाहा, संचालन पंकज कुशवाहा और धन्यवाद ज्ञापन मनोज कुशवाहा ने किया। अध्यक्ष आसिफ ने संगठन और पार्टी की मजबूती पर बल दिया। नए सदस्यों का अभिनंदन किया गया। अनन्त अरोड़ा ने नीतीश जी के विकास कार्यों पर प्रकाश डाला और नए सदस्यों का अभिनंदन किया। पंकज कुशवाहा, रामप्रवेश, संजीव कुशवाहा ने सदस्यता अभियान को तेज करने की बात कही। कार्यक्रम में पंकज कुशवाहा, अखिलेश यादव, प्रवीण चौधरी, मनोज कुशवाहा, उमेश जी, सुरेश कुमार सिंह, कुंदन कुमार, सुजीत कुमार, प्रमोद कुमार, संजय कुमार, शिव कुमार मेहता आदि उपस्थित थे।

# रोटरी सिटी सम्राट में मनाया 16वां स्थापना दिवस, अनेक सम्मानित

## देवराज अध्यक्ष, देवेश सचिव व राजीव कोषाध्यक्ष का प्रभार लिया

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



रोटरी पटना सिटी सम्राट का 16वां पदस्थापना दिवस समारोह स्थानीय केएल7, राजा घाट में मनाया गया। इसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम के चेयरमैन रंजीत प्रभाकर ने किया। समारोह में विगत वर्ष 2023-24 के अध्यक्ष मनोज कुमार ने वर्तमान सत्र 2024-25 के अध्यक्ष देवराज बल्लभ को कॉलर एवं पिन पहना कर नए सत्र का कार्यभार सौंपा एवं बधाई दी। 2023-24 के पूर्व सचिव अभिषेक पैट्रिक ने न शए सचिव देवेश नवाडिया को कॉलर पहनाकर बधाई दी। वर्तमान सत्र 2024-25 के लिए राजीव कुमार को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया।

समारोह के दौरान सात नए सदस्यों को क्लब की सदस्यता ग्रहण कराया गया। स्कूली बच्चों के बीच में दो साइकिल का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में क्लब का मासिक बुलिटेन दी सम्राट टाइम्स का विमोचन मुख्य अतिथि विस अध्यक्ष नन्दकिशोर यादव के द्वारा किया गया। उन्होंने पौधारोपण किया एवं रोटरी पटना सिटी सम्राट द्वारा समस-समय पर किए जा रहे कार्यों को सराहा एवं नए सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं। अध्यक्ष देवराज बल्लभ ने अपने कार्यकाल के दौरान किए जाने वाले कार्यक्रम के बारे में बताया और दृष्टि दोष से पीड़ित दो हजार लोगों के बीच पावर का चश्मा वितरित करने का लक्ष्य रखा। सचिव देवेश नवाडिया ने भी रोटरी द्वारा किए गए प्रोजेक्ट्स को विस्तार से बताया। सहायक मंडलाध्यक्ष आरबी मिश्रा ने रोटरी के वर्तमान अध्यक्ष एवं सचिव का हौसला आफजाई किया।रोटरी थीम के बारे में पूर्व अध्यक्ष संजीव कुमार यादव ने बताया। कार्यक्रम में क्लब के चार्टर प्रेसिडेंट विजय कुमार यादव, शंखनाद के चेयरमैन सुधीर प्रभात, रोटरी जोन 15 के सहायक मंडलाध्यक्ष दिनेश भदानी, ललित अरोड़ा एवं बीएन कपूर को नेत्र शिविर में महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। संजीव कुमार यादव को डाक्टर्स डे में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मंच का संचालन पूर्व अध्यक्ष राजेश दीवान एवं रुचिता नवाडिया ने किया। कार्यक्रम में रोटरी पटना सिटी सम्राट के रो. सुशील पोद्दार, गोविन्द चौधरी, राम कुमार, प्रकाश कुमार, गोविन्द चौधरी, अरुण कुमार सिन्हा, बीआर चौधरी, कुमुद रंजन, सुनील केसरी, अभिषेक गोलवारा, विनय कु. लाम्बा, उत्कर्ष प्रकाश, सचिन कुमार, राजकिशोर, मुकेश कुमार, अनूप कुमार, एमई हक, अमरनाथ, ललित अरोड़ा, फर्स्ट लेडी सीमा बल्लभ, कविता अरोड़ा, मंजू रंजन, मंजू सिन्हा, पूजा एन शर्मा, नीलम केसरी, सरिता, संगीता कुमारी आदि ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

# मन की बात में पीएम ने बुनकरों को किया प्रोत्साहित

प्रात : किरण, संवाददाता



पटना सिटी (प्राकि)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में रविवार को भाजपा बुनकर प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक संजीव पटवा की उपस्थिति में नारायण भवन, नखास, मंगल अखाड़ा, बुथ संख्या 310, शक्ति केन्द्र पर मन की बात सुनी गई। इस बार मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने बुनकरों के लिए कहा कि आज इस कार्य में बुनकर समाज की महिलाएं कार्य से जुड़ कर बुनकरी को आगे बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। साथ ही इसे और सुसज्जित और सुन्दर बनाने में भी लगी हैं। आने वाले दिनों में बुनकरों को अनेक तरह की योजनाओं को देकर क्लस्टर उद्योग को और अधिक बढ़ावा भी दिया जाएगा। साथ ही प्रधानमंत्री ने महिलाओं को इस कार्य में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने पर प्रोत्साहित भी किया। प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में इन बातों को सुनकर भाजपा बुनकर प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, सदस्य एवं बुनकर समाज खासा उत्साहित है और इन बातों के लिए उन्हें धन्यवाद भी किया है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के मन की बात को सुनने के लिए पटना महानगर किसान मोर्चा के अध्यक्ष सुजीत कुशवाहा, प्रकोष्ठ के सह संयोजक रवि कौशल, ज्योतिष कुशवाहा, सीताराम मेहता, राजू पटेल, इन्द्रजीत कुमार, प्रमोद कुमार, विकाश कुमार, पप्पू शर्मा आदि उपस्थित थे। यह जानकारी प्रकोष्ठ के प्रदेश मीडिया प्रभारी चंद्रप्रकाश तारा ने दी। मौके पर डॉ दिलीप जायसवाल को बिहार प्रदेश भाजपा का अध्यक्ष बनाए जाने पर उन्हें बधाई भी दी गई।

# सोमवारी पर शिवालयों में जलाभिषेक व श्रृंगार आज

**सुचना**

- मंदिरों में हुई तैयारी, लगाया सेवा शिविर, मजिस्ट्रेट व बल की तैनाती

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



सावन माह की दूसरी सोमवारी को लेकर शिवालयों में तैयारी की गई है। गायघाट स्थित गौरी शंकर मंदिर, महाराजगंज के माल्य महादेव मंदिर, तारणी प्रसाद लेन के बाबा मुक्तेश्वरनाथ मंदिर, सादिकपुर के बाबा पटनेश्वरनाथ मंदिर, झाऊगंज के पीतल के महादेव, तिलकेश्वरनाथ मंदिर, खाजेकलां थाना के बाबा थानेश्वरनाथ शिव मंदिर, शिव मंदिर पातो की बाग, पश्चिम दरवाजा शिव मंदिर, अलखिया बाबा के मंदिर, हमाम स्थित श्री श्री विश्वनाथ हनुमान साई मंदिर, घघा घाट शिव मंदिर, सूर्य नारायण मंदिर बालू घाट, रानीघाट भूतेश्वरनाथ, खाजेकलां बड़ी देवी स्थान स्थित शिव मंदिर के साथ अन्य शिव मंदिरों में दर्शन पूजन की तैयारी की गयी है। इसके अलावा लगने वाले सावन मेला की भी तैयारी हुई है। एसडीओ गुंजन सिंह ने बताया कि मेला के दौरान विधि-व्यवस्था कायम रखने थानाध्यक्षों को आवश्यक निर्देश दिया गया है। गायघाट स्थित श्री गौरीशंकर महादेव मंदिर में सावन के चार सोमवारी पर मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी और बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। खुशरूपुर प्रखंड के बैकठपुर स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक के लिए भक्तों का जत्था अशोक राजपथ, सोनपुर स्थित बाबा हरिहर नाथ मंदिर में भी जलाभिषेक को निकले टोली महात्मा गांधी सेतु से गुजर रहा था। सामाजिक संगठनों की ओर से सेवा शिविर लगा कर शिव भक्तों की सेवा की गई।

# 1.84 करोड़ बच्चों को बांटा जायेगा ओआरएस का पैकेट

- बड़े पैमाने पर किया जा रहा स्टॉप डायरिया कैंपेन का प्रचार-प्रसार
- 5 वर्ष तक के बच्चों में समय से डायरिया के लक्षणों की पहचान जरूरी

पटना , प्रात :किरण संवाददाता




पटना- राज्य के सभी जिलों में स्टॉप डायरिया कैंपेन चलाया जा रहा है. अभियान के अंतर्गत आशा कार्यकर्ता अपने क्षेत्र के हर घर का भ्रमण कर 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के बीच ओआरएस पैकेट का वितरण कर रहीं हैं. राज्य में 5 वर्ष से कम उम्र के 1.84 करोड़ बच्चों के बीच ओआरएस पैकेट वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है.

**बड़े पैमाने पर किया जा रहा प्रचार प्रसारः**

राज्य स्वास्थ्य समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अभियान के लिए जिला से लेकर प्रखंड स्तर तक व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है. सभी जगह माईकिंग द्वारा अभियान के बारे में जानकारी दी जा रही है. इसके अलावा दीवाल लेखन, आशा द्वारा पैम्फलेट का वितरण, हाउस टू हाउस काउंसिलिंग के साथ जागरूकता रैली निकली जा रही है. आशा द्वारा घर-घर जाकर ओआरएस का घोल बनाने की जानकारी दी जा रही है. आशा कार्यकर्ता द्वारा डायरिया से ग्रसित बच्चों के अभिभावकों को बताया जा रहा है कि बच्चे को जिंक की खुराक 14 दिनों तक देनी है. 6 माह से कम उम्र के बच्चों को ओआरएस का घोल नहीं देना है, यदि बच्चे में डायरिया के लक्षण दिखाई देते हैं तो अविलंब चिकित्सक से संपर्क करना है. माताओं को बताया जा रहा है कि 6 माह से कम उम्र के बच्चों को स्तनपान कराते रहना है. राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा अभियान के अंतर्गत, राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में जिंक-ओ.आर.एस. कॉर्नर की स्थापना करने का निर्देश दिया गया है, जहां प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी रहेंगे. स्तनपान अमृतपान के समानः डायरिया से ग्रसित बच्चों में तेजी से पानी का ह्रास होता है जिसे निर्जलीकरण कहते हैं. यह खतरनाक स्थिति होती है एवं इससे बचाव के लिए प्राथमिक तौर पर ओआरएस का घोल देने की सलाह दी जाती है. यदि बच्चे की स्थिति में सुधार नहीं होता है तो तुरंत बच्चे को डॉक्टर से दिखाना जरूरी होता है. विशेषज्ञ बताते हैं कि पतला दस्त होने अथवा उल्टी होने पर भी स्तनपान कराने वाली माताओं को स्तनपान कराते रहना चाहिए.

डायरिया के लक्षण को पहचानेंः

बच्चा ज्यादा बीमार लग रहा हो, सुस्त या बेहोश होना, पानी जैसा लगातार दस्त होना, बार-बार उल्टी होना, अत्यधिक प्यास लगना, पानी न पीना, बुखार होना, मल में खून आना, यह सभी दस्त के लक्षण है. इनमें से कोई भी लक्षण दिखाई देने पर तत्काल अपने नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करना चाहिए.

### एनएबीएल की टीम ने किया प्रयोगशाला का निरीक्षण

पटना सिटी (प्राकि)। राष्ट्रीय परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यायण बोर्ड एनएबीएल की टीम के संयुक्त सचिव बाला सुब्रमणियम और तकनीकी मूल्यांकनकर्ता नीलकमल कलिता ने अगमकुआं स्थित राजकीय संयुक्त खाद्य व औषिध प्रयोगशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण में प्रयोगशाला के मूल्यांकनकर्ता डॉ सत्येंदु सागर, गुणवत्ता प्रबंधक डॉ विनय कुमार सिंह, तकनीकी प्रबंधक महेंद्र कुमार सैनी, खाद्य विषलेश्क महेंद्र प्रताप सिंह, सुमन सोनी, श्वेता मिश्र, प्रयोगशाला तनीशियन संजय कुमार, राजेश कुमार, रंजन झा, अरविंद कुमार, अखिल चौधरी, दीपक कुमार, रंजन कुमार गोविंदा आदि उपस्थित थे। संस्थान के अधिकारियों ने बताया कि बोर्ड की ओर से दिए गए मान्यता के आधार पर प्रयोगशाला में कानूनी जांच होगा। इसके आधार पर मिलावटी खाद्य पदार्थ मिलने की स्थिति में कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

# स्वर्ण व्यवसायियों की सुरक्षा को लेकर थाने में बैठक का आयोजन किया गया

प्रात :किरण संवाददाता



दानापुर खगौल रविवार को थाना के प्रांगण में स्वर्ण व्यवसायियों की सुरक्षा को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में स्वर्ण में व्यवसायियों ने अपनी सुरक्षा के साथ-साथ सुझाव को भी रखा। स्वर्ण व्यवस्थाओं को कहना था पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी आर्य समाज रोड से होकर कभी नहीं गुजरती है। वहीं कुछ व्यवसाय में बतलाया कि आए दिन जब कोई ग्राहक उनके पास से सामान लेकर जाते हैं तो घात लगाए बैठे चोर उचक्के लोग उनके पर्स से उनका सामान व मोबाइल फोन बड़े ही आसानी से निकलकर फरार हो जाते है। वही कुछ व्यवसायों ने बतलाया कि सीसीटीवी कैमरा के नीचे फुटकर विक्रेता त्रिपाल लगा देते है। इसके कारण कुछ नजर नहीं आते है। वही पुलिस की गस्ती नहीं होने के कारण बाजार के अधिकतर फुटकर विक्रेता सड़कों के बीच में ही अपने दुकान सजाकर बैठे रहते है। जिसके कारण काफी जाम की समस्या बनी रहती है, जिसके कारण चोर उचक्कों को चोरी व छीनतई करके भागने में बाद आसानी होता है। कुछ व्यवसाईयों ने बतलाया कि बालिका स्कूल के पास कुछ चोर उचक्के खुलेआम सूखे नशे का सेवन करते नजर आते है। इधर पूरे बाजार के साथ मोती चौक पर भी अवैध रूप से हवा हवाई व टेंपो की गाड़ियां खड़ी रहती है जिसके कारण जाम की विकराल समस्या बनी रहती है और एक मोटरसाइकिल से गुजरने में भी घंटों का समय लगता है। स्वर्ण व्यवसाईयों की सारी समस्या एवं सुझाव सुनने के बाद खगौल थाना अध्यक्ष सुनील कुमार ने स्वर्ण व्यवस्थायों को पुलिस की ओर से उनकी हर तरह की सुरक्षा देने का आश्वासन कर देते हुए कहा कि अब मोती चौक पर कोई भी हवा हवाई या टेंपो गाड़ी नहीं खरी रहेगी पुलिस की गस्ती गाड़ी वहां पर हर वक्त मौजूद रहेगी। उन्होंने दुकानदारों को भी सीसीटीवी कैमरा लगाने का अनुरोध किया।साथ ही थाना एवं अपना पर्सनल नंबर देते हुए कहा कि कोई भी समस्या हो तो इन नंबरों पर डायल करे 112 नंबर डायल को भी सूचित करे। थाना अध्यक्ष ने बताया कि जो भी व्यक्ति जेवर बेचने आए उनका फोटो उसके जेवर के साथ अवश्य खींच ले और उसके आधार कार्ड उसका हस्ताक्षर जरूर ले ले ताकि आने वाले समय में कोई परेशानी का सामना न करना पड़े इस बैठक में थाना अध्यक्ष सुनील कुमार, अपर थाना प्रभारी अमित गुप्ता, सब इंस्पेक्टर एकता कुमारी दिनेश ठाकुर जितेंद्र उपाध्याय के साथ स्वर्ण व्यवसाय आनंद कुमार उदय कुमार राजेश कुमार मदन जी वर्मा नीरज सोनी राजन कुमार सहित अन्य स्वर्ण व्यवसाय समेत पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुनील कुमार व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष उमा प्रसाद गुप्ता भारत पोद्दार अजय कुमार चंदू प्रिंस सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# तीन दिवसीय साहित्य संगीत एवं नाट्य समागम का हुआ शानदार आगाज

- कला संस्कृति विभाग कला और कलाकारों को प्रोत्साहित और संरक्षित करने का काम करती हैः हरजोत कौर
- हम सभी विधा के कलाकारों को मंच देने के लिए संकल्पित हैंः ममता मेहरोत्रा

पटना , प्रात :किरण संवाददाता



कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार के तत्वॉवधान में साहित्यिक संस्था सामयिक परिवेश द्वारा आयोजित तीन दिवसीय साहित्य, संगीत एवं नाट्य समागम आज से शुरू हो गया। पहले दिन कार्यक्रम का उद्घाटन कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार की अपर मुख्य सचिव हरजोत कौर ने किया । उद्घाटन के अवसर पर सुमन कुमार निदेशक,कला जागरण, दीपक कुमार शाखा प्रबंधक एचडीएफसी बैंक पटेल नगर, सामयिक परिवेश की संस्थापिका ममता मेहरोत्रा, सचिव अशोक कुमार सिन्हा, वरिष्ठ पत्रकार मुकेश महान, विभा सिंह और सविता राज उपस्थित थे। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने कहा कि कला संस्कृति विभाग का काम ही कला और संस्कृति को प्रोत्साहित और संरक्षित करना है। विभाग आगे भी ऐसा करता रहेगा। उन्होंने ऐसे समृद्ध कार्यक्रम के लिए आयोजकों का धन्यवाद भी दिया।

मौके पर सामयिक परिवेश की संस्थापिका ममता मेहरोत्रा ने कहा कि हम लगातार काम कर रहें हैं । इस आयोजन के बहाने सभी विद्धा के कलाकारों और साहत्यकारों को पटना के मंच पर एकत्रित करने का काम लगातार 9 वर्षो से करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी संस्था कलाकार और साहित्यकारों को मंच देने के लिए संकल्पित है।

पहले दिन प्रेमचंद रंगशाला में देश के नामचीन कवियों ने अपनी कविताओं का पाठ किया। कविता पाठ करने वाले कवियों में प्रेमकिरण, भगवती प्रसाद द्विवेदी ,संजय कुंदन, नसीम अख्तर, समीर परिमल,डा. प्रतिभा रानी, मीना परिहार, राजकांता, सविता राज आदि प्रमुख थे। इसके पहले लिटेरा पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा संगीत एवं नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति हुई। इसक साथ ही ममता महरोत्रा की नई पुस्तक मंदिर यात्रा का लोकार्पण भी हुआ।

पहले दिन कार्यक्रम का समापन ममता मेहरोत्रा की कहानी पर आधारित नाटक बुनकर की बेटी के मंचन के साथ हुआ। नाट्य संस्था कला जागरण द्वारा प्रस्तुत इस नाटक का निर्देशन सुमन कुमार ने किया था।

# रैफ ने शांति समिति सदस्यों से लिया सुझाव, मिलकर मनाएं त्योहार

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

सुल्तानगंज थाना परिसर में रैपिड एक्शन फोर्स 114ए कम्पनी के साथ शांति समिति के सदस्यों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता रैफ के सहायक कमांडेंट संजीत कुमार, इंसपेक्टर जगमिंदर सिंह एवं संचालन थानाध्यक्ष अजय कुमार ने किया। आगामी चेहल्लुम, दुगार्पूजा, दिवाली एवं अन्य त्योहार को देखते हुए शांति समिति के सदस्यों को सभी पर्व में आपसी सौहार्द, प्रेम एवं भाईचारा के साथ मनाने की अपील की। सुल्तानगंज थाना के सभी मोहल्ले के चौक-चौराहे व गलियों के रूट की जानकारी ली। भीड़ भाड़ में बुद्धिजीवी के साथ मिलकर सहयोग करने एवं अफवाहों से बचने का मार्ग दर्शन दिया गया। खासकर भ्रम फैलाने वाले सोशल मीडिया पर अकुंश लगाने एवं समाज के बीच सूचना फैलाने पर रोक लगाना जरूरी है। सभी जाति एवं धर्म के लोगों को इंसानियत के नाते किसी तरह की घटना होने एवं दंगा फसाद की स्थिति में एक-दूसरे समुदाय के बीच शांति बनाने के लिए प्रशासन को सहयोग कर देश और समाज को अस्थिर होने से बचाना है। बैठक के बाद सभी रैफ के पदाधिकारी जवानों, थाना के पुलिस बल तथा शांति समिति के सदस्यों के साथ मिलकर सुल्तानगंज थाना से फ्लैग मार्च करते हुए पत्थर की मस्जिद, तेराहे की मस्जिद, शाहगंज, मुसल्लहपुर हाट, मोहम्मदपुर, महेन्द्रू एवं ट्रेनिग स्कूल, मलेरिया आॅफिस होते हुए थाना वापस लौटे। बैठक में पार्षद बैजू लाल दास, गणेश कुमार, रमेश रजक, मधुरंजन कुमार चुन्नी, विश्वनाथ पाण्डेय, अंजुम आलम, शहजाद करीम, मंसूर आलम, अरुण सिन्हा आदि ने भाग लिया।

# भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने कामरेड चारु मजुमदार को दी श्रद्धांजलि

बिक्रम। गोपाल विद्यार्थी भाकपा माले के संस्थापक शाहिद कॉमरेड चारु मजूमदार की 52वा पुण्यतिथि पर रविवार को प्रखंड क्षेत्र के दनारा , गुलामिचक, रही, बलयारी, अख्त्यारपुर चिचौड़ा बेरी, कटारी, निसरपुरा ,मंझौली, बेनीविघा समेत दर्जनों गांवों में श्रद्धांजलि समरोह आयोजित कर शहीद कॉमरेड चारु मजूमदार के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। मौके पर भाकपा माले नेता कॉमरेड शंकर पासवान ने पार्टी कार्यकताओं व समर्थकों से हक दो वादा निभाओ, बढ़ते अपराध बलात्कार पर रोक लगाओ, बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दो, शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार का प्रबंध करो जैसे चलाए जा रहे पार्टी के अभियानो को सफल बनाने की अपील की` अन्य वक्ताओं ने कहा कि सरकार को गरीबों को, दो लाख अनुदान की राशि के लिए आय प्रमाण पत्र निर्गत करने, दाखिल खारिज में घुस पर रोक लगाने, परचाधारियों को दखल कब्जा दिलाने, गरीबों को 5 डिसमिल जमीन, व पक्का मकान देने जैसे योजनाओं की मांग की` मौके पर आयोजित संकल्प सभा अभियान में भाकपा माले के जिला कमिटी अवधेश पासवान, इंकलाबि नौजवान सभा के पंचम कुमार, सजीवन दास, ललन सिंह, बिजेंदर पासवान, सुचिंद्र राम, देवेंद्र पासवान, नंदकेश्वर पासवान, भोला मियां व रौशन कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चोरी की मोटरसाइकिल के साथ पुलिस ने एक को पकड़ा

## आलमगंज थाना क्षेत्र से सात जुलाई को की गई थी चोरी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



पुलिस के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर विशेष वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी कड़ी में मालसलामी थाना की पुलिस भी सक्रिय थी। अभियान के दौरान दमरही घाट पानी टंकी रोड के पास से एक युवक को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने कहा कि पकड़ा गया युवा नदी थाना क्षेत्र के जेठुली का रहने वाला हिमांशु कुमार पिता चमारिक राय है। उसके पास से चोरी का मोटरसाइकिल, जिस पर रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 01सीडब्ल्यू 1909 लिखा था, के साथ पकड़ा गया। उसने बताया कि 13 जुलाई को आलमगंज थाना अंतर्गत उसके द्वारा यह बाइक चोरी की गई थी। आलमगंज थाना से जानकारी लेने पर बताया गया कि 13 जुलाई को मोटरसाइकिल चोरी के संबंध में कांड संख्या 569/24 दर्ज है। टीम में परि पुअनि अविनाश कुमार, अमित कुमार, सुमित कुमार, एएसआई ओम प्रकाश यादव, पीटीसी अनवर आलम, सिपाही अमृता रानी शामिल थीं।

# प्रतियोगिता में महिलाओं ने हथेली पर रचाई मेहंदी

पटना सिटी (प्राकि)।

सावन माह में सब कुछ हरे-भरे हो जाते हैं। बच्चियां हों या युवतियां या फिर महिलाएं, सभी हरे परिधान में सज-धज कर सावन के झूलों में जमकर मस्ती का आनंद लेते हैं। ऐसा ही मौका था बाजार समिति के बकरी मंडी स्थित मॉम्स पल्यूम प्ले प्री स्कूल में आयोजित सावन महोत्सव का। यहां स्कूल शिक्षिकाओं संग अभिभावकों ने जमकर मस्ती की। महोत्सव के तहत मेहंदी प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। इसमें महिलाओं ने मेहंदी है रचने वाली, चिट्ठियां कलाइयां, ससुराल गेंदा फूल, मेहंदी नी मेहंदी गाने गुनगुनाती रहीं। महिलाओं ने सावन गीतों पर सामूहिक नृत्य पेश कर धमाल मचाया और ठुमके लगाए। मौके पर स्कूल की हेड मिस्ट्रेस मिसेज अध्यायनी, शिक्षिका खुशबू कुमारी, मेहरू निशा, सीमा कुमारी, लवली कुमारी, बिंदु कुमारी, उषा देवी, संगीता देवी व अभिभावकों में सलोनी गुप्ता, शालू कुमारी, अमृता, मीनाक्षी, अंजली कुमारी, ज्योति मेहता, सुनैना कुमारी, जेबा आजम, रश्मि, मोनिका शाह, अंजली कुमारी ने रैम्प पर कैटवॉक किया, तो पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। अंत में मेहंदी प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

# त्वचाविज्ञान का बदलता स्वरूप एक आदर्श बदलाव : डॉ जीके पाल

## एम्स पटना में त्वचाविज्ञान विभाग द्वारा लाइव डमेटीसर्जरी कार्यशाला का आयोजन





प्रात : किरण, संवाददाता

पटना। आईएडीवीएल अकादमी, आईएडीवीएल बिहार और एसआईजी डमेटीसर्जरी के सहयोग से प्रोफेसर डॉ. जी.के. पाल, कार्यकारी निदेशक एम्स पटना के संरक्षण में त्वचाविज्ञान विभाग द्वारा लाइव डमेटीसर्जरी कार्यशाला का आयोजन किया गया था। बिहार के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के त्वचा विशेषज्ञों और स्नातकोत्तर निवासियों को प्रशिक्षित करने के लिए कई बेहतरीन त्वचा सर्जरी की गईं। कार्यशाला के लिए एम्स पटना और राष्ट्रीय स्तर के संकाय प्रशिक्षक थे। प्रोफेसर डॉ. जी.के. पाल ने इस पहल के लिए त्वचाविज्ञान विभाग को प्रोत्साहित किया और बधाई दी। डॉ. जी.के. पाल ने विस्तार से बताया कि कैसे त्वचाविज्ञान न केवल चिकित्सा उपचार के कारण बल्कि त्वचासर्जरी और सौंदर्यशास्त्र की अपनी बढ़ती उप शाखा के कारण शीर्ष शाखा के रूप में आ गया है। इस कार्यक्रम में एम्स पटना के अन्य गणमान्य व्यक्ति, डीन एकेडमिक, डीन स्टूडेंट्स अफेयर्स, मेडिकल सुपरिटेंडेंट, डीडीए शामिल हुए। लाइव कार्यशाला में 120 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया और विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी ली।

### कंगन घाट में स्नान के दौरान युवा डूबा, नहीं मिला शव

पटना सिटी। चौक थाना क्षेत्र के कंगन घाट पर स्नान करने दो साथी रविवार को पहुंचा। इसमें से एक की डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना चौक थाना की पुलिस को मिलने के बाद एसडीआरएफ की टीम को शव को खोजने के लिए लगाया गया। मगर अंधेरा होने के पहले तक शव को नहीं खोजा जा सका था। दरअसल दीदारगंज थाना क्षेत्र के महुली का रहने वाला रितिक कुमार अपने मित्र सूर्यभान सिंह के साथ यहां स्नान करने आया था, जहां वह बच गया जबकि उसका साथी सूर्यभान गंगा नदी में डूब गया। सूर्यभान का भाई नीतीश कुमार ने बताया कि सूर्यभान ड्यूटी से लौट कर घर पर सोया हुआ था। रितिक ही उसे उठाया और घूमने के बहाने लेकर कंगन घाट चला आया।

### लापता राजवीर की गमछा से गला घोंट व ब्लेड मार की गई थी हत्या

पटना सिटी। बाइपास थाना क्षेत्र के बेगमपुर पारपोखरा मंडई मुहल्ला में पिछले दिनों से लापता पिंकू पासवान के 18 वर्षीय पुत्र जसवीर कुमार की हत्या के मामले में पुलिस ने एक किशोर को हिरासत में लिया है। पुलिस उससे पूछताछ की है। पूछताछ के बाद यह पता चला है कि। राजवीर की हत्या उसके साथियों ने गमछा से गला घोंट और ब्लेड मार कर की है। इसके शव को पानी भरे गड्ढा में फेंक दिया गया था, ताकि पानी में शव के गलने व सड़ने से उसकी पहचान नहीं हो पाए।पुलिस ने बताया कि मामले में फरार दोस्तों की तलाश में पुलिस की टीम छापेमारी कर रही है। विदित हो कि बीते 24 जुलाई की रात को जसवीर श्राद्ध भोज में शामिल होने के लिए इस्माइलपुर दोस्तों के साथ निकला था। इसके बाद से वह लापता था। शनिवार को उसका शव पानी से भरे गड्ढा में घर के पास ही देखा गया था। डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार ने बताया कि घटना से जुड़े हर बिंदु पर छानबीन की जा रही है।

# चार दिवसीय नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली गई

दानापुर। नगर के अंतर्गत खगौल कैंट रोड में आयोजित चार दिवसीय नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाला गया। गायत्री मंत्र व जयकारा के साथ रविवार को गायत्री हॉस्पिटल खगौल रोड से कलशयात्रा निकाली गयी। गाजे-बाजे के साथ निकली कलशयात्रा में 108 कन्याएं, महिलाएं व पुरुष शामिल हुए। पीले वस्त्र में सुसज्जित महिलाए कन्या व पुरूष माथे पर कलश लेकर नगर भ्रमण करते गंगा घाट पर पहुंचे। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में गंगा जल भरा गया। गंगाघाट से गंगाजल कलश में लेकर श्रद्धालु यज्ञ स्थल पर पहुंचे। कलश यात्रा में मुख्य रूप से उषा सिंह, शांति सिंह, खुशबू, कामेश्वर, दिनकर, विनोद, मिंटू गुप्ता, पूनम कुमारी डिंपल सिन्हा मीनू कुमारी उषा देवी नीतीश, भोला, निशांत आदि भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए

### डॉ दिलीप के नेतृत्व में नई बुलंदी हासिल करेगी भाजपा : प्रभाकर

भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल को प्रदेश की कमान सौंपे जाने पर प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि श्री दिलीप जायसवाल के नेतृत्व में भाजपा बिहार में सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित करेगी। उनकी कर्मठता और अनुभव से पार्टी को प्रदेश में नयी गति मिलेगी। श्री मिश्र ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष सोमवार को दिल्ली से पटना लौट रहे हैं। उनके स्वागत के लिए भाजपा के नेता और कार्यकताओं के बीच उत्सवी माहौल है। यह तय है कि भाजपा 2025 विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल करेगी। श्री मिश्र ने कहा कि डॉ दिलीप जायसवाल सीमांचल के कद्दावर नेता और एक अच्छे राजनेता होने के साथ-साथ बेहतर संगठनकर्ता भी हैं।

# डेंगू एवं चिकनगुनिया से निपटने की मुकम्मल तैयारी: मंगल

## मंत्री बोलें- लोगों को सुरक्षित रखने के लिये स्वास्थ्य विभाग प्रतिबद्ध

- सभी अस्पतालों व स्वास्थ्य केंद्रों पर डेडिकेटेड बेड की होगी व्यवस्था

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



सूबे के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि राज्य में डेंगू एवं चिकनगुनिया बीमारी से लोगों को सुरक्षित रखने के लिये स्वास्थ्य विभाग प्रतिबद्ध है। डेंगू व चिकनगुनिया का प्रसार बढ़ने से पूर्व ही स्वास्थ्य विभाग ने मुकम्मल तैयारी पूर्ण कर ली है। जिसके तहत राज्य के सभी चिकित्सा महाविद्यालय, सदर अस्पताल के साथ-साथ प्रखंड स्तर के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों पर डेडिकेटेड बेड की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा स्वास्थ्य संस्थानों पर डेंगू जांच किट, ब्लड प्लेटलेटस और दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। श्री पांडेय ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 2, जिला अस्पताल में 10 और राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों में 20 मच्छरदानी युक्त डेडिकेटेड बेड की व्यवस्था की गई है। आवश्यकता अनुसार सभी सरकारी संस्थानों में डेडिकेटेड बेड की संख्या बढ़ाने का भी निर्देश दिया गया है। श्री पांडेय ने कहा कि आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए सभी जिलों में एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। साथ - साथ जिलों में डेंगू प्रभावित जगहों को चिन्हित कर बीमारी बढ़ने के कारणों का पता लगाने का आदेश दिया गया है। वहीं राज्य के हवाई-अड्डों, रेलवे स्टेशनों एवं बस स्टैंडों पर रैपिड रिस्पांस टीम (आरआरटी) गठित कर यात्रियों में संभावित डेंगू मरीजों की जांच की जाएगी। डेंगू बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अंतर विभागीय समन्वय स्थापित होगी। जिलों को पोर्टबल थर्मल फॉगिंग मशीन की स्थिति का आंकलन कर पर्याप्त संख्या में उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया है। श्री पांडेय ने कहा कि डेंगू बीमारी के प्रति आमजनों को जागरूक करने के लिए राज्य के सभी जिले में व्यापक प्रचार- प्रसार पर जोर देने को कहा गया गया है। राज्य, जिला एवं चिकित्सा स्थान स्तर पर डेंगू नियंत्रण कक्ष की स्थापना करने का भी निर्देश दिया गया है। राज्य के सभी निजी व सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों से डेंगू की जांच प्रतिवेदन रिपोर्ट प्रतिदिन आईएचआईपी पर अपलोड करने को कहा गया है, ताकि डेंगू के वास्तविक प्रसार का अंदाजा लगाया जा सके।

# भाजपा नेताओं ने प्रदेश कार्यालय में सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात

- एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाएं : दलसानिया

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



बिहार भाजपा के प्रदेश कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसंवाद कार्यक्रम ह्यमन की बातह्व को भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया समेत तमाम नेता और कार्यकताओं ने बैठकर सुना। रविवार को भाजपा कार्यालय में मन की बात कार्यक्रम को सुनने वालों में प्रदेश संगठन महामंत्री के अलावा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र जी, प्रदेश महामंत्री मिथिलेश तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष ललिता कुशवाहा, प्रदेश मंत्री संजय गुप्ता, पूर्व मंत्री व विधायक आलोक रंजन झा, श्यामबाबू यादव, विजय खेमका, मुख्यालय प्रभारी अरविंद शर्मा, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी प्रभात मालाकार, अमित प्रकाश बबलू, राजेश सिंह, अमरेन्द्र ठाकुर शांडिल्य, डॉ सुग्रीव, मीना झा, राधामोहन शर्मा, विन्ध्याचल राय सहित प्रदेश के पदाधिकारी, नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के बाद संगठन महामंत्री दलसानिया ने कहा कि प्रधानमंत्री ने मन की बात में संस्कृति और राष्ट्रभक्ति की चर्चा करते हुए कहा कि कोई भी देश अपनी संस्कृति पर गर्व करके ही प्रगति कर सकता है। इस संबंध में भारत में किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने परियोजना ह्यपरीह्व का उल्लेख किया, जिसका अर्थ है पब्लिक आर्ट ऑफ इंडिया है। प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त नजदीक आने पर हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेने के लिए भी कहा। उन्होंने रेखांकित किया कि हर घर तिरंगा अभियान तिरंगे की शान को कायम रखने का एक अनूठा उत्सव बन गया है। उन्होंने लोगों को तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया।

श्री दलसानिया ने मन की बात सुनने के बाद लोगों से प्रधानमंत्री के मन की बात को सभी बूथों पर सुनने का आह्वान किया। उन्होंने लोगों से कहा कि एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाएं। इस दौरान उन्होंने लोगों के पौधा लगाने के उत्साह को देखकर प्रसन्नता भी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हम सभी के लिए एक बड़ा उत्सव है। इस मौके पर हर घर पर तिरंगा फहरे यह गौरव की बात है।

# बिहार में अगली सरकार जन सुराज की ही बनेगी : प्रशांत किशोर

## गांवों से चुने गए सही सोंच वाले सही लोग ही बनेंगे जन सुराज के नेता



- पहला प्रदेश अध्यक्ष दलित समाज से ही होगा

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

जन सुराज के संस्थापक और पदयात्रा अभियान के प्रणेता प्रशांत किशोर ने घोषणा की है कि वे जन सुराज के न तो नेता थे और न आगे रहेंगे।वे गांव से सही लोगों को चुन रहे हैं और उसी सही लोगों के बीच से बिहार का नेता आप सभी कार्यकताओं की सहमति से बनाया जाएगा। वे रविवार को पटना स्थित बापू सभागार में जन सुराज द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने साफ कहा कि बिहार में 2029 नहीं 2025 में सरकार बनाएंगे और तब नये बिहार के निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अंतिम पीढ़ी है जो मजदूरी करने दूसरे प्रदेशों में पलायन कर गए हैं। जन सुराज की सरकार बनते ही पलायन तो रोका ही जाएगा तथा दूसरे प्रदेशों में गये लोगों को भी यहां बुलाकर रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। प्रशांत किशोर ने कहा कि जन सुराज पूरी तरह जनतांत्रिक व्यवस्था से अपने नेता का चुनाव करेंगे। उक्त जानकारी आज यहां जारी एक बयान में जन सुराज के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय कुमार ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि जन सुराज के अध्यक्ष की कार्यावधि एक वर्ष की होगी तथा बारी बारी से सभी वर्गों जिसमें दलित, मुस्लिम,अति पिछड़ा, पिछड़ा और सवर्ण जातियां शामिल हैं को प्रदेश का नेतृत्व सौंपा जाएगा। यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि समाज में सबसे पिछड़ा, अशिक्षित और कमजोर वर्ग दलित समाज है इसलिए पहला प्रदेश अध्यक्ष दलित समाज से बनाया जाएगा। पीके ने घोषणा की कि आगामी दो अक्टूबर को एक करोड़ संस्थापक सदस्यों में से डेढ़ लाख संगठन के पदाधिकारियों की मौजूदगी में जन सुराज राजनीतिक दल के रूप में परिवर्तित होगा जिसका नाम जन सुराज पार्टी होगा। आज की कार्यशाला में सात सदस्यीय चुनाव समिति की घोषणा की गई जिसमें पूर्व वैज्ञानिक ई आर एन सिंह, पूर्व शिक्षक डॉ भूपेंद्र यादव, अधिवक्ता गणेश राम, डाक्टर मंजर नसीम, पूर्व आइएएस अरविंद सिंह, पूर्व आईएएस सुरेश कुमार शर्मा एवं श्रीमती स्वर्णलता सहनी शामिल हैं। इस अवसर पर 131 सदस्यीय संविधान समिति की भी घोषणा की गई जो जन सुराज पार्टी के संविधान निर्माण में अपनी भूमिका निभाएंगे। कार्यशाला का संचालन प्रसिद्ध शायर डाक्टर शकील मोइन तथा अधिवक्ता गणेश राम ने किया। सभा को पूर्व सांसद मोनाजिर हसन, पूर्व विधायक किशोर मुन्ना, विधानपार्षद अफाक अहमद, संतोष महतो आदि नेताओं ने संबोधित किया।

# नीति आयोग की बैठक में गरीबों, किसानो व युवाओं पर हुई विशेष चर्चा: चिराग

- केन्द्रीय मंत्री ने ममता बनर्जी के आरोपों को बताया बेतुका
- कहा- उनका आचरण गलत

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के शनिवार को दिल्ली में नीति आयोग की बैठक में उनका माइक बंद करने के आरोप को केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने सफेद झूठ करार दिया है। केंद्रीय मंत्री ने रविवार को कहा, नीति आयोग की बैठक में मैं भी मौजूद था। यह पूरी तरह से झूठा आरोप है कि बैठक के दौरान किसी का माइक बंद कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि माइक का नियंत्रण वहां बैठे किसी व्यक्ति के हाथ में नहीं है। यह नियंत्रण व्यक्ति के खुद की हाथ में है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सुनना चाहते थे कि ममता बनर्जी बजट के बारे में क्या कहना चाहती हैं। लेकिन ममता बनर्जी का आचरण गलत था क्योंकि वह भड़क गईं और बैठक बीच में ही छोड़कर चली गईं। वो सरासर झूठ बोल रही थीं। वहां समय की बाध्यता थी लिहाजा जब उनका समय खत्म हुआ तो उनको रिमाइंड कराया गया। इसके बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एकदम से उत्तेजित हो गईं और बैठक को बीच में छोड़कर चली गईं। यह आचरण गलत है। अगर आपको अपनी बात रखनी है। कोई नाराजगी भी है तो आप वहीं पर नाराजगी जाहिर करतीं। आपको बोलना था कि हमें और बोलना है। हम सब भी वहां मौजूद थे। इसके साथ ही चिराग पासवान ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री स्वयं उनको सुनना चाहते थे। वित्त मंत्री वहां पर मौजूद थी। वह भी चाहती थीं कि वो बजट को लेकर अपनी बातों को रखें लेकिन जिस तरीके से उनका आचरण था। इससे ऐसा लगता है कि विपक्ष पहले से ही यह सोच समझकर आया था कि वो इस मामले को डायवर्ट करेंगे। श्री चिराग ने कहा कि गरीबों, अन्नदाताओं, युवाओं पर विशेष कर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। साथ ही चिराग पासवान ने कहा कि किसी भी राज्य को ऐसा लगता है कि उनके साथ नाइंसाफी हुई है तो यही वो मंच है, जहां जाकर आप अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। इस बजट में प्रमुखता से गरीबों, अन्नदाताओं, युवाओं, महिलाओं का जिक्र किया गया। केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि क्या आरजेडी को खुशी नहीं होनी चाहिए कि बिहार को एक बड़ी राशि आवंटित की गई है। बाढ़ को लेकर 11 हजार करोड़ की राशि बिहार को आवंटित की गई है। लंबे समय से जो बिहार और बिहारियों की मांग को पूरा किया गया है। अगर अभी भी आरजेडी और कांग्रेस सवाल उठाती है तो ये वही लोग हैं, जो बिहार का विकास नहीं चाहते हैं।

# भारत विश्व की तृतीय आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर : अरविन्द सिंह



पटना। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में काफी तेजी से विकास कर रहा हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की स्थिति 2014 के पहले कांग्रेस कार्यकाल में 2 ट्रिलियन डॉलर के साथ दसवें स्थान पर थी। और भारत विश्व के कमजोर पांच देशों में शामिल था लेकिन 2014 के बाद श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार बनने के बाद आज 3.75 ट्रिलियन डॉलर के साथ हम विश्व में पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की यात्रा में एक और बड़ा कदम बढ़ाते हुए भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 670.86 अरब डॉलर के पार पहुंच चुका है। बजट की नवीन योजनाओं के बाद यह आंकड़ा और अधिक बढ़ेगा और हम जल्द अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे। श्री अरविन्द ने कहा की भारत का रक्षा निर्यात 2014 के पहले कांग्रेस कार्यकाल में मात्र 686.27 करोड़ था लेकिन 2014 के बाद मा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्यकाल में भारत का रक्षा निर्यात भारी वृद्धि के साथ बढ़कर 21,083 करोड़ हो गया हैं। कांग्रेस के कार्यकाल में 2014 के पहले देश में मात्र 350 स्टार्ट-अप था, लेकिन मोदी सरकार में 2014 के बाद ये विभिन्न सेक्टर्स में प्रचंड वृद्धि के साथ बढ़कर 1,42,659 हो गए हैं। कांग्रेस कार्यकाल में 2014-15 के पहले मोबाइल उत्पादन मात्र 18,900 करोड़ रुपए था जो मोदी सरकार में बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 4,10,000 करोड़ रुपए हो गया हैं, जो 2000 प्रतिशत की वृद्धि हैं। श्री अरविन्द ने कहा कि मोदी सरकार विभिन्न सेक्टर्स में आधुनिकता को अपनाते हुए सुधार, परिवर्तन और प्रदर्शन की नीति के साथ तिगुना तेजी से भारत को विश्व की तृतीय आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए पूरी दृढ़ता के साथ अग्रसर हैं।

# रणवीर सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों ने रालोमो की सदस्यता ग्रहण की



पटना। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा की उपस्थिति में पटना विश्वविद्यालय के सुमित कुमार सिंह उर्फ रणवीर सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों छात्र छात्राओं ने पार्टी के पटना स्थित कैम्प कार्यालय में सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर सभा को सम्बोधित करते हुए श्री कुशवाहा ने कहा कि वो स्वयं पटना विश्वविद्यालय के छात्र रहे हैं। इसलिए पार्टी से पटना विश्वविद्यालय से इतनी बड़ी संख्या में छात्रों का जुड़ना मेरे लिए विशेष महत्व की बात है। पार्टी के छात्र प्रकोष्ठ की यह विशेष जिम्मेदारी है कि पार्टी को बिहार के हर विश्वविद्यालय तक लेकर जाएं। पार्टी के विचारों के साथ युवा पीढ़ी को जोड़ना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। रालोमो बिहार की शिक्षा व्यवस्था की बेहतरी के लिए लगातार प्रयासरत है। इसमें छात्र छात्राओं की भी भूमिका महत्वपूर्ण है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नितिन भारती ने कहा कि बैठक की अध्यक्षता प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी ने की। मंच संचालन छात्र प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विराट कुशवाहा ने की। इस अवसर पर रालोमो के अन्य वरिष्ठ नेता प्रशान्त पंकज, अंगद कुशवाहा, बसन्त पटेल, स्मृति कुमुद, ई0 हेमन्त कुमार आदि भी उपस्थित थे।

# सम्मानित हुए रालोमो के प्रदेश प्रवक्ता राम पुकार सिन्हा

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश महासचिव व प्रवक्ता तथा ढाका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्यासी राम पुकार सिन्हा को साहित्य लेखन व प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार उन्हें कोलकाता में डॉक्टर कलाम यूथ लीडरशिप कॉन्फ्रेंस 2024 द्वारा दो दिवसीय 27 एवं 28 जुलाई को आयोजित कार्यक्रम में डॉक्टर कलाम लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया गया। इस मौके पर भारत सरकार द्वारा पदमश्री से सम्मानित निरंजन गोस्वामी,श्रीलंका की प्रख्यात शिक्षाविद प्रो इन्तेजा करीम, असम की प्रख्यात महिला सामाजिक कार्यकर्ता व शिक्षाविद डॉ अर्चना भट्टाचार्य, ख्वाब फाउंडेशन की चेयरमैन व शिक्षाविद मुन्ना कुमार, फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो अमित कुशवाहा समेत बांग्लादेश, नेपाल, भूटान एवं भारत के एक दर्जन से ज्यादा राज्यों के प्रतिनिधियों ने शिरकत किया। इस अवसर पर श्री सिन्हा को मेडल, प्रशास्ति पत्र, कलाम साहब की बड़ी स्टेचू एवं नकद चेक प्रदान किया गया।

# अतिपिछड़ों को राजनीति में 36 प्रतिशत हिस्सेदारी सुनिश्चित हो : लोजपा आर



पटना। अतिपिछड़ों को राजनीति में 36 प्रतिशत हिस्सेदारी सुनिश्चित हो। रविवार को पटना के आईएमए हॉल में लोजपा रामविलास के अतिपिछड़ा कार्यकर्त्ता सम्मान-समारोह में उक्त आशय का प्रस्ताव पारित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता लोजपा रा अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार और संचालन प्रधान महासचिव विनय कुमार गुडु ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए,लोजपा रा के राष्ट्रीय महासचिव डॉ.सत्यानंद शर्मा,युवा लोजपा के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार पासवान,अतिपिछड़ा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गणेश गुप्ता, ललन साह,अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव अफरोज आलम,अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के कार्यकारी अध्यक्ष शंकर शर्मा,पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु पासवान,रामभरोस शर्मा,अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष परमानंद शर्मा,सुरेश मुखिया,प्रो. विधान चन्द्र भारती, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव सियाराम यादव,पार्टी के प्रदेश सचिव दिलीप यादव, सुदीप्त कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अतिपिछड़ों को सभी राजनैतिक दलों में उपेक्षा का शिकार बनाकर रखा जाता है। शोषण किया जाता है। कार्यकर्त्ता को सम्मानित अंगवस्त्र और प्रस्सती-पत्र देकर पार्टी के कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र विवेक ने सम्मानित किया और कहा की कार्यकताओं के मेहनत से ही लोजपा-रा सभी पांचों सीटों पर जीत दर्ज किया है। सामने विधानसभा का चुनाव है कार्यकर्त्ता ही पार्टी की रीढ़ है। सभी सीट जीतेंगे। उक्त आशय की जानकारी अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता अजय कुमार ने दिया।

# बिहार में शिक्षा और परीक्षा मजाक बना : एजाज

पटना। छपरा के जयप्रकाश विश्वविद्यालय में परीक्षा के क्रम में टेंट और टेबुल लगाकर परीक्षा लिए जाने पर राजद के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि अभी कुछ दिन पहले ही बिहार सरकार ने कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए एक कड़ा कानून लाया है, लेकिन सरकार के स्तर से ही जिस तरह से परीक्षा ली जा रही है, क्या इससे बिहार में बेहतर शिक्षा व्यवस्था और बेहतर परीक्षा कराया जा सकता है। श्री एजाज ने कहा कि इस तरह से बिहार सरकार के कार्यों के बाद यह स्पष्ट हो जाता है कि बिहार में किस तरह की शिक्षा व्यवस्था लागू है और किस तरह से परीक्षा ली जा रही है। एजाज ने आगे कहा कि इस तरह की परीक्षा से बिहार के बच्चों का भविष्य और बिहार का भविष्य कैसा होगा यह समझा जा सकता है। एजाज कहा कि 18 वर्षों से बिहार में में डबल इंजन की सरकार है लेकिन बिहार में शिक्षा और शिक्षा व्यवस्था को गुणवत्तापूर्ण करने के प्रति सरकार का कोई सोच और दृष्टि नहीं है। जिस कारण इस तरह की परीक्षा लिए जा रहे हैं जो कहीं से ना तो छात्रों के हित में है और ना बिहार के हित में है इससे बिहार में शिक्षा व्यवस्था को कैसे बेहतर किया जा सकता है इसका जवाब बिहार के शिक्षा मंत्री और एनडीए के नेताओं को देनी चाहिए क्योंकि बिहार की जनता को यह जानने का हक है।

# जन नायक की पोती समेत अनेक लोग जन सुराज में शामिल

पटना। जन सुराज परिवार का कुनबा रोज तेजी से बढ़ता जा रहा है। इसके संस्थापक और पदयात्रा अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर के नेतृत्व में बिहार को बदलने और नया बिहार का जज्बा रखने वाले हर दल के लोग तेजी से जन सुराज से जुड़ रहे हैं। रविवार को पटना स्थित बापू सभागार में आयोजित जन सुराज के राज्य स्तरीय कार्यशाला में भारत रत्न जन नायक कपूरी ठाकुर की पोती डॉ जागृति, बक्सर से संसदीय चुनाव लड़ चुके पूर्व आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्रा, साइंस कालेज पटना के प्रोफेसर तथा राजद के एमएलसी रहे रामबली चंद्रवंशी, कपूरी ठाकुर के साथी और समाजवादी आंदोलन के पुरोधा समस्तीपुर निवासी दुर्गा प्रसाद कुशवाहा, पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री व पूर्व सांसद राजद नेता डाक्टर मोनाजिर हसन, वरिष्ठ समाजवादी नेता मंगनी लाल मंडल की पुत्री डाक्टर प्रियंका ने आज इस मंच से जन सुराज की सदस्यता ग्रहण की हैं। उक्त जानकारी रविवार को जारी एक बयान में जन सुराज के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय कुमार ठाकुर ने दी। उन्होंने कहा कि इन नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि जातिवादी और धर्मवादी राजनीति ने बिहारियों का बडा. नुकसान किया है और अब इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। इन सभी नेताओं ने अपने संबोधन में प्रशांत किशोर के बिहार के नव निर्माण की पहल की सराहना करते हुए इस अभियान में स्वयं को जोड़ने की घोषणा की। इन नेताओं ने सभी बिहारी भाइयों से जात -पात तथा धर्म -मजहब की बीमारी को खत्म कर अपने तथा अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए जन सुराज के साथ आने की अपील की।

## तीन नये आपराधिक कानूनों पर पटना में दो दिवसीय कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न

# नये कानून से डिजिटल आपराधिक न्यायिक प्रणाली का विकास होगा : भट्टी

- पुलिस महानिदेशक ने नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन पर की परिचर्चा




पटना। गृह विभाग एवं पटना उच्च न्यायालय के समन्वय से तीन नये आपराधिक कानूनों पर ज्ञान भवन में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसमें राज्य के सभी जिलों के जिला एवं सत्र न्यायाधीशों, जिला पदाधिकारियों, वरीय पुलिस अधीक्षकों/पुलिस अधीक्षकों, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारियों, लोक अभियोजकों एवं जिला अभियोजन पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस कार्यशाला में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्यातिप्राप्त विधिवेत्ताओं तथा विषय-विशेषज्ञों ने वक्ता के रूप में सहभागिता की तथा न्यायिक, प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को नए आपराधिक कानूनों के विभिन्न आयामों को विस्तारपूर्वक समझाया। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति के. विनोद चन्द्रन मुख्य न्यायाधीश, पटना उच्च न्यायालय। न्यायमूर्ति आशुतोष कुमार, महाधिवक्ता पटना उच्च न्यायालय पी के शाही, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची कोलकाता उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति अनन्या बंद्योपाध्याय कोलकाता उच्च न्यायालय, मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा, पुलिस महानिदेशक आर एस भट्टी, विकास आयुक्त चैतन्य प्रसाद, प्रधान सचिव, गृह विभाग अरविंद कुमार चौधरी, निदेशक, बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर ब्रिघु श्रीनिवासन, सीनियर एडवोकेट बी जी हरिंद्रनाथ, असिस्टेंट प्रोफेसर, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, नई दिल्ली नीरज तिवारी एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने कार्यशाला में भाग लेकर नए आपराधिक कानूनों की आवश्यकता, प्रासंगिकता एवं विभिन्न प्रावधानों पर व्याख्यान दिया।

दो दिवसीय सेमिनार के दूसरे दिन प्रथम वक्ता के रूप में पुलिस महानिदेशक आर एस भट्टी ने सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया तथा तीन नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन पर पुलिस के नजरिए से परिचर्चा की। उन्होंने कहा कि इन कानूनों के कुछ महत्वपूर्ण पहलू हैं। प्रथम यह है कि इनसे एक डिजिटल आपराधिक न्यायिक प्रणाली का विकास होगा। द्वितीय इससे संगीन अपराधों की जांच विधि-विज्ञान की सहायता से दृढ़तापूर्वक की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि तीसरा पहलू यह है कि यह प्रणाली काफी पारदर्शी एवं नागरिकों के अनुकूल है। पुलिस महानिदेशक द्वारा बताया गया कि अब सभी प्रकार की सूचना ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त अथवा दर्ज की जा सकेगी। इसके लिए सभी प्रकार की तकनीकी व्यवस्था की गई है। पुलिस की जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित की गई है। महिलाओं की मदद हेतु महिला हेल्प डेस्क प्रणाली का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्दी व्हाट्सएप सेवा की शुरूआत भी की जायेगी। पारदर्शिता को बढ़ावा देने हेतु सीसीटीएनएस सिस्टम जो कि आईसीजेएस का एक अभिन्न अंग है उसपर कार्य किया जा रहा है। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि बदलती जरूरतों के अनुसार पुलिस के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर का भी विकास किया जा रहा है जो सभी प्रकार की आधुनिक तकनीकों से लैस होगा। उन्होंने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हम नागरिकों को सरल कानूनी प्रणाली प्रदान करने के लिए काफी बदलाव करने में सफल हुए हैं तथा ये बदलाव एक मजबूत जांच एवं न्यायिक प्रणाली बनाने में मदद करेगा।

# भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल आज करेंगे पदभार ग्रहणरू; स्वागत की जोरदार तैयारी, कार्यकर्ताओं में उत्साह

## हवाई अड्डा से लेकर प्रदेश कार्यालय तक कई बनाए गए प्वाइंट

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



नव नियुक्त बिहार के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की शिष्टाचार मुलाकात

बिहार भाजपा के नव नियुक्त अध्यक्ष दिलीप जायसवाल आज यानी सोमवार को दिल्ली से पटना पहुंचेंगे। पटना पहुंचने पर उनके भव्य स्वागत की तैयारी की जा रही है। पटना हवाई अड्डा से वे प्रदेश कार्यालय जाएंगे। रविवार को प्रदेश कार्यालय में पार्टी के स्वागत समिति की बैठक हुई जिसमें उनके स्वागत और अभिनन्दन समारोह को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। भाजपा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्री जायसवाल के पटना हवाई अड्डा पर उतरने के बाद प्रदेश के पदाधिकारी, विधायक उनका स्वागत करेंगे। इस दौरान पार्टी के कार्यकर्ता ढोल नगाड़े के साथ उनका स्वागत करेंगे। यहां से वे शेखपुरा मोड़, पटेल भवन, राजवंशी नगर, पुनाईचौक, न्यू म्यूजियम, माउंट कार्मेल स्कूल, श्रम नियोजन भवन , आयकर गोलंबर होते हुए प्रदेश कार्यालय पहुंचेंगे। इस दौरान इन स्थानों पर नव नियुक्त अध्यक्ष के स्वागत के लिए स्वागत प्वाइंट बनाये गए हैं , जहां विभिन्न प्रकोष्ठों, मोर्चा और मंच के नेताओं और कार्यकताओं द्वारा उनका स्वागत करेंगे।

उनके स्वागत को लेकर कार्यालय को दुल्हन की तरह सजाया गया है तथा मिठाइयां बन रही हैं। उन्होंने कहा कि इस स्वागत और अभिनंदन समारोह में बिहार के सभी जिलो से भाजपा के नेतागण भाग लेंगे। इस समारोह में बिहार के सभी सांसद, विधायक, विधानपार्षद व मेयर, उपमेयर भी शामिल होंगे। नव नियुक्त अध्यक्ष के स्वागत के लिए झंडे बैनर से पटना शहर को पाट दिया गया है।

पार्टी कार्यालय पहुंचने के बाद निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष व डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी पार्टी कार्यालय में नव नियुक्त अध्यक्ष को पदभार ग्रहण कराएंगे।

स्वागत समिति की बैठक मे प्रदेश महामंत्री जगन्नाथ ठाकुर, मिथिलेश तिवारी,नराजेश कुमार वर्मा, शिवेश राम, प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह, ललिता कुशवाहा, संतोष पाठक, प्रदेश मंत्री संजय गुप्ता, संतोष रंजन राय, रीता शर्मा, मुख्यालय प्रभारी अरविंद शर्मा, दिलीप मिश्रा, सह कोषाध्यक्ष नीतीन अभिषेक, आशुतोष शंकर सिंह, प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर मिश्रा, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी प्रभात मालाकार, सजल झा, सह कार्यालय मंत्री डॉ सुग्रीव, ज्ञानप्रकाश ओझा, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भारतेन्दु मिश्रा, किसान मोर्चा

# हक दो-वादा निभाओ जन अभियान को सफल बनाने का लिया निर्णय

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। भाकपा माले संस्थापक महासचिव कॉ. चारु मजुमदार के शहादत की 52वीं बरसी और पार्टी पुनर्गठन की 50 वीं वर्षगांठ पर माले जिला कार्यालय स्थित हरिसभा चौक समेत जिला के विभिन्न गांव-टोलो में सदस्यों के बीच पार्टी का झंडोतोलन के बाद शोक श्रद्धांजलि के साथ कामरेड चारू मजुमदार के फोटो पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात केंद्रीय कमिटी के संकल्प पत्र और पार्टी सदस्यों के नाम पत्र का पाठ करते हुए पार्टी को मजबूत करने के लिए गांव-गांव में पार्टी सदस्यों और जनता की बैठकें आयोजित कर हक दो वादा निभाओ जनअभियान को सफल बनाने तथा सदस्यों से सहयोग राशि, पार्टी पत्रिका का वार्षिक ग्राहक बनाने, पार्टी में नए सदस्य भर्ती करने के कार्यभार को पूरा करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर संकल्प सभा को संबोधित करते हुए भाकपा-माले मुजफ्फरपुर के जिला सचिव कृष्णमोहन ने कहा कि बिहार समेत पूरे देश में आरएसएस व भाजपा द्वारा दलित-गरीबों-महिलाओं और मुसलमानों पर दमन, चौतरफा हिंसा और अपराध आज चरम स्तर पर पहुंच गया है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री



नीतीश कुमार को उसका जवाब देना होगा। माले नगर सचिव सूरज कुमार सिंह ने कहा की बिहार सरकार उद्यमी योजना में आय प्रमाण पत्र का झमेला में बंद करें। सभी सवेक्षण में 95 लाख गरीब परिवारों को सरकार अपने घोषणा अनुसार 2 लाख सहायता राशि देने की गारंटी करें! सभी गरीब परिवारों को 200 यूनिट फ्री बिजली तथा बिजली कंपनियों के द्वारा अवैध वसूली पर रोक लगे! सरकार बिना वैकल्पिक व्यवस्था किये दलि-गरीबों को उजाड़ने की साजिश पर अविलंब रोक लगाए, जो जहां बसे हैं वहां रहने दिया जाए उनके लिए आवासीय कॉलोनी बनाई जाए! अपराध और महंगाई पर रोक लगाई जाए! बेरोजगार नौजवानों को जीने लायक बेरोजगारी भत्ता दी जाए!

माले पार्टी के सदस्य मनोज वर्मा ने कहा कि विकास और स्मार्ट सिटी के नाम पर शहर को वृक्ष मुक्त कर दिया गया जिस कारण शहर के लोग अच्छी वातावरण के लिए तरस रहे हैं, शहर में फिर से युध्दस्तर वृक्ष रोपण के लिए लड़ाई तेज करने की जरूरत है। इंसाफ मंच बिहार के राज्य कार्यकारी सदस्य असलम रहमानी ने कहा कि देश के मुसलमानों को दूसरे दर्जे का शहरी बनाने के लिए मुकम्मल साजिश के तहत आरएसएस व भाजपा द्वारा मुसलमानों पर चौतरफा हमला किया जा रहा है। मौजूदा दौर में भारत में मुसलमान नफरत, हिंसा, उत्पीड़न और नर-पिशाचों के दानवी अत्याचार को झेल रहे हैं, मुसलमानों के खिलाफ भाजपा का भड़काऊ अभियान जारी है, लेकिन भाकपा-माले इस जघन्य अपराध के खिलाफ खामोश नही रहेगी बल्कि सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ेगी। एडवोकेट ललितेश्वर ने कहा कि भाकपा-माले कामरेड चारू मजुमदार के बताए हुए रास्त पर चलते हुए आज गरीबों, कमजोरों, छात्र नौजवानों, महिलाओं, बूधिजियों और सम्पूर्ण देश की मजबूत आवाज बनकर उभरी है। कामरान रहमानी ने पार्टी को मजबूत करने पर जोड़ देते हुए हक-दो वादा निभाओ अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। संकल्प सभा की अध्यक्षता भाकपा-माले मुजफ्फरपुर के जिला सचिव कृष्णमोहन और संचालन सुरज कुमार सिंह ने की वहीं विनय वर्मा ने गीत पेश किया। इस अवसर पर एडवोकेट अशोक कुमार सिंह, एडवोकेट ललितेश्वर, असलम रहमानी, कामरना रहमानी, नीरज कुमार, मुकेश कुमार, दीपक कुमार, विजय गुप्ता, राजकिशोर प्रसाद, मयंक मोहन कुमार, शफीकुर रहमान, मोहम्मद शाहिद, आरती देवी, नीलू देवी, बानो खातून समेत बड़ संख्या में पार्टी सदस्य उपस्थित थे।

## नटवर साहित्य परिषद की कवि गोष्ठी में बही गीत- गजलों की बयार

प्रात: किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। शहर के श्री नवयुवक समिति के सभागार में रविवार को नटवर साहित्य परिषद की ओर से मासिक कवि गोष्ठी सह मुशायरा का आयोजन किया गया। कवि गोष्ठी की अध्यक्षता डॉ.शैल केजरीवाल, मंच संचालन सुमन कुमार मिश्र व धन्यवाद ज्ञापन नटवर साहित्य परिषद के संयोजक डॉ.नर्मदेश्वर प्रसाद चौधरी ने किया। कवि गोष्ठी की शुरुआत आचार्य श्री जानकी वल्लभ शास्त्री जी के गीत से किया गया। इसके बाद डॉ.शैल केजरीवाल ने- ह्यबेवक्त की शायरी नहीं करते हर वक्त, अपने मिजाज की बात न करो इस वक्त ह्यसुनाकर भरपूर दाद बटोरी। शायर डॉ.नर्मदेश्वर मुजफ्फरपुरी ने- ह्य गम भरे दिन ये भुलाना चाहता हूं, मैं भी हंसना और हंसाना चाहता हूंह्य सुनाकर भरपूर दाद बटोरी। वरिष्ठ कवि सत्येन्द्र कुमार सत्येन ने- माटी के बोली सुनी चलले खेतवा में किसान हो ह्य सुनाकर तालिया बटोरी। सविता राज ने- कट गई रात यूं जागते- जागते, ख्वाब फिर जख्म कोई नया दे गयाह्न सुनाकर तालियां बटोरी। अंजनी कुमार पाठक - जब तक जीवन नेकी है करना। सुमन कुमार मिश्र - तुम्हें गांवों से जुड़ना होगा। राजीवेन्द्र किशोर- मां ओ मां। अरुण कुमार तुलसी- रही आंगन की कोयलिया हर दम कूका कर ली। मोहन कुमार सिंह - आओ सब मिल बम बोले। सागर कुमार- अगर हो चांद कोई, तो तनिक दाग चलते है। जगदीश शर्मा- मुरझाये फूल पौधों की मुस्कान खोजने वाला हूं। नरेन्द्र मिश्र- धरा सुलगती अचल प्रकंपित चटक रही मणियां। उमेश राज- नफरत की बाजार में। इसके अलावे रामबृक्ष राम चकपुरी, आशा कुमारी ओमप्रकाश गुप्ता, अरुण कुमार, सुरेन्द्र कुमार, अजय कुमार , मुस्कान केशरी आदि की रचनाएं सराही गई।

## संक्षिप्त खबरें

### हर्ष फायरिंग के आरोप में तीन गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। जिले की मनियारी थाने की पुलिस ने हर्ष फायरिंग के आरोप 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। बीते दिन मनियारी थानाध्यक्ष के मोबाईल पर एक वीडियो प्राप्त हुआ जिसमें कुछ युवकों द्वारा हथियार का प्रदर्श किया जा रहा था। मनियारी थाना की टीम द्वारा वीडियो जांच कर हथियार प्रदर्शन कर रहे अपराधकर्मी बिट्टू कुमार उर्फ बिटला, सचिन कुमार एवं सौरभ कुमार को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। इसमें बिट्टी और सौरभ का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। इनके विरुद्ध विभिन्न थानों में आपराधिक मामला दर्ज है।

### जिला प्रभारी मंत्री को अश्वनी यादव ने किया स्वागत

दरभंगा। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता सह अलीनगर विधानसभा प्रभारी अश्वनी यादव ने बिहार के स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री सह दरभंगा जिला प्रभारी मंत्री मंगल पाण्डेय के मंत्री बनने के उपरांत पहली बार मिथिला की हृदय स्थली दरभंगा आगमन पर भाजपा जिला कार्यालय में मिथिला परंपरा अनुसार पाग चादर एवं मखान के माला से सम्मानित कर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया।

### श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की बैठक में पत्रकार हित में लिए गए कई निर्णय

दरभंगा। जिले में साठ वर्ष से अधिक उम्र के पत्रकारों को बिहार पत्रकार पेंशन योजना का लाभ मिले, इस को लेकर प्रयास तेज करेगी बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन। उक्त निर्णय यूनियन के लालबाग स्थित लक्ष्मीश्वर लाइब्रेरी में आयोजित बैठक में लिया गया। यूनियन के जिला अध्यक्ष अमरेश्वरी चरण सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में छठवा जिला सम्मेलन नवम्बर माह में आयोजित करने के साथ ही सदस्यता नवीकरण हेतु विचार किया गया। बैठक में स्मारिका प्रकाशन पर भी बल दिया गया जिसके प्रभारी शशि भूषण चौधरी को बनाया गया। सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित कर सरकार से मांग किया गया कि पत्रकार बीमा योजना के लाभार्थी के सूची के साथ ही पॉलिसी नम्बर भी जारी करें, जिससे लाभार्थी समय रहते इलाज करा सके उन्हें प्रतीक्षा ना करना पड़े। बैठक में शशि मोहन भारद्वाज, संजीव कुमार, प्रवीण कुमार चौधरी, शशि भूषण चौधरी, दीपक कुमार झा, मनोज कुमार, प्रमोद नायक भारती आदि ने विचार रखा।

### शराब के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार, भेजा जेल

मधुबनी। जिला मुख्यालय से सटे रहिका थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के ग्राम सप्ता कंजर टोल से 28 लीटर देसी चूलाई शराब के साथ कंजर टोल निवासी राजू कंजर को वहीं थाना क्षेत्र के सतलाखा गांव निवासी शनिचर साहनी के पुत्र सुनील साहनी को 52 बोतल देसी नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। रहिका थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिल की ग्राम सप्ता कंजर टोल में राजू कंजर देसी चूलाई शराब का कारोबार करता है सूचना की सत्यापन कर राजू कंजर को 28 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया गया वहीं थाना क्षेत्र के सतलाखा गांव में सुनील साहनी शराब रखकर खरीद बिक्री करने का कार्य करता था गुप्त सूचना के आधार पर दुकान में छापेमारी कर 52 बोतल देसी नेपाली शराब के साथ सुनील साहनी को गिरफ्तार कर लिया गया। तथा पकड़ाए शराब को जप्त कर थाना परिसर लाया गया तथा दोनों शराब कारोबारी के विरुद्ध उत्पाद मध्य निषेध अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में लेने हेतु व्यवहार न्यायालय मधुबनी भेज दिया गया है।

### भाकपा माले के संस्थापक की मनाई गई शहादत दिवस

हाजीपुर। भाकपा माले के संस्थापक महासचिव कामरेड चारु मजूमदार के 52 वें शहादत दिवस के अवसर पर वैशाली जिला के 45 ब्रांचो में पार्टी का झंडा फहराने के बाद कामरेड चारु मजूमदार के तस्वीर और शाहिद बेदी पर माल्यार्पण तथापुष्पांजलि करके पार्टी संगठन को सुदृढ़ करने, विस्तार करने, पार्टी द्वारा जारी हक दो वादा निभाओ अभियान को सफल करने का कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया। हाजीपुर प्रखंड के रंदाहा, बिदुपुर प्रखंड के मझौली, लालगंज नगर परिषद के वार्ड नंबर 1बेदौली, वार्ड नंबर 2 खरौना, भगवानपुर प्रखंड के मझौली मोहम्मदपुर बुजुर्ग, इनायतपुर प्रबोधी, राजापाकर के अलीपुर, पातेपुर के बहुआरा सहित जिले के 45 ब्रांचो में कामरेडचारु मजूमदार का शहादत दिवस मनाया गया। हाजीपुर के रंदाहा, बिदुपुर के मझौली में जिला सचिव विशेश्वर प्रसाद यादव ने झंडोतोलन किया, जब कि लालगंज नगर परिषद वार्ड नंबर 1 के बेदौली में जिला कमेटी सदस्य डॉ प्रेम देवी, चंदा देवी, विजय महाराज, राजापाकर में सुमन कुमार, पातेपुर के बहुआरा में उमेश राय, हरि कुमार राय, मैं झंडा फहराने के बाद माल्यार्पण और पुष्पांजलि किया।

## शिक्षक व कर्मचारियों ने छठे दिन अनुदान नहीं मिलने के विरोध में काली पट्टी लगाया

प्रात: किरण

बेनीपुर(दरभंगा)। अयाची मिथिला महिला कॉलेज के शिक्षक एवं कर्मचारियों ने शनिवार को भी छठे दिन अनुदान नहीं मिलने के विरोध में काली पट्टी लगाकर अपने कर्तव्य का निर्वहन किया। ज्ञात हो कि शिक्षक एवं कर्मचारी सोमवार से महाविद्यालय को सरकार से प्राप्त तीन सत्रों का अनुदान वर्षो से विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत नहीं करने के विरोध में विरोध जाता रहे हैं। संघ के सचिव प्रोफेसर देवेंद्र कुमार झा ने बताया कि 3 वर्ष पूर्व सरकार ने विश्वविद्यालय को तीन सत्रों के अनुदान की राशि उपलब्ध करा दी थी पर अब तक उसे कॉलेज कोष में नहीं भेजा गया है इस कारण से कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति दयनीय बनी हुई है। कई कर्मचारियों की मौत भी इलाज के अभाव में हो गई है। कॉलेज शासी निकाय के अध्यक्ष सह विधायक प्रोफेसर विनय कुमार चौधरी ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों को इससे संबंधित पत्र भी लिख चुके हैं। संघ द्वारा भी गत 23 जुलाई को इससे संबंधित ज्ञापन कुलपति को दिया गया है । वहीं दूसरी ओर शिक्षक एवं कर्मचारियों ने एक बैठक कर शासी निकाय के अध्यक्ष सह विधायक प्रोफेसर चौधरी द्वारा विधानसभा में संबद्ध महाविद्यालय के साथ कॉलेज की समस्या को उठाने पर उनके प्रति आभार जताया है और आशा व्यक्त की है कि प्रोफेसर चौधरी के प्रयास से इस समस्या का समाधान निकल पाएगा।

## विवाहिता हत्याकांड में ससुर गिरफ्तार

बेनीपुर(दरभंगा)। बहेड़ा थाना क्षेत्र की रमौली गांव में एक विवाहिता की हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस इस मामले में मृतिका ललिता देवी के ससुर को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई कर रही है। मृतका ललिता के भाई बिरौल थाना क्षेत्र के नेउरी निवासी श्रीराम पंडित के पुत्र विमलेंदु कुमार पंडित बहेड़ा थाना में आवेदन देकर अपनी बहन ललिता देवी की ससुराल वालों द्वारा दहेज के लिए बार-बार प्रताड़ित करने एवं हत्या कर साक्ष्य मिटाने के लिए शव जलाने की बात कही है। आवेदन में कहा गया है कि 2009 मृतका के पिता हिंदू रीति रिवाज से रमौली निवासी राम प्रसाद पंडित के पुत्र श्रवण पंडित से शादी कराई। इसके बाद गौना होने पर अपनी औकात के हिसाब से पुत्री को दान दिया।

## मखाना की खेती को रोजी रोजगार का माध्यम बनायेगी मोदी सरकार : सांसद

प्रात: किरण

दरभंगा। मखाना मिथिला ही नही पूरे उत्तर बिहार और नेपाल के मधेशी क्षेत्र की प्रमुख पहचान रही है। मखाना मिथिला सांस्कृतिक धार्मिक और सामाजिक पहचान रही है। अब जरूरत है इसके खेती के लिए जागरूकता अभियान चलाकर इसको रोजगार सृजन से जोड़ने की। इस जागरूकता के लिए अक्टूबर नवंबर के बीच दरभंगा में राष्ट्रीय स्तर का सेमिनार का आयोजन किया जायेगा। सांसद डा गोपाल जी ठाकुर ने दरभंगा स्थित अपने आवासीय कार्यालय में राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान संस्थान दरभंगा के सहायक निदेशक डा नचिकेता कोतवाली वाले तथा संस्थान के वैज्ञानिक डा मनोज कुमार एवं अन्य



पदाधिकारीयों के साथ बैठक में बाद उपरोक्त बातें कही।

सांसद डा ठाकुर ने मखाना को रोजी रोजगार का माध्यम बनाने के लिए केंद सरकार को प्रतिबद्ध बताते हुए कहा की देश के पूर्व पीएम श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी ने इस संस्थान की स्थापना कर मिथिला की पारंपरिक खेती को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान देकर स्थापित किया जबकि एक साजिश के तहत राजद कांग्रेस ने इस संस्थान के राष्ट्रीय दर्जे को समाप्त कर दिया कर दिया लेकिन मिथिला के समग्र विकास के लिए संकल्पित देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने 18 वर्षो बाद 2023 में इस संस्थान को फिर से राष्ट्रीय दर्जा देकर ऐतिहासिक कार्य किया। संसद डा ठाकुर ने मखाना को मिथिला क्षेत्र के कृषकों के लिए आर्थिक श्रृजन का मजबूत आधार बनाने पर जोड़ देते हुए कहा की बाढ़ के कारण उत्तर बिहार के 75 प्रतिशत खेती योग्य भूमि में जल जमाव बना रहता है यही कारण है की जन जगरुग्ता चलाकर इस खेती को बढ़ावा देने तथा इसे रोजगार सृजन का आधार बनाने की जरुरत है। सांसद डा ठाकुर ने बताया कि अक्टूबर नवंबर के बीच आश्विन पूर्णिमा के समय होने वाले इसे इस सेमिनार में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के लब्ध प्रतिष्ठित वैज्ञानिक एवं इस खेती से जुड़े विद्वानो के साथ इसका खेती करने वाले किसान इसके व्यापार से जुड़े लोगों की सहभागिता होगी जो एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा।

## बिहार में बड़ी ताकत बनकर सरकार बनाने का काम करना है : मंगल पाण्डेय

प्रात: किरण

दरभंगा। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यसमिति की बैठक जिलाध्यक्ष जीवछ सहनी के अध्यक्षा में जिला कार्यालय में आहुत हुआ। इस बैठक की शुरूआत श्यामप्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर वंदे मातरम गान के साथ शुरू हुआ । अपने संबोधन में मुख्यातिथि सह स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने कहा कि राज्य में




अपराधियों का नेतृत्व करनेवाला सिर्फ एक ही नेता है भ्रष्टाचार और लोकतन्त्र की हत्या करने वाला एक ही नेता है और है लालू और उसका परिवार जो मुख्यमंत्री रहते हुए अपने कार्यालय से ऑर्गेनाइजम क्राइम का काम करते थे अब कोई अपराध होता है तो 24 से 48 घंटे में सुलझा लिया जाता है। कार्यकताओं से आह्वान करते हुए कहा कि 2025 में हर हालत में बिहार में बड़ी ताकत बनकर सरकार बनाने का काम करना है। हमलोग का सोच है जब तक बिहार विकसित नहीं होगा तबतक भारत विकसित नहीं होगा इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री के द्वारा 59,800 करोड़ का अतिरिक्त बजट देकर बिहार की विकास की गति देने का कार्य किया। आज मुक्त में सभी प्रकार की स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो रहा है। नागरिकों ने तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री के फैसले पर गर्व व्यक्त किया जिन्होंने भ्रष्टाचार को हराया, काम काज को प्राथमिकता दी, भ्रम की राजनीति को नकारा और विश्वास की राजनीति पर जीत की मुहर लगाई है। इसके लिए दरभंगा के जनता को शुभकामनाएं।

## संगीत व नाट्य विभाग का उत्तर प्रदेश संगीत नाट्य अकादमी के बीच हुआ समझौता

प्रात: किरण

दरभंगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविधालय के संगीत एवं नाट्य विभाग तथा उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, उत्तर प्रदेश के बीच एमओयू (समझौता ज्ञापन) हस्ताक्षरित हुआ। शनिवार को आयोजित ज्ञापन कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया. इस अवसर पर डॉ. शोभित कुमार नाहर, निदेशक, उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादेमी, उत्तर प्रदेश, निजी सहायक, श्री सौरभ सक्सेना उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादेमी उत्तर प्रदेश और ललित नारायण मिथिला विश्वविधालय के विश्वविद्यालय दरभंगा, प्रभारी कुलपति प्रो० विभूति भूषण लाल दास, कुलसचिव, डॉ. अजय कुमार पण्डित, परीक्षा नियंत्रक डा० विनोद कुमार ओझा, विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो० प्रेम मोहन मिश्र तथा विश्वविद्यालय



संगीत एवं नाट्य विभाग की डीन व विभागाध्यक्ष प्रो. पुष्पम नारायण उपस्थित थीं। डॉ. शोभित कुमार नाहर ने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम का मंदिर बना वहीं मिथिला माता सीता की जन्मस्थली है और दोनों धार्मिक स्थलों के बीच एक सांस्कृतिक संबंध बने हैं जिससे सांस्कृतिक व कलात्मक परिधि के भविष्य की आहट सुनाई दे रही है। इसके बाद विभागीय छात्र-छात्राओं द्वारा बिहार गौरव गान, स्वागत गीत एवं सावनी लोक गीत की प्रस्तुति की गई। मुख्य आकर्षण माउंटेन मैन दशरथ माझी के जीवन पर आधारित नाटक ह्यमाझी रेह्न की प्रस्तुति की गयी।. छात्रों ने जीवंत अभिनय से सभी पत्रों को चरितान्तार्थ कर जीवंत किया. अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ. मंच संचालन शोधार्थी सुनीता भारती ने किया। कार्यक्रम में पूर्व संकायाध्यक्ष प्रो. लावण्य कृति सिंह 'काव्या', डॉ नीतिप्रिया प्रलय सहित विभाग की छात्र-छात्राएं व कर्मचारी उपस्थित थे।

## जयनगर शीलानाथ धाम को पर्यटन स्थल रूप में विकसित करने की मांग

प्रात: किरण

मधुबनी। मिथिला के बाबा धाम कहे जाने वाले शीला नाथ धाम को पर्यटन स्थल में विकसित की मांग को स्थानीय विधायक अरुण शंकर प्रसाद ने शून्य काल के दौरान विधानसभा में उठाने को लेकर के सीमावर्ती एरिया में खुशी की लहर है। भाजपा नेता हरिश्चंद्र शर्मा बोआ झा उद्धव कुंवर समाजसेवी रामप्रसाद राउत चंद्रवीर सिंह लव सिंह ने खुशी जाहीर करते हुए विधायक को बधाई देकर कहा है कि शीला नाथ धाम के डेवलपमेट से पूरे मिथिला में इसकी एक अलग पहचान बनेगी और पर्यटन व रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। शीला नाथ धाम में हर साल नेपाल ओर स्थानीय इलाका के लाखों श्रद्धालु जयनगर कमला नदी से जल भरकर मंदिर में जलाभिषेक करते हैं। माना जाता है की सच्चे मन से जो भी भक्त अपनी इच्छा लेकर शिलानाथ धाम मंदिर आता है उसकी सारी इच्छा पूरी होती है। शिलानाथ धाम को मिथिला का बाबा धाम भी कहा जाता है। सावन में रविवार एवं सोमवार को श्रद्धालुओं के द्वारा पवित्र कमला नदी से जल भरकर शीला नाथ धाम एवं कपिलेश्वर धाम पर जल अर्पण किया जाता है। ओर सीमावर्ती क्षेत्र सहित नेपाल के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शीला नाथ धाम में पूजा पाठ करने के लिए आते हैं। मंदिर के महंत परमानंद झा ने बताया कि मिथिला के बाबा धाम के नाम से प्रसिद्ध शीलानाथ धाम के प्रति मान्यता है कि भगवान राम और एवं लक्ष्मण स्वयंवर में जनकपुर जाने के क्रम में शीलानाथ धाम में रुके थे। त्रेता युग में यहां बहने वाली दादरी नदी में स्नान कर जनकपुर के लिए प्रस्थान किए थे।

## बजट में रखा गया है सभी वर्ग का विशेष ध्यान : चिराग

प्रात: किरण

हाजीपुर। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान आज अपने संसदीय क्षेत्र हाजीपुर में प्रेस वार्ता कर मुक्त कंठ से बजट की तारीफ किये। कहा कि

मैं अपनी तरफ से मैं अपने गठबंधन, एनडीए गठबंधन की तरफ से एवं तमाम सहयोगी सहयोगी के सहयोगी दल की ओर से हमारे प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार को धन्यवाद देता हूं। कि जहां इस बजट में एक बड़ी आबादी का तो ध्यान रखा ही गया है वहीं बिहार जैसे राज्य जिसको अभी तक विमारू राज्य के तौर पर संबोधित किया जाता है जो अभी तक पिछले राज्यों के श्रेणी में आता है उसको मुख्य धारा के साथ जोड़ने को लेकर जिस तरीके की मदद मुहैया कराई गई है इसके लिए भी मैं अपने प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी का धन्यवाद करता हूं । चिराग ने कहा कि इस बजट में पांच प्रमुख बिंदुओं पर ध्यान दिया गया इस बजट में जहां देश के गरीबों का जिक्र किया गया है। वही देश के मध्यम वर्ग के लोगों को भी जिक्र किया गया इस बजट के माध्यम से जहां देश के नारी शक्ति को आधी आबादी है उनका भी ध्यान रखा गया है। वही युवा शक्ति का का भी ध्यान रखा गया है । हमारे अन्नदता को भी ध्यान रखा गया है। पिछले 10 सालों में आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में अर्थव्यवस्था ने एक नई मजबूती हासिल की है उस मजबूती का लाभ समाज के हर वर्ग को मिलेगा।



इस सोच के साथ इस बजट को तैयार किया गया जैसा मैंने जिक्र किया कि इसमें युवाओं का महिलाओं का किसानों का गरीबों का देश के मध्यम वर्ग तक के का इस बजट में ध्यान रखा गया पिछले 10 सालों में हम लोगों ने देखा कि हम लोगों के प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी ने देश के एक बड़ी आबादी लगभग 25 करोड लोग जो गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं हमारे प्रधानमंत्री जी का संकल्प है की 2047 तक भारत देश को एक विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा है। विकसित देश कब बनेगा जब देश के विकसित राज्य बनेगा देश विकसित तब बनेगा जब देश के हर एक राज्य हर एक जिला हर एक प्रखंड हर एक पंचायत हर एक गांव जब विकसित बनेगा उस गांव को मजबूती देने के सोच साथ इस बजट को तैयार किया गया। इस बजट में जहां युवाओं की समस्या सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है बेरोजगारी का इसमें ध्यान रखा गया है लगभग 4. 01 करोड़ युवाओं को अलग-अलग स्कीम के माध्यम से पांच अलग-अलग स्कीम के माध्यम से कैसे देश के युवाओं को रोजगार मुहैया कराया जाए उनके स्किल को लेकर उनके तैयारी को लेकर कैसे उनके लिए रोजगार के नए अवसर पैदा किया जा सके इसमें लगभग 2 लाख करोड़ की लागत से इन पांच योजनाओं को तैयार किया गया है। जिसमें 4.1 करोड़ युवाओं को इससे लाभ मिलेगा इस बजट में उन युवाओं का भी ध्यान रखा गया है जो मुद्रा योजना के लाभ से जिन्होने अपने जीवन स्थापित करने का काम किया है और उनसे प्रभावित होकर कई ऐसे लोग हैं जो मुद्रा योजना का लाभ लेकर अपने आप को अपने पांव पर खड़ा रखने की सोच रखते हैं। 10 लाख से बढ़कर इस योजना में 20 लाख तक केंद्र सरकार के द्वारा इस योजना के माध्यम से किया गया ।

मंत्री श्री चिराग ने कहा कि मुझे खुशी है इस बात की कि हम लोग लंबे समय से बिहार के लिए विशेष पैकेज की मांग कर। इस बार की बजट में प्रमुखता से बिहार राज्य का जिक्र हुआ। बिहार को जिस तरीके से इस बार की बजट में विशेष ध्यान देकर वह हैंड हैंड होल्डिंग प्रोवाइड की गई है जिसकी जरूरत लंबे समय से बिहार को रही है जिसकी मांग समय-समय पर हम लोग करते रहे । सर्वप्रथम बाढ को लेकर मैं भी हमेशा इस बात को लेकर चिंता जाहिर की है और बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट के माध्यम से भी मैं इस बात का जिक्र मैंने हमेशा काम करने का किया की सबसे बड़ी चिंता बिहार की बाढ़ की चिंता थी। मुझे खुशियां इस बात की की बिहार में बाढ़ की समस्या से राहत दिलाने के लिए 11500 करोड़ की राशि अलग से आवंटित की गई है ।

## दिनदहाड़े व्यक्ति की हत्या मामले का पुलिस ने किया खुलासा, मधुबनी पुलिस ने प्रेमिका को किया गिरफ्तार

प्रात: किरण

मधुबनी। जयनगर थाना क्षेत्र के दुल्लीपट्टी कुआढ छपराढ़ी सड़क पर प्रेमिका के साथ जा रहे एक व्यक्ति खजौली के वार्ड 2 के 40 वर्षीय राम लखन साफी की गोली मार कर हत्या कर दी गया था। हत्या के बाद पुलिस आसपास के क्षेत्र में लगी सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। जिसके बाद मामले का खुलासा किया गया। मामले में पुलिस ने बताया कि मृतक के दोस्त की पत्नी कहे या फिर प्रेमिका इसी कारण को लेकर राम लखन की हत्या अपराधियो ने की थी। घटना के बाद जब पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज देखा तो मृतक के स्कूटी पर एक महिला सवार दिखी। जिसके बाद उसके पीछे से दो युवक आए और राम लखन साफी को गोली मारकर फरार हो गए



फिर सारा माजरा पुलिस को समझ मे आ गयाजिसके बाद पुलिस ने खजौली से प्रेमिका नीलम देवी को हिरासत में लिया और फुटेज दिखाकर पूछताछ किया तो हत्या की गुत्थी खुलकर सामने आ गया। हालांकि इस महिला की तस्वीर जैसे ही मृतक के पत्नी को दिखाई गई वैसे ही महिला ने पति के प्रेमिका को पहचान ली और उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी रविवार को जयनगर थाना पर प्रेस वार्त्ता करते हुए जयनगर एसडीपीओ विप्लव कुमार ने बताया कि हत्या की सूचना मिलते ही वैज्ञानिक अनुसंधान शुरू किया गया था एफ एस एल टीम को बुलाई गई। जो कुछ घटनास्थल पर साक्ष्य योग्य था उसे कलेक्ट किया गया एसडीपीओ ने बताया कि मृतक की पत्नी के द्वारा उस महिला की पहचान करने के बाद उसे खजौली थाना के हरिस वारा से गिरफ्तार किया गया। जिसके बाद हुई पूछताछ के बाद घटना में संलिप्त नगर थाना के मीना बाजार के मो फिरोज नदाफ के पुत्र मो रियाज नदाफ और संतुनगर के मो गुलाब के पुत्र मो महबूब को गिरफ्तार किया गया। जहां से एक देसी पिस्टल घटनास्थल से दो खोखा और तीन मोबाइल जब्त किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही कांड के उद्भेदन के लिए एसआईटी का गठन किया गया था एसआईटी में प्रशिक्षु डीएसपी सह एसएचओ जयनगर अंकुर कुमार, दरोगा गोपाल कृष्ण, शेषनाथ प्रसाद, मुकेश कुमार, शुभम कुमार, मिथिलेश कुमार राही, ट्रेनी दरोगा मोनिका कुमारी व जमादार रामजी सिंह को शामिल कर उद्भेदन किया गया ।

## मारपीट, छेड़खानी व लूट की प्राथमिकी

महनार। महनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगर परिषद महनार में एक महिला और उसके पतोहू के साथ मारपीट, गाली, गलौज करते हुये छेड़खानी करने आदि को लेकर महनार थाना में पीड़ित महिला के बयान पर छह लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। पीड़ित महिला की ओर से दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि वह अपनी पतोहू के साथ रात में एक साथ बैठकर बातचीत कर रही थी उसी समय राजीव रंजन उर्फ राजू सिंह , अजीत सिंह, समरजीत उर्फ बुटा सिंह, सुनील सिंह, तरूण सिंह, अभिमन्यू सिंह सभी वार्ड संख्या 16 टांड़ा चौड़ी निवासी घर के पास आ गये व सभी ने एक स्वर में भद्दी-भद्दी गालियों देने लगा। जाति सूचक गाली देते हुए बोला कि घर बनाती हो। पीड़िता ने लिखा है कि उन लोगो के द्वारा पिस्तौल के बल पर उसकी तथा उसकी पतोहू के साथ छेड़खानी शुरू कर दिया। विरोध करने पर सभी ने गाली देते हुये मारपीट शुरू कर दिया। शोर मचाने पर जब लोग जुट गए तो सभी मौके से भाग निकले।

## नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने कराया जाँच

हाजीपुर। रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम ने प्रज्ञा नेत्रालय, हाजीपुर के सहयोग से ग्रामीण सेवा योजनाओं के अंतर्गत नेत्र ज्योति सेवा का शुभारंभ किया। इस नेत्र ज्योति सेवा का उद्घाटन डीजी रोटेरियन बिपिन चाचण व फर्स्ट लेडी शिल्पी चाचण द्वारा किया गया। इसके पश्चात आगत अतिथियों द्वारा नेत्र ज्योति सेवा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। नवादा खुर्द, हाजीपुर स्थित जगदम्बा स्थान परिसर में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने अपने नेत्र का जाँच कर उपचार कराया। मौके पर उपस्थित डीजी रोटेरियन बिपिन चाचण ने बताया कि इस नेत्र ज्योति सेवा के शुभारंभ से वैशाली जिले के 250 ग्राम पंचायत के लोगों को इसकी सुविधा मिल सकेगी। इस शिविर के माध्यम से हमारा लक्ष्य 50000 लोगों तक फायदा पहुँचाना है। वहीं अपने संबोधन में डिस्ट्रिक्ट की फर्स्ट लेडी शिल्पी चाचण ने अधिक से अधिक लोगों को इस शिविर में शामिल होकर अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता दिखाने की अपील की।

# मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के दूसरे चरण के लिए 1 से 25 अगस्त तक दें आवेदन

## जिले के सभी प्रखंडों में सात-सात बसों की खरीदारी का रखा गया है लक्ष्य

प्रात: किरण

गिद्धौर। बिहार सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना' के दूसरे चरण की शुरूआत हो गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य गांवों से प्रखंड मुख्यालयों तक यात्रियों के लिए सुगम बस सेवा प्रदान करना है। साथ ही,इससे बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार का अवसर भी मिलेगा। इस संबंध में जिला परिवहन पदाधिकारी मो.इरफान आलम ने बताया कि योजना के तहत जिले के सभी प्रखंडों में सात-सात बस खरीदे जाने का लक्ष्य है। आवेदन के आधार पर लाभार्थियों को चुना जाएगा,जिन्हें सरकार की ओर से बस की खरीदारी पर पांच लाख रुपए का अनुदान दिया जाएगा। डीटीओ ने बताया कि इस योजना के तहत इच्छुक आवेदक 1 अगस्त से 25 अगस्त तक विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।आवेदन के समय सभी आवश्यक दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य है।डीटीओं ने कहा कि बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिलेगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में यात्री परिवहन की समस्या भी दूर होगी। साथ ही,यह योजना राज्य सरकार के 'आत्मनिर्भर बिहार' के सपनों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस योजना के तहत 31 जुलाई तक विभिन्न प्रखंडों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग योजना का लाभ उठा सके। 1 से 25 अगस्त तक इच्छुक लोक विभागीय पोर्टल पर आवेदन कर सकेंगे। 27 अगस्त तक डीटीओ द्वारा प्रखंड एवं कोटि बार प्राप्त आवेदन के आधार पर वरीयता सूची तैयार की जाएगी। 29 अगस्त को डीएम के नेतृत्व में गठित चयन समिति द्वारा लाभुकों का चयन किया जाएगा। 9 सितंबर को सूची प्रकाशित की जाएगी। सूची के आधार पर तीन दिनों के अंदर लोग दावा-आपत्ति दाखिल कर सकेंगे। 5 सितंबर को फाइनल सूची प्रकाशित की जाएगी और 6 से 10 सितंबर तक डीटीओ द्वारा चयनित लाभुकों को चयन-पत्र उपलब्ध कराया जाएगा।वाहन खरीद के बाद लाभुकों को डीटीओ कार्यालय में कागजात जमा कराने होंगे। इसके सात दिनों के अंदर सीएफएमएस के जरिए उनके बैंक खाते में अनुदान राशि का भुगतान कर दिया जाएगा।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता




मधेपुरा। अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन, मधेपुरा मुकेश कुमार की अध्यक्षता में न्यू एनआईसी कक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक एवं नगर विकास/ ट्रैफिक/ टाउन प्लानिंग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पूर्व में आयोजित किए गए बैठक की कार्यवाही के अनुपालन से संबंधित समीक्षा करते हुए प्राप्त प्रस्तावों पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में मधेपुरा नगर परिषद क्षेत्र में वेंडिंग जोन चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद को दिया गया। बैठक में छोटी तथा बड़ी वाहनों के परिचालन को रेगुलेट करने पर परिचर्चा किया गया। ओवर लोडिंग करने वाले वाहनों एवं अवैध पार्किंग करने वाले वाहनों पर सख्ती बरतते हुए नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। हिट एंड रन मामले में मुआवजा संबंधित कार्रवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा समिति के मूल उद्देश्य जनता की सुरक्षा एवं दुर्घटनाओं पर नियंत्रण हेतु स्पीडिंग, ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग, रैश ड्राइविंग, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग वर्जित आदि सड़क सुरक्षा के मानक नियमों के संबंध में थानाध्यक्षों द्वारा सघन चेकिंग हेतु पुलिस उपाधीक्षक यातायात तथा लोगों के बीच अधिक से अधिक जानकारी का प्रचार प्रसार कराने हेतु जिला परिवहन पदाधिकारी एवं मोटरयान निरीक्षक को निर्देश दिया गया। एंबुलेंस की सुविधा दुरुस्त रखने, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, गोल्डन आवर में ससमय उपचार करने हेतु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को ससमय अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्तियों को पूर्व में प्रोत्साहन के रूप में अब 10 हजार रुपये की राशि दिया जाना है। इस हेतु पुलिस उपाधीक्षक यातायात एवं सिविल सर्जन को सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। सभी संबंधित स्टेकहोल्डर्स को इसका अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया गया।

# विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस पर मंच द्वारा प्रकृति संसाधन संरक्षित करने का दिया गया संदेश

प्रात: किरण



जमुई। जैसे-जैसे मानवता आगे बढ़ती है, हमारे लिए पेड़ों और जानवरों जैसी प्राकृतिक प्रजातियों का संरक्षण करना महत्वपूर्ण होता जा रहा है। यदि इनकी संरक्षण अब नहीं होगी तो ना तो मानव जीवन रहेगा और ना ही सृष्टि उक्त बातें विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर साईकिल यात्रियों द्वारा बताया गया। अपने नियमित रविवारीय यात्रा के 447वें यात्रा के क्रम में आज श्री कृष्ण सिंह स्टेडियम से आधा दर्जन सदस्यो के साथ साईकिल यात्रा निकाली गई जो जमुई बाजार, भाछियार, गरसंडा होते हुए दाबिल ग्राम पहुंची। जहां सदस्यो द्वारा दो दर्जन पौधारोपण कर लोगो को प्रकृति संसाधन को संरक्षित करने के लिए संदेश दिया गया। इस अवसर पर दाबिल ग्राम के निजी जमीन पर एव एस बी इंटरनेशनल स्कूल परिसर में दो दर्जन पौधारोपण किया गया। मंच के सदस्य सचिराज पद्माकर ने बताया की प्रकृति हम इंसानों के लिए बेहद ही जरुरी है। यदि हम यह कहे कि प्रकृति हैं तो हम हैं, तो शायद कुछ गलत नहीं होगा। लेकिन एक तरफ यह भी सच है कि लगातार दुनियाभर में बढ़ रहे प्रदूषण और अन्य कारणों के चलते प्रकृति दूषित हो रही है। ऐसे में प्रकृति की हिफाजत करने और लोगों को प्रकृति की अहमियत समझाने की आज सामूहिक जरूरत बन गई है। मौके पर उपस्थित टिंकू पासवान ने बताया की विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस मानने का उदेस्य यह की हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है कि प्रकृति संसाधन को सहेजे परंतु इंसान की अधिकांश समस्याएं खुद की ही पैदा की हुई हैं और अधिकांश संकट भी उसके खुद के प्रकृति के दोहन की वजह से हैं। चाहे पीने का पानी हो या नदी पहाड़ पशु पक्षी के अस्तित्व को समाप्त करना। इसे बचाए रखने का निरंतर प्रयास होना चाहिए। इस अवसर पर सचिराज पद्माकर, हर्ष कुमार सिन्हा, राकेश कुमार, टिंकू पासवान, शिक्षक दिवाकर कुमार, अमरेश कुमार, दाबिल के वार्ड सदस्य रामाकांत जी सहित विधालय के छात्र छात्रा एव ग्रामीण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जनशताब्दी ट्रेन से गिरकर युवक गंभीर रूप से हुआ घायल

जमुई। झाझा नारगंजो मुख्य रेलखंड अंतर्गत झाझा रेलवे स्टेशन लगभग तीन किलोमीटर दूर सतीघाट के समीप पोल संख्या 364/22 के पास रविवार की सुबह पटना से हावड़ा जाने वाली पटना हावड़ा जनशताब्दी एक्सप्रेस से एक रेलयात्री गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सुबह स्थानीय लोगों के द्वारा घायल अवस्था में घायल रेलयात्री को देखकर तुरंत इस बात की सूचना झाझा थाना को दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके स्थल पर पहुंचकर घायल युवक को उठाकर इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया जहां चिकित्सक के घायल युवक का प्राथमिक उपचार किया गया लेकिन चोट गहरा होने के कारण घायल युवक की स्थिति नाजुक देखकर डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया। घायल युवक की पहचान वैशाली जिला के भगवानपुर क्षेत्र के रहने वाले वीरेंद्र सिंह का पुत्र सोनी सिंह के रूप में हुई है। घटना में युवक का दोनो पैर टूट गया और सिर में गंभीर चोट लगी है। वही पुलिस के द्वारा परिजनों को घटना की जानकारी दिया गया।

### गैस ऑफिस से रेगुलेटर की हुई चोरी

जमुई। शहर स्थित भारत गैस ऑफिस में कुछ युवकों के द्वारा 200 पीस गैस सिलेंडर में लगने वाले गैस रेगुलेटर की चोरी कर ली है जिसके बाद पुलिस ने बसस्टैंड स्थित पावर ग्रीड के बगल में एक बर्तन दुकान से बेचे गए 54 रेगुलेटर को बरामद कर लिया है। दरअसल रविवार की सुबह गैस ऑफिस के मैनेजर कृष्णा पासवान को सूचना प्राप्त हुआ कि गैस ऑफिस के पीछे बने गोदाम से चार पेटी यानि कुल 200 रेगुलेटर की चोरी हो गई जिसके बाद मैनेजर चोरी की घटना थाना में किया गया। शिकायत किए जाने के बाद पुलिस ने इस ओर कार्रवाई करते हुए आसपास के लगे सीसीटीवी कैमरा की तलाशी ली गई तो एक नाबालिग बच्चे के साथ अन्य कुछ युवक नजर आया जिसके बाद पुलिस ने पोस्ट ऑफिस के सामने झुग्गी झोपड़ी बनाकर रह रहे लोगों के पास पहुंचकर उक्त बच्चे को पकड़कर रेगुलेटर बेचे गए दुकान पहुंचा तो उसके दुकान से 54 पीस रेगुलेटर बरामद हुआ है। मैनेजर ने बताया कि चोरी कि हुई कुल 200 गैस रेगुलेटर की किमत पचास हजार रूपए है।

### पुलिस ने बालू लदा ट्रैक्टर किया जब्त, चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

जमुई [ झाझा ] गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त कर चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कि है। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि शैर गांव स्थित उलाय नदी से बेगूसराय के रहने वाले संवेदक संजय कुमार यादव बालू चोरी करता है और उसका मुंशी जयनारायण मंडल दो हजार रूपए में नकली चालान बनाकर उसे देता है। सूचना के आधार पर पुअनि कुंज बिहारी कुमार उक्त स्थल की ओर रवाना हुआ तो शैर गांव के कच्ची मार्ग पर एक बालू लदा ट्रैक्टर आ रहा था जिसके बाद चालक की नजर पुलिस पर पड़ी तो वह वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त करते हुए चालक, मालिक, संवेदक और मुंशी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई करने में जुट चुकी है।

### श्री कृष्ण गौशाला के प्रबंध समिति का चुनाव आज

जमुई [ झाझा ] शहर के पुरानी बाजार स्थित श्री कृष्ण गौशाला के सूचारू से संचालित करने को लेकर श्री कृष्ण गौशाला झाझा के प्रबंध समिति का चुनाव सोमवार को प्रखंड कार्यालय में कि जाएगी। इसको लेकर अनुमंडल पदाधिकारी अभय कुमार तिवारी के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं झाझा अंचलाधिकारी के नाम पत्र जारी किया गया है। प्रबंध समिति के चुनाव में सभी मतदाता, सदस्य को भी स्थानीय पदाधिकारी के द्वारा सूचना दिया जा रहा है। एसडीओ ने बीडीओ, सीओ को चुनाव स्वच्छ एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न करवाने का निर्देश भी दिया है।

### बैठक के दौरान हुए विवाद पर दोनों पक्षों ने थाना में दिया आवेदन

जमुई [ झाझा ] शुक्रवार की रात्रि में शहर स्थित श्रीकृष्ण में बैठक के दौरान दो पक्षों के बीच हुए विवाद को लेकर दोनो पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए थाना में आवेदन दिया। एक पक्ष से विकास कुमार बरनवाल ने बैठक के दौरान सोनू बरनवाल और अन्य पर मारपीट करने का आरोप लगाया है तो वही दूसरी ओर से गौशाला के वर्तमान सदस्य दयाशंकर बरनवाल एवं सदस्यों ने थाना में पहुंचकर आवेदन दिया और बताया कि गौशाला के होने वाले चुनाव को लेकर बैठक कि जा रही थी कि तभी नंदकिशोर बरनवाल का पुत्र विकास बरनवाल, प्रमोद बरनवाल का पुत्र विकास कुमार बैठक के दौरान विवाद किया।

# समाजवादी नेता शिवनंदन झा के प्रतिमा का होगा अनावरण



जमुई/गिद्धौर। बिहार सरकार के पूर्व मंत्री समाजवादी नेता एवं झाझा विद्यानसभा से विद्यायक रहे।

स्व। शिवनंदन झा की प्रतिमा का अनावरण 04 अगस्त को झाझा में किया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी झाझा विद्यानसभा के विद्यायक दामोदर रावत ने एक प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि स्व। झा एक समाजवादी नेता थे। देश स्तर पर गांधी जी के नेतृत्व में चल रहे स्वतंत्रता आंदोलन में उन्होंने गांधी के नेतृत्व में भाग लिया था। देश को आजाद कराने में भी भूमिका निभाई थी। जेपी सेनानी लक्ष्मण झा ने कहा कि समाजवादी आंदोलन में डॉ. राम मनोहर लोहिया लोकनायक जयप्रकाश के साथ उन्होंने भाग लिया। स्व. झा झाझा में अन्याय अत्याचार के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुए 34 बार जेल गए हैं और अंदर की यातनाएं सही हैं।

उसके बाद फिर झाझा के विधायक और बिहार सरकार में मंत्री रहे। झाझा विद्यायक दामोदर रावत के प्रयास से उनकी प्रतिमा का स्थापित की जा रही है। इस मौके पर जदयू जिला महासचिव जयनंदन सिंह, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष कृष्ण कुमार रावत, पूर्व जीप अध्यक्ष ब्रह्मदेव रावत के अलावे कई गणमान्य मौजूद थे।

# वास, आवास व पेंशन आदि मांगों को लेकर भाकपा ने किया प्रखंड कार्यालय पर धरना प्रदर्शन

प्रात: किरण संवाददाता



उदाकिशुनगंज(मधेपुरा)। भूमिहीनों को वास, जरूरतमंदों को प्रधानमंत्री आवास, वृद्धों को पेंशन देने एवं बढ़ते अपराध एवं भ्रष्टाचार पर रोक लगाने आदि मांगों को लेकर शुक्रवार को भाकपा ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। भाकपा के अंचल मंत्री मोती प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाकपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य प्रमोद प्रभाकर ने कहा कि बिहार में अपराध उद्योग और भ्रष्टाचार शिष्टाचार का रूप ले लिया है। भूमिहीनों को वास, गरीबों को प्रधानमंत्री आवास एवं वृद्धो को पेंशन अब नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार गरीबों की नहीं कॉरपोरेटियों की है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट के अनुसार अब सरकारी नौकरी नहीं निजी कंपनियों में रोजगार मिलेगा, तो मोदी जी बताओ दलितों और पिछड़ों के आरक्षण का क्या होगा? उन्होंने कहा कि बजट के अनुसार सोना, चांदी, टीवी, मोबाइल सस्ता होगा परंतु जीवन उपयोगी सामान महंगा होगा। उन्होंने कहा कि किसानों का ऋण माफ नहीं होगा, एमएसपी नहीं मिलेगा परंतु कॉपोरेंट का टैक्स एवं ऋण माफ होगा। प्रभाकर ने मधेपुरा जिला को सुखार क्षेत्र घोषित करने एवं बिहारीगंज से सिमरीबख्तियारपुर भाया उदाकिशुनगंज रेल लाइन का निर्माण करने की मांग की।

भाकपा नेता ने केंद्र व राज्य सरकार को जन विरोधी बताते हुए संघर्ष तेज करने का आह्वान किया। भाकपा के जिला मंत्री विद्याधर मुखिया ने राशन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करने की अवधि दिसंबर तक बढ़ाने एवं बीपीएल परिवार के बिजली कनेक्शन काटने पर रोक लगाने, उदाकिशुनगंज बाजार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सुव्यवस्थित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि गरीबों के साथ नाइंसाफी भाकपा बर्दाश्त नहीं करेगी। भाकपा राज्य परिषद के सदस्य उमाकांत सिंह ने विकास योजनाओं एवं गरीबी उन्मूलन योजनाओं में व्याप्त लूट को रोक लगाने एवं प्रखंड कार्यालय को दलालों से मुक्त करने की मांग की। पार्टी के सहायक अंचल मंत्री अरुण कुमार तांती ने कहा कि शोषितों दलितों पर अत्याचार नहीं सहेंगे, गरीबों की हाकमरी हुई तो भाकपा उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

भाकपा के धरना प्रदर्शन में पार्टी के वरीय नेता डॉ. प्रमोद कुमार सिंह, सचिदानंद शर्मा, सिकंदर मंडल, शंभू पासवान, बीरेंद्र शर्मा, मनोज राम, निरंजन चौधरी, सुरेश चौधरी, धनुष शर्मा, लूरी राम आदि बड़ी संख्यां भाकपा कार्यकर्ता शामिल थे। धरना का संचालन पार्टी के नेता डॉ. प्रमोद कुमार सिंह ने की। अंत में प्रदर्शन कारियों का प्रतिनिधि मंडल 11 सूत्री मांगों का स्मार प्रखंड विकास पदाधिकारी को स्मार- पत्र सौंपा।

# नंद किशोर महतो बने कुशवाहा समाज के प्रदेश सचिव

जमुई/ई०अलीगंजः- समाजिक राजनीतिक क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए गहलौर निवासी नंद किशोर महतो को अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज (भारत) के प्रदेश अध्यक्ष पद पर बिहार प्रदेश सचिव हरिओम कुशवाहा ने मनोनित किया है। नंद किशोर महतो ने मनोनित होने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नागमणि कुशवाहा, एवं प्रदेश अध्यक्ष हरिओम कुशवाहा को इसके लिए धन्यवाद आभार प्रकट करते हुआ कहा है की मेरे नेतृत्व में अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज (भारत) राजनीतिक, समाजिक, आर्थिक, शिक्षा स्वरोजगार के क्षेत्र में मजबूती प्रदान करने का काम करेंगे। प्रदेश सचिव बनने पर जदयू के जिलाअध्यक्ष शैलेंद्र महतो जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नीतीश कुमार, रामाशीष कुशवाहा, धर्मेंद्र कुशवाहा, पुरसंडा पंचायत सरपंच प्रतिनिधि विशुन देव प्रसाद दरखा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुजीत कुमार मेहता श्री राजेंद्र प्रसाद महतो पुरसंडा पंचायत के फैक्स अध्यक्ष श्री कन्हैया प्रसाद मेहता जदयू अलीगंज प्रखंड अध्यक्ष श्री शीतल मेहता नालंदा सांसद प्रतिनिधि डब्लू कुशवाहा समेत कई गणमान्यलोग बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# अकायो इंडिया की तरफ से कोल्हुआ पंचायत भवन में लगाया गया रोजगार मेला

प्रात: किरण संवाददाता




जमुई/गिद्धौरः- प्रखंड क्षेत्र के कोल्हुआ पंचायत भवन में अकायो इंडिया की तरफ से रोजगार मेला लगाया गया।रोजगार मेला में जीआरपी सुभाष कुमार,आदिल खान,राधे कुमार,कौशल कुमार उपस्थित हुए। रोजगार मेला में कोल्हुआ पंचायत के विभिन्न गांव से युवक- युवतियों के द्वारा लगभग 200 आवेदन किया गया। वहीं जीआरपी सुभाष कुमार ने बताया कि आकायों इंडिया युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है। पढ़े-लिखे युवाओं को इसमें रोजगार दिया जा रहा है। जो भी युवक-युवतियों के द्वारा आवेदन किया गया उसका चयन करके ऑनलाइन 3 महीने ट्रेनिंग दिया जाएगा। ट्रेनिंग पूरा होने के बाद के रोजगार इंडिया भर में कहीं भी दिया जाएगा। रोजगार के लिए बंधन बैंक,एचडीएफसी बैंक,आईसीसी बैंक,कोटक बैंक,यस बैंक में क्लर्क के पद पर रोजगार दिया जाएगा।इस मौके पर दर्जनों युवक युवतियों मौजूद थे।

# आइरा संगठन की आवश्यक बैठक आयोजित, लिये गए कई अहम निर्णय

प्रात: किरण संवाददाता



सोनो जमुई। ऑल इंडियन रिपोर्टर एसोसिएशन संघ की एक आवश्यक बैठक रविवार को सगुन वाटिका जमुई मे संगठन के प्रदेश सचिव सह जिला अध्यक्ष श्री विभुति भुषण की अध्यक्षता में आयोजित हुई । बैठक में संगठण को मजबुती प्रदान करने के लिए विभिन्न प्रखंडों से आये सदस्यों की सहमति ली गई । तत्पश्चात जिला सम्मेलन को लेकर विचार विमर्श किया गया । बैठक में सर्व सम्मति से यह फैसला लिया गया है कि जो भी सदस्य लगातार तीन बार बैठक मे अनुपस्थित रहेंगे उनका आईडी कार्ड निर्गत नहीं किया जायेगा । बैठक मे पारित प्रस्तावों मे स्थगित जिला सम्मेलन को पुनः करने के लिए विशेष रूप से शामिल थे । साथ ही संगठन विरोधी काम करने वाले पत्रकार सदस्यों को संगठन से बर्खास्त करने का निर्णय लिया गया है । संगठन को मजबुती प्रदान करने के लिए संगठन सदस्यों की अगली बैठक गिधोर मुख्यालय स्थित सेंट्रल स्कूल गिधोर मे आगामी 4 अगस्त को आयोजित की जायेगी । इस बैठक में हर हाल में सभी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है । गिधोर मे आयोजित बैठक का मुख्य मुददा जिला सम्मेलन कार्यक्रम होगा । साथ ही जो सदस्य गिधोर में आयोजित बैठक में उपस्थित नहीं होंगे उन्हें कारण बताओ नोटीस निर्गत करते हुए संगठन से बर्खास्त करने के लिए समुचित कदम उठाया जायेगा । आज की बैठक में संगठन के जिला अध्यक्ष सह प्रदेश सचिव डॉ0 विभुति भुषण , जिला प्रवक्ता सह जिला उपाध्याय अभिषेक कुमार झा , जिला सचिव विकास कुमार , जिला प्रधान महा सचिव अमित कुमार राय के अलावा हेमंत सक्सेना , नितेश कुमार केशरी , खेरा प्रखंड अध्यक्ष कन्हैया कुमार , सौरभ कुमार मिश्र , राजीव रंजन , लक्की अली , चंद्रदेव बरनवाल , अभिलाष कुमार , राकेश कुमार , बिनय कुमार यादव , सुशील कुमार तथा गोपाल कुमार पांडेय आदि मौजूद रहे ।

### विद्यालयों में शुरू हुआ 'शिक्षा सप्ताह' 3 अगस्त तक चलेगा कार्यक्रम

गिद्धौर। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की चौथी वर्षगांठ के अवसर पर शिक्षा विभाग 3 अगस्त तक 'शिक्षा सप्ताह' मनाएगा। कार्यक्रम की शुरूआत शनिवार से हो गई है।सरकारी,निजी, अनुदानित एवं गैर अनुदानित विद्यालयों में थीम पर आधारित गतिविधियों का आयोजन होना है। डीईओ राजेश कुमार ने बताया कि बच्चों में सामाजिक - भावात्मक सोच को प्रोत्साहन,तिथि भोजन जैसे कार्यक्रम किए जाएंगे। इसमें बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों और आम लोगों को शामिल किया जाएगा। शनिवार को कुछ विद्यालयों में 'शिक्षा सप्ताह' के तहत सामुदायिक सहभागिता दिवस मनाया गया।

# पूर्व राष्ट्रपति डॉ. अब्दुल कलाम की मनाई गई पुण्यतिथि

प्रात: किरण संवाददाता



उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। आधुनिक भारत के निमार्ता भारत रत्न भूत पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए पी जे कलाम की पुण्य तिथि के अवसर पर समाजिक सासंकृतिक संस्था मैं हूँ ऊदाकिशुनगंज के बैनर तले पुण्यतिथि सह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन अग्रणी तकनीकी संस्था मीट कमपूयटर के सभागार में आयोजित कर मिसाईल मैन कलाम को समारोह में शामिल जन प्रतिनिधि, प्रबुद्ध जनो, शिक्षा विद, समाजसेवी एवं संस्थान के छात्रों की ओर से पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर उदाकिशुनगंज अनुमंडल में तकनीकी रोजगारमुखी शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए मीट कमपूयटर के निदेशक परितोष झा को सामाजिक सासंकृतिक संस्था मै हूँ उदाकिशुनगंज की ओर से कलाम स्मृति उदाकिशुनगंज रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समारोह में मौजूद नयानगर पंचायत के पूर्व मुखिया अब्दुल अहद ने कहा कि कलाम भारत की रक्षा नीति के शिल्पकार थे। पूर्व जिला परिषद् सदस्य अमलेश राय ने कहा कि भारत को सबल शिक्षित एवं आत्म निर्भर राष्ट के रूप में दुनिया के मानचित्र पर सुशोभित करने के लिए आजीवन ईमानदारी पूर्वक प्रयास किये। पूर्व उप प्रमुख धीरेन्द्र यादव ने डाक्टर कलाम को मानव सभ्यता की अनमोल धरोहर के रूप में याद किये। पूर्व प्रमुख विकास चंद्र यादव ने डाक्टर कलाम को भारत के सर्वाधिक जन प्रिय महापुरुष बताया। कार्यक्रम के संचालक समाजिक कार्यकर्ता बंसत कुमार झा ने कहा कि डॉ. कलाम एक महान वैज्ञानिक, प्रसिद्ध लेखक, चिंतक एक संवेदनशील महामानव एवं भारत की धरती के महान सपूत थे।

# प्रकृति संरक्षण वर्तमान समय की पुकार

जमुई। विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर नगर परिषद स्थित सिरचंद नवादा में एक परिचर्चा की गई, जिसकी अध्यक्षता डॉ जीएस पासवान ने की। परिचर्चा कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए केकेएम कॉलेज के प्राध्यापक डॉ. गौरी शंकर पासवान ने कहा कि प्रकृति के बिना मनुष्य की सार्थकता और अस्तित्व ही नहीं है। प्रकृति और मानव एक दूसरे की पूरक हैं। विश्व आज पर्यावरण असंतुलन, प्राकृतिक संसाधनों के अविवेकपूर्ण दोहन और प्रदूषण की समस्या से आक्रांत है। वर्तमान समय इन समस्याओं का समाधान मांग रहा है। उन्होंने कहा कि प्रकृति संरक्षण वर्तमान समय की पुकार है। प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण भी अति आवश्यक है। जल, जंगल, जमीन, पहाड़, वायुमंडल ये सभी संसाधन हैं। प्राकृतिक संसाधन प्रकृति की सुंदरतम दिवस है। प्रकृति के इस अनमोल निशुल्क उपहार का मानव जीवन में विशेष महत्व है। पर्यावरण को संतुलित बनाने में इनकी भूमिका रहती है। अतः हम पृथ्वी के सभी मानव का दायित्व है कि वह पर्यावरण और वन्य जीव तथा उनके निवास स्थान को संरक्षण प्रदान करें और प्रबंधन करें। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण पृथ्वी संकट में है। भारत में 28 जुलाई 1949 को सरकार प्रकृति में वनों का प्रतिशत बढ़ाने और संरक्षण के लिए वन महोत्सव मनाने की घोषणा की थी।

# स्वतंत्रता सेनानी सुखदेव बाबू की 20 वीं पुण्यतिथि पर आयोजित की गई भव्य श्रद्धांजलि समारोह

प्रात: किरण संवाददाता




मधेपुरा। बिहारीगंज प्रखण्ड अंतर्गत गमैल गांव में अग्रगण्य स्वतंत्रता सेनानी व गमैल पंचायत के पूर्व मुखिया सुखदेव बाबू की पुण्यतिथि पर एक भव्य श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। जिसमें गांववासियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों व मानस प्रेमियों ने मिलकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस विशेष अवसर पर, सुखदेव बाबू की समाधि स्थल पर स्थित प्रतिमा पर फूलों की मालाएं अर्पित की गईं और उनके जीवन की महानता को उजागर करने के लिए विचार संगोष्ठी व भव्य सुंदरकांड का पाठ किया गया, जिसने समारोह को धार्मिक और सांस्कृतिक छटा प्रदान की। समारोह की अध्यक्षता करते हुए समाजसेवी योगेंद्र नारायण सिंह ने सुखदेव बाबू के संघर्षपूर्ण जीवन और उनके समाज के लिए किए गए अमूल्य योगदान को याद कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए सुखदेव बाबू के आदर्शों और सिद्धांतों की सराहना की और समाज के समग्र उत्थान के लिए उनके मार्गदर्शन का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सुखदेव बाबू के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं और हमारे समाज के विकास में योगदान कर सकते हैं। सुखदेव बाबू की सुपुत्री श्रीमती सरस्वती सिंह ने भी इस अवसर पर अपने पिता की याद में विशेष श्रद्धांजलि अर्पित की।

# वीर शहीदों के सम्मान में आयोजित हुआ श्रद्धांजलि कार्यक्रम



एन.सी.सी यूनिट राजेंद्र नगर के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए किडजी राजेंद्र नगर प्ले स्कूल के बच्चे। बच्चों ने वहा उपस्थित सभी सदस्यों को कार्ड देकर अपना आभार जताया। उक्त कार्यक्रम कारगिल दिवस के अवसर आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में स्कूल की केन्द्र संचालिका मालविका सुरेका ने यूनिट प्रमुख को गुलदस्ता देकर सम्मानित की। उन्होंने कहा कि हर साल 26 जुलाई को भारत में करगिल विजय दिवस मनाया जाता है। इस दिन करगिल युद्ध में शहीद भारतीय सैनिकों के बलिदान और शौर्य को याद किया जाता है। यह युद्ध जम्मू-कश्मीर के करगिल में मई और जुलाई 1999 के बीच हुआ था ।

# बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बनें सुबोध, महासचिव बने परमानंद यादव

प्रात: किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) । उदाकिशुनगंज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व अन्य पदों के द्विवार्षिक चुनाव को लेकर शुक्रवार को काफी गहमागहमी के बीच शांतिपूर्वक माहौल में मतदान संपन्न हुआ। उसी दिन देर शाम परिणाम भी सामने आया। यहां पर कुल 286 में से 256 अधिवक्ताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। करीब 89 फीसदी मतदान हुआ। शुक्रवार की देर शाम मतगणना के बाद चुनाव परिणाम की घोषणा करते हुए निर्वाचित पदाधिकारी जय प्रकाश नारायण सिंह और सहायक निर्वाचित पदाधिकारी डा. धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी मैदान में थे। जहां वोटिंग की प्रक्रिया अपनाया गया। अध्यक्ष पद के लिए वरीय अधिवक्ता सुबोध कुमार सिंह और उदय शंकर झा आमने-सामने थे। मतगणना परिणाम के बाद निवार्ची पदाधिकारी ने वरीय अधिवक्ता सुबोध सिंह के विजयी होने की घोषणा की। अधिवक्ता सुबोध सिंह ने अपने प्रतिद्वंद्वी उदयशंकर झा को 79 वोट से हराया। इसी तरह महासचिव पद के प्रत्याशी परमानंद यादव अपने निकटतम प्रतिद्वंदी संजय कुमार मिश्र को 19 वोट से हराकर दोबारा अपने पद पर कामयाब रहे। कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशी अभिनेश्वर मिश्र अपने निकटतम प्रतिद्वंदी शिवकुमार यादव को आठ वोट से पराजित किया। दो उपाध्यक्ष पद पर गणपति मेहता व महेंद्र कुमार ठाकुर दो अंकेक्षक पद पर गणेश कुमार राय व संतोष कुमार चुने गए।

# घर जा रहे युवक की बाइक की हुई छिनतई

जमुई [ झाझा ] दुकान बंदकर अपने घर जा रहे एक युवक का बाइक दो युवकों के द्वारा छिन लिए जाने का मामला सामने आया है। इस संदर्भ में चितोचक सगड़ाघाट गांव के रहने वाले विरेंद्र पंडित का पुत्र रवि कुमार ने थाना में दोनो युवकों के खिलाफ आवेदन दिया है। पीड़ित ने बताया कि शनिवार की रात्रि लगभग दस बजे मै अपना दुकान बंद कर घर जा रहा था कि तभी चितोचक रास्तें में विकास कुमार राम और संजय राम मेरा रास्ता रोकते हुए गाली गलौज करते हुए जबदस्ती करते हुए मेरा बाइक छिन लिया।

## हर साल परीक्षाओं में अखिल भारतीय स्तर पर समस्या

अजीत द्विवेदी

दिल्ली विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर ने कहा है कि देश के इस सबसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में अकादमिक सत्र दो हफ्ते आगे बढ़ गया है क्योंकि केंद्रीय विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए होने वाली अखिल भारतीय परीक्षा यानी सेंट्रल यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट, सीयूईटी के नतीजे नहीं आएं हैं। पहले से तय कैलेंडर के मुताबिक 30 जून तक नतीजे आ जाने थे। लेकिन सीयूईटी की परीक्षा का आयोजन करने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए ने 30 जून तक आंसर की भी जारी नहीं किए। आंसर की जारी होने के बाद कम से कम 10 दिन का समय लगता है अंतिम नतीजे आने में। एनटीए ने आंसर की तो जारी कर दी है लेकिन नतीजे का इंतजार अब भी हो रहा है ताकि केंद्रीय विश्वविद्यालयों में दाखिले की शुरुआत हो सके। दाखिला होने के बाद ही तो अकादमिक सत्र शुरू होगा।इस बीच देश के एक दूसरे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त विश्वविद्यालय जेएनयू ने स्नातकोत्तर यानी पीजी में दाखिले के लिए अपनी परीक्षा अलग कराने पर विचार शुरू कर दिया है। इसका मतलब है कि एनटीए पर से उसका भरोसा डोल गया है और उसको लग रहा है कि अगर एनटीए के भरोसे रहे तो उसका भी अकादमिक सत्र धीरे धीरे पिछड़ता जाएगा। तीसरी खबर यह है कि विश्वविद्यालयों में लेक्चरर की पात्रता तय करने के लिए होने वाली यूजीसी नेट की परीक्षा अगस्त के महीने में होगी। यह परीक्षा 18 जून को हुई थी और पेपर लीक की आशंका के चलते 19 जून को परीक्षा रद्द कर दी गई थी। परीक्षा रद्द करते ही इसकी जांच सीबीआई को सौंप दी गई, जिसने बताया है कि इसका पेपर लीक नहीं हुआ था। किसी छात्र शरारतपूर्ण तरीके से एक फर्जी पेपर सोशल मीडिया में डाल दिया, जिसे एनटीए ने असली समझ कर परीक्षा रद्द कर दी। सोचें, एनटीए ने सोशल मीडिया में वायरल पेपर का यूजीसी नेट के असली पेपर से मिलान करने की जरूरत भी नहीं समझी। उसे भारत सरकार की एक एजेंसी से सूचना मिली की पेपर ऑनलाइन उपलब्ध है और उसने परीक्षा रद्द कर दी! यह अलग बात है कि नीट यूजी की परीक्षा के पेपर लीक की पुष्टि होने के बाद भी एनटीए ने उस परीक्षा को रद्द नहीं किया था और सुप्रीम कोर्ट में जी तोड़ प्रयास किया कि परीक्षा रद्द नहीं हो। दोनों परीक्षाओं के प्रति उसके अलग अलग रवैए का कारण समझना मुश्किल है। बहरहाल, प्रवेश और प्रतियोगिता परीक्षाओं की इन गड़बड़ियों और शिक्षा व्यवस्था पर पड़ते इनके प्रभाव को लेकर सहज रूप से पूरे देश में चिंता है।

सरकार ने एक देश, एक परीक्षा और एक देश, एक शिक्षा की नीति के चक्कर में सबको मुश्किल में डाला है। ऐसा लग रहा है कि सरकार एक देश, एक सब कुछ से ऑब्सेस्ड है। एक देश, एक चुनाव, एक देश, एक टैक्स, एक देश, एक कानून आदि इसी का नतीजा हैं। यह सब कुछ बिना ये सोचे हो रहा है कि भारत किसी यूरोपीय या अफ्रीकी या लैटिन अमेरिकी देश की तरह का देश नहीं है, जहां पूरी आबादी एक तरह की है और जहां एक तरह की शिक्षा, संस्कृति, भाषा, खान-पान, पहनावा प्रचलित है। भारत एक विशाल देश है, जिसमें असीमित विविधताएं हैं। यहां एक देश, एक सब कुछ का ऑब्सेशन नुकसान पहुंचाने वाला साबित हो सकता है। यह बात परीक्षा और शिक्षा दोनों के मामले में भी सही है। यहां आबादी 140 करोड़ है और एक परीक्षा में इतने लोग शामिल होंगे, जितनी कई देशों की आबादी होती है। इसलिए इतनी बड़ी परीक्षाएं एक साथ आयोजित करने की जिद सरकार को छोड़ देनी चाहिए। मेडिकल, इंजीनियरिंग से लेकर विश्वविद्यालयों में दाखिले की जिम्मेदारी राज्यों पर छोड़नी चाहिए। राज्यवार परीक्षाएं होंगी तो उनके आयोजन की जिम्मेदारी राज्यों के ऊपर होगी। दूसरे, उनमें एक बार में कम छात्र शामिल होंगे और गड़बड़ी होने पर उनका असर भी सीमित होगा। तीसरे राज्य अपनी जरूरत के हिसाब से चयन करेंगे। केंद्र सरकार को केंद्रीय एजेंसियों के जरिए सिर्फ अखिल भारतीय सेवाओं में बहाली की परीक्षाएं ही आयोजित करनी चाहिए। सिर्फ नीट यूजी की परीक्षा, जिस पैमाने पर हुई उससे समझा जा सकता है कि केंद्रीकृत परीक्षा व्यवस्था बनाने से कितनी मुश्किलें हैं।

## कांवड़ों के लिए पदेर्दारी का मतलब

राकेश अचल

भारत के नीति आयोग की नौवीं बैठक से बंगाल की मुख्यमंत्री सुश्री ममता बनर्जी के बहिष्कार की बात करने से ज्यादा महत्वपूर्ण कांवड़ यात्रियों केलिए यूपी में की जा रही पदेर्दारी की बात करना जरूरी है। यूपी की सरकार और जिला प्रशासन कांवड़ यात्रा को लेकर श्रवणकुमार से भी ज्यादा संवेदनशील नजर आ रही है। यूपी के योगी बाबा की सरकार की नौकरशाही ने हरिद्वार में कांवड़ यात्रायों के रास्ते में पड़ने वाली मस्जिदों को सफेद कपडे से ढंकने की कोशिश की है। परदे मस्जिदों पर तो नहीं लगे लेकिन उन्हें छिपाने की कोशिश जरूर की गयी। देश का पहला कावंड यात्री कौन था इसका कोई अभिलेख नहीं है, क्योंकि जब देश में जब पहला कांवड़ यात्री घर से बाहर निकला था तब बाबा की सरकार नहीं थी।

हम लोगों के मन-मष्तिष्क पर पहले कांवड़ यात्री के रूप में श्रवण कुमार का नाम दर्ज है। वे अपने दिव्यांग माँ-बापू को कांवड़ पर लादकर तीर्थ यात्रा करने निकले थे। त्रेता में रघुवंश के तत्कालीन राजा दशरथ के तीर से उनकीमौत हो गयी थी। मुमकिन है कि वर्तमान की कांवड़ यात्रा इसी किंवदंती से प्रेरित हो ?कांवड़ यात्रा को लेकर एक किंवदंती और है। कहते हैं की कांवड़ यात्रा का संबंध दूध के सागर के मंथन से है। जब अमृत से पहले विष निकला और दुनिया उसकी गर्मी से जलने लगी, तो शिव ने विष को अपने अंदर ले लिया। लेकिन, इसे अंदर लेने के बाद वे विष की नकारात्मक ऊर्जा से पीड़ित होने लगे। त्रेता युग में, शिव के भक्त रावण ने कांवड़ का उपयोग करके गंगा का पवित्र जल लाया और इसे पुरामहादेव में शिव के मंदिर पर डाला। इस प्रकार शिव को विष की नकारात्मक ऊर्जा से मुक्ति मिली।

आजकल कांवड़िये अपने माँ-बाप को कांवड़ में बैठकर चलने के लायक तो हैं नहीं सो सांकेतिक रूप से गंगाजल भर कर लाते-ले जाते हैं। वे रावण की तरह शिव को शांत करना कहते हैं। अतीत में लोग चुपचाप कांवड़ यात्रा पर जाते थे, वर्तमान में ढोल बजाकर जाते हैं। सरकार कांवड़ यात्रियों का स्वागत करती हैं। हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा कराती है। कांवड़ियों के रास्ते में लगे बाजारों में दुकानों, ठेलो पर दुकानदारों की नेम प्लेट्स लगवाती है और अब तो रस्ते में पड़ने वाली मस्जिदों को अद्दश्य करने के लिए सफेद कपडे की कनातें लगाने लगी है।

मुझे लगता है कि ये सब करने की प्रेरणा सरकार और नौकरशाहों को भोले बाबा देते होंगे। यदि ये बात गलत है तो फिर तय है कि ये सब बाबा के दिमाग की उपज होगी। कनातें लगाने से कांवड़ यात्रा अशुद्ध नहीं होगी इसकी क्या गारंटी है ? कांवड़िये श्रवण कुमार नहीं है। वे उन्माद से भरे है। चिलम फूंकते हैं। तोड़फोड़ करते हैं। प्रशासन कांवड़ियों के रास्ते में पड़ने वाली शराब की दुकानों पर पर्दा नहीं डालता क्योंकि शराब की दुकाने देखकर कांवड़ियों का मन नहीं डोलता लेकिन मस्जिद देखकर डोल सकता है। मन होता ही डांवांडोल होने के लिए है। कनावड़ियों का मन नहीं डोला तो प्रशासन का मन डोल गया। ये बात और है कि हरिद्वार प्रशासन ने कुछ ही देर में ज्ञानचक्षु खुलनेपर ये कनातें हटा लीं। यूपी प्रशासन ने मुजफ्फरनगर और हरिद्वार में तो कांवड़ियों को विचलित होने से रोक लिया लेकिन मेरठ में कांवड़ियों ने अपना रौद्र रूप दिखा दिया और एक कार का कचूमर लगा दिया। आरोप है की दिल्ली रोड पर मेरठ साउथ स्टेशन के नीचे आराम कर रहे गाजियाबाद निवासी शिवभक्त मोहित की कांवड़ पर शनिवार शाम को मेट्रो के कर्मचारी ने गुटखा खाकर थूक दिया। जिसे कांवड़ियों ने देखा लिया और कांवड़ खंडित करने का आरोप लगा हंगामा किया। बेचारी कार का इसमें कोई दोष नहीं था। आप यकीन कीजिये की मेरी भी हसरत थी की मई एक बार कांवड़ लेकर निकलूं, लेकिन कांवड़ियों का लोक-व्यवहार देखकर मैंने अपना मन समझा लिया। यूपी की सरकार को भी अपना मन समझा लेना चाहिए। उसे केवल कानून और व्यवस्था के लिए अपनी ऊर्जा खर्च करना चाहिए न की कांवड़ियों की सेवा कर पुण्य कमाने के लिए। मुश्किल ये है की न सरकार मानती है और न यूपी की नौकरशाही। दोनों पुण्य कमाने पर आमादा हैं। देश में सरकारें जब तक अपने आपको धर्म-कर्म से मुक्त नहीं करेंगी, समस्याएं बरकरार रहेंगीं। देश में कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा करना ही सबसे बड़ा मुद्दा नहीं है। मुद्दे और हैं, जिन्हें इस कांवड़ यात्रा के बहाने छिपाया जा रहा है। संसद में जिन मुद्दों पर बहस होना चाहिए वो नहीं हो रही ह। नीति आयोग में ठकुरसुहाती को मौका दिया जा रहा है लेकिन सबका साथ, सबका विकास का सूत्र छोड़ दिया गया है। नीति आयोग कीबायथक में आधा दर्जन से अधिक राज्यों के मुख्यमंत्री नहीं आये लेकिन बैअतःक हो गयी, क्योंकि भाजपा शास्त राज्यों के मुख्यमंत्री तो बैठक में थे। बैठक इन्हीं के लिए तो आयोजित की गयी थे।

# अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस : आइये करें बाघों का संरक्षण

**आंकड़ों के अनुसार, 2022 में भारत में बाघों की संख्या 3,682 थी, जो विश्व में बाघ की आबादी का लगभग 75 प्रतिशत है। और लगातार वृद्धि भी हो रही है। बाघ की होती कमी यानि मौत आदि को लेकर मीडिया में अक्सर सवाल उठते रहते हैं। मीडिया में बाघ इकोलोजी के संदर्भ और बाघ के मृत्यु के कारण का पता लगाने के लिए भारत सरकार द्वारा की जाने वाली कड़ी मेहनत पर विचार किए बिना भारत में वर्ष 2023 में बाघों की मौत की उच्च संख्या को उजागर करने वाली रिपोर्टें आई। तीसरे पक्ष के अविश्वसनीय और अप्रामाणिक डेटा को मीडिया में पूरे मामले को सनसनीखेज बनाकर उजागर किया गया है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के पास बाघ की मौत का कारण बताने के लिए एक कड़ा और मजबूत प्रोटोकॉल है, जिसे तब तक अप्राकृतिक माना जाता है जब तक कि संबंधित राज्य तस्वीरों और परिस्थिति के अनुसार साक्ष्यों के साथ नेक्रोप्सी रिपोर्ट, हिस्टोपैथोलॉजिकल और फोरेंसिक आकलन प्रस्तुत करके अन्यथा साबित न कर दे। यह प्रोटोकॉल एक समर्पित मानक संचालन प्रक्रिया में उल्लिखित है।**





**संजय कुमार**

हर साल 29 जुलाई, अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस आते ही बाघ की दहाड़ को बचाने की मुहिम हर ओर सुनाई पड़ने लगती है, हो भी क्यों न ? बाघ की दहाड़ जो कम होती जा रही है। पिंजड़ानुमा वाहन में बैठ हम इंसान टाइगर रिजर्व में बाघ को देख आहे तो भरते हैं। वहीं दुनिया की सबसे बड़ी बिल्ली होने का गौरव प्राप्त बाघ का शिकार करने से बाज नहीं आते हैं।

गंभीर बात यह है कि देश में पिछले पांच साल में प्राकृतिक और अवैध शिकार सहित अन्य कारणों से कुल 628 बाघों की मौत हुई है। एक एजेंसी द्वारा जारी सरकारी आंकड़ों के हवाले से यह जानकारी दी है। वहीं, भारत में इस अवधि के दौरान बाघों द्वारा हमला किए जाने से कुल 349 लोगों ने अपनी जान गंवाई है।

राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के अनुसार, भारत में साल 2019 में 96 बाघ, 2020 में 106, 2021 में 127, 2022 में 121 और 2023 में 178 बाघों की मौत हुई। यानि पांच साल में कुल 628 बाघों की मौत हो चुकी है। आंकड़ों में यह बताया गया है कि साल 2012 की तुलना में 2023 में सबसे अधिक बाघों की मौत हुई है। पिछले दिनों राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में बताया कि 2019 और 2020 में बाघों के हमलों में 49-49 लोग मारे गए हैं, जबकि 2021 में 59, 2022 में 110 और 2023 में 82 लोगों की मौत हुई। उत्तर प्रदेश में बाघों के हमलों में 59 लोगों की मौत हुई, जबकि मध्य प्रदेश में 27 लोग मारे गए हैं। आंकड़ों के अनुसार, 2022 में भारत में बाघों की संख्या 3,682 थी, जो विश्व में बाघ की आबादी का लगभग 75 प्रतिशत है। और लगातार वृद्धि भी हो रही है।

बाघ की होती कमी यानि मौत आदि को लेकर मीडिया में अक्सर सवाल उठते रहते हैं। मीडिया में बाघ इकोलोजी के संदर्भ और बाघ के मृत्यु के कारण का पता लगाने के लिए भारत सरकार द्वारा की जाने वाली कड़ी मेहनत पर विचार किए बिना भारत में वर्ष 2023 में बाघों की मौत की उच्च संख्या को उजागर करने वाली रिपोर्टें आई। तीसरे पक्ष के अविश्वसनीय और अप्रामाणिक डेटा को मीडिया में पूरे मामले को सनसनीखेज बनाकर उजागर किया गया है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के पास बाघ की मौत का कारण बताने के लिए एक कड़ा और मजबूत प्रोटोकॉल है, जिसे तब तक अप्राकृतिक माना जाता है जब तक कि संबंधित राज्य तस्वीरों और परिस्थिति के अनुसार साक्ष्यों के साथ नेक्रोप्सी रिपोर्ट, हिस्टोपैथोलॉजिकल और फोरेंसिक आकलन प्रस्तुत करके अन्यथा साबित न कर दे। यह प्रोटोकॉल एक समर्पित मानक संचालन प्रक्रिया में उल्लिखित है। इन दस्तावेजों के गहन विश्लेषण के बाद ही इन बाघों की मौत का कारण निर्धारित किया जा सकता है। पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित करने और सभी दर्शकों के सामने बाघों की मौत की सच्ची तस्वीर प्रस्तुत करने के लिए ये निष्कर्ष एनटीसीए की वेबसाइट पर दर्शाए गए हैं। देश में 25 दिसंबर, 2023 तक, 177 बाघों की मौत हुई है, न कि 202 की, जैसी कि गलत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। यह मुख्य रूप से उन राज्यों में रहा, जहां बाघों की संख्या काफी अधिक है और उनके आवास उनकी वहन क्षमता के अनुसार काम कर रहे हैं। महाराष्ट्र में सबसे अधिक 45 मौतें दर्ज की गई हैं, इसके बाद मध्य प्रदेश में 40, उत्तराखंड में 20, तमिलनाडु में 15 और केरल में 14 मौतें हुई हैं।

इसके अलावा, इनमें से 54 प्रतिशत मौतें बाघ अभयारण्यों के बाहर हुई हैं। जबकि जंगल में एक बाघ की औसत आयु लगभग 10-12 वर्ष होती है, 2023 में बाघों की मृत्यु का 40 प्रतिशत में शावक और उप-वयस्कों का समूह शामिल है, आयु वर्ग जिनमें बाघ भूमि कार्यकाल की गतिशीलता के कारण स्वाभाविक रूप से उच्च मृत्यु दर है। जिन मामलों में कारण की पुष्टि की गई है, उनमें यह प्रवृत्ति स्पष्ट है कि 77 प्रतिशत से अधिक प्राकृतिक कारणों से या अवैध शिकार से संबंधित नहीं हैं। भारत में जंगली बाघ प्रति वर्ष 6 प्रतिशत की स्वस्थ दर से बढ़ रहे हैं। इन सब के बीच केंद्र सरकार लगातार बाघों के संरक्षण की दिशा में पहल कर रही है तो वहीं, वन्य जीव संरक्षण में लगे पर्यावरण संरक्षक भी सक्रिय हैं। इस दिशा में देखा जाये तो केंद्र प्रायोजित योजना-बाघ परियोजना ने सफल कार्यान्वयन के 50 वर्ष पूरे भी कर लिए हैं। इस परियोजना ने भारत के लुप्तप्राय जंगली बाघों को बहाली के सुनिश्चित मार्ग पर ला खड़ा किया है। 9 अप्रैल 2023 को कर्नाटक के मैसूर में प्रधानमंत्री के द्वारा एक स्मारक कार्यक्रम ह्लबाघ परियोजना के 50 वर्षों का स्मृति उत्सवह्व का उद्घाटन किया भी गया था। वहीं पर प्राकृतिक और अवैध शिकार सहित अन्य कारणों से बाघ की मौत सवाल भी छोड़ जाता है । वहीं, गौरव की बात है कि भारत में दुनिया के 70 प्रतिशत से अधिक जंगली बाघों का घर है। बाघों के संरक्षण को लेकर लगातार पहल से तस्वीर बदल रही है। अखिल भारतीय बाघ अनुमान 2022 सारांश रिपोर्ट के 5वें चक्र के अनुसार, भारत में न्यूनतम 3167 बाघ हैं। कैमरा-ट्रैप्ड और गैर-कैमरा-ट्रैप्ड बाघ उपस्थिति क्षेत्रों के लिए नवीनतम गणना मॉडल का उपयोग करके आगे के डेटा विश्लेषण से, बाघों की संख्या की ऊपरी सीमा 3925 और औसत संख्या 3682 बाघ होने का अनुमान है, जो 6.1 प्रतिशत प्रतिवर्ष की सराहनीय वार्षिक वृद्धि दर को दशार्ता है। बाघ अभयारण्यों की प्रबंधन प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए, एनटीसीए 4 वर्षों के अंतराल पर ह्लप्रबंधन प्रभावी मूल्यांकनह्व (एमईई) कर रहा है। जो बाघ के संरक्षण में सहायक प्रतीत होता है। प्रबंधन प्रभावशीलता मूल्यांकन (एमईई) का 5वां चक्र 2022 के दौरान 51 बाघ अभयारण्यों के लिए किया गया था। रिपोर्ट 29 जुलाई 2023 को उत्तराखंड के कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में ह्यग्लोबल टाइगर डे इवेंट 2023ह्ण के दौरान जारी की गई थी। कुल 12 बाघ अभयारण्यों ने ह्यउत्कृष्टह्ण श्रेणी हासिल की है। इसके बाद 21 टाइगर रिजर्व ह्यअति उत्तमह्ण श्रेणी में,13 टाइगर रिजर्व ह्यअच्छीह्ण श्रेणी में और 5 टाइगर रिजर्व ह्यठीकह्ण श्रेणी में हैं।

बाघों की पुनर्स्थापना के मद्देनजर बाघ अभयारण्यों में, जहां हाल ही में बाघ स्थानीय रूप से विलुप्त हो गए हैं, जंगली बाघों की संख्या की पुनर्स्थापना के लिए सक्रिय प्रबंधन के एक भाग के रूप में, बाघों के पुनर्स्थापना की पहल की गई है। इस सक्रिय प्रबंधन पहल के अंतर्गत, राजाजी टाइगर रिजर्व (उत्तराखंड), माधव नेशनल पार्क (मध्य प्रदेश), मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व और रामगढ़ विषधारी (राजस्थान) के पश्चिमी भाग में बाघों को फिर से लाया गया है। बक्सा टाइगर रिजर्व में बाघों को फिर से लाने का प्रयास किया जा रहा है। नए टाइगर रिजर्व की घोषणा भी मायने रखती है। मध्य प्रदेश में नए टाइगर रिजर्व ह्लरानी दुर्गावतीह्व की घोषणा के साथ, काउंटी में बाघ रिजर्व की कुल संख्या 78,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र के साथ 54 हो गई है और भारत के भौगोलिक क्षेत्र का 2.30 प्रतिशत से अधिक शामिल है। बाघ संरक्षण को लेकर भारत, बांग्लादेश और कंबोडिया से द्विपक्षीय बैठक कर चुका है, भारत ने बाघ और उसके आवास की जैव विविधता संरक्षण और टिकाऊ वन्यजीव प्रबंधन बहाली रणनीति में सहयोग पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किए।

भारत की बाघ परियोजना ने पिछले पांच दशकों में बाघ संरक्षण में उत्कृष्ट प्रगति की है, लेकिन अवैध शिकार, आवास की समस्या जैसी चुनौतियाँ बाघ संरक्षण के लिए खतरा बनी हुई हैं। हालाँकि, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) बाघों के आवासों और गलियारों की सुरक्षा के लिए बाघ रेंज वाले राज्यों के वन विभागों के साथ लगातार काम कर रहा है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए भारत के बाघों और उनके इकोसिस्टम के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। बहरहाल, इस इकोसिस्टम में बाघ की भूमिका अहम है, इसे सिर्फ देख कर खुश होना, आहे भरने से काम नहीं चलेगा। सरकारी, संस्थन,विशेषज्ञ इसके संरक्षण के लिए सक्रिय हैं ऐसे में आम जनता को आगे आना होगा।

# भारत 'विकसित' नहीं चौतरफा लड़खड़ा रहा है !

**महंगाई के सवाल पर तो उसने आत्म-समर्पण कर दिया है। बेरोजगारी का जो समाधान उसने पेश किया है, उसे दिखावटी से ज्यादा कुछ मानने का तर्क नहीं है। तो विचारणीय प्रश्न यह है कि भारत विकसित हो रहा है या चौतरफा लड़खड़ा रहा है ? लोकसभा चुनाव के दौरान ही ये बात जाहिर हो गई कि ह्यविकसित भारत का नारा लोगों को उत्साहित या आकर्षित नहीं कर रहा है। इसके प्रति लोगों की उदासीनता का आलम यह था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के अन्य नेताओं ने पहले चरण के मतदान के बाद अपने प्रचार अभियान में इस थीम को हाशिये पर डाल दिया। इसके विपरीत हिंदुत्व का डोज (खूराक) बढ़ाने का दांव उन्होंने चला। वह भी कितना कारगर रहा, यह चार जून को आए चुनाव नतीजों से जाहिर हो चुका है। यह निर्विवाद है कि लोकसभा के चुनाव का प्रमुख कथानक महंगाई, बेरोजगारी, अवसरहीनता आदि जैसे ठोस और रोजमर्रा की जिंदगी की जुड़े मुद्दों से तय हुआ। इसके बावजूद अपने तीसरे कार्यकाल में नरेंद्र मोदी सरकार ने विकसित भारत अपना थीम बनाए रखा है, तो यही कहा जाएगा कि हकीकत से आंख मिलाने का साहस या क्षमता उसमें नहीं है।**





**ललित गर्ग**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

नरेंद्र मोदी सरकार में इस विद्रूपता से भारत की इच्छाशक्ति और समझ का सिरे से अभाव है। बेरोजगारी और महंगाई जैसे प्रश्नों पर वह नव-उदारवादी फॉमूर्लों पर पुनर्विचार करने तक को तैयार नहीं है। चूंकि हाल के आम चुनाव में इन दोनों समस्याओं के कारण उसे गंभीर झटके लगे, इसलिए वह इस दिशा में कुछ करते तो दिखना चाहती है, लेकिन सचमुच कुछ करना नहीं चाहती! महंगाई के सवाल पर तो उसने आत्म-समर्पण कर दिया है। बेरोजगारी का जो समाधान उसने पेश किया है, उसे दिखावटी से ज्यादा कुछ मानने का तर्क नहीं है। तो विचारणीय प्रश्न यह है कि भारत विकसित हो रहा है या चौतरफा लड़खड़ा रहा है ?

लोकसभा चुनाव के दौरान ही ये बात जाहिर हो गई कि ह्यविकसित भारतह्ण का नारा लोगों को उत्साहित या आकर्षित नहीं कर रहा है। इसके प्रति लोगों की उदासीनता का आलम यह था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के अन्य नेताओं ने पहले चरण के मतदान के बाद अपने प्रचार अभियान में इस थीम को हाशिये पर डाल दिया। इसके विपरीत हिंदुत्व का डोज (खूराक) बढ़ाने का दांव उन्होंने चला। वह भी कितना कारगर रहा, यह चार जून को आए चुनाव नतीजों से जाहिर हो चुका है। यह निर्विवाद है कि लोकसभा के चुनाव का प्रमुख कथानक महंगाई, बेरोजगारी, अवसरहीनता आदि जैसे ठोस और रोजमर्रा की जिंदगी की जुड़े मुद्दों से तय हुआ। इसके बावजूद अपने तीसरे कार्यकाल में नरेंद्र मोदी सरकार ने ह्यविकसित भारतह्ण अपना थीम बनाए रखा है, तो यही कहा जाएगा कि हकीकत से आंख मिलाने का साहस या क्षमता उसमें नहीं है। पिछले महीने संसद के साझा सत्र में दिए अपने अभिभाषण में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एलान किया था कि 2024-25 के बजट में सरकार ह्यविकसित भारतह्ण की कार्यसूची पेश करेगी। 23 जुलाई को पेश बजट को मोदी सरकार ने ह्यविकसित भारत की तरफ यात्रा का रोडमैपह्ण कहा है। इसमें पेज-दर-पेज ह्यविकसित भारत की प्राथमिकताएं बताई गई हैं। यानी जो जुमला चुनाव अभियान में लोगों को लुभा नहीं सका, जिस पर लोगों ने यकीन नहीं किया, उसे ही इस बजट का मुख्य विषयवस्तु बनाया गया है। इसलिए यह सवाल विचारणीय हो जाता है कि आखिर किसी अर्थनीति और विकास नीति का मकसद क्या होना चाहिए ? उनकी सफलता का पैमाना क्या होना चाहिए ? बीसवीं सदी के आरंभ में जब सोवियत क्रांति के साथ समाजवाद सपनों की रूमानी दुनिया से उतर कर जमीनी हकीकत का रूप लेना लगा, तो पहली बार तत्कालीन पूंजीवादी और अन्य व्यवस्थाओं के सामने भी अपना लक्ष्य तय करने और कुछ सपने जगाने की चुनौती पेश आई थी। क्या पूंजीवाद आधारित ह्यलोकतंत्रह्ण खुद में सामाजिक एजेंडा जोड़ कर समाजवादी क्रांति का विकल्प पेश सकता है, यह बहस खड़ी हुई थी। उसी दौर में जॉन मेनार्ड कीन्स ने अर्थनीति संबंधी अपनी समझ दुनिया के सामने रखी, जो धीरे-धीरे पूरे पूंजीवादी विश्व का स्वीकृत आर्थिक एजेंडा बन गई। कीन्स की आर्थिकी ने क्रांतिकारी समाजवाद के विकल्प के रूप में शांतिमय प्रगति आधारित लोकतांत्रिक पूंजीवाद के लक्ष्यों और उन्हें हासिल करने के मार्ग की व्याख्या की थी। बताया गया कि इस अर्थनीति का पालन करते हुए संपूर्ण रोजगार हासिल किया जा सकता है। जब हर व्यक्ति के पास सम्मानजनक रोजगार होगा, तो उसका जीवन स्तर क्रमिक रूप से उठेगा और समाज समृद्ध एवं खुशहाल बनेगा। ऐसे समाज में आमदनी बढ़ने के कारण कर उगाही भी स्वाभाविक रूप से बढ़ेगी, जिससे सरकारें जन-कल्याण एवं पुख्ता सामाजिक सुरक्षा की व्यवस्था कर सकेंगी। यानी कुल सोच यह थी कि पूंजीवाद धन पैदा करेगा जो धीरे-धीरे रिस कर निचले तबकों तक पहुंचेगा। इस तरह सभी खुशहाल होंगे।

पूंजीपति और धनिक तबकों ने अपनी नव-उदारवादी मुहिम के तहत इसी सोच पर हमला बोला। 1980 का दशक आते-आते उनकी यह मुहिम कामयाबी की राह पर चल निकली। 1990 के दशक में इस सोच और इस पर आधारित आर्थिकी का लगभग सारी दुनिया में प्रसार हो गया। 1991 में यह आर्थिकी भारत पहुंची और आज उसका सबसे विद्रूप चेहरा हमारे सामने है। ताजा बजट ने यही दिखाया है कि नरेंद्र मोदी सरकार में इस विद्रूपता से भारत की इच्छाशक्ति और समझ का सिरे से अभाव है। बेरोजगारी और महंगाई जैसे प्रश्नों पर वह नव-उदारवादी फॉमूर्लों पर पुनर्विचार करने तक को तैयार नहीं है। चूंकि हाल के आम चुनाव में इन दोनों समस्याओं के कारण उसे गंभीर झटके लगे, इसलिए वह इस दिशा में कुछ करते तो दिखना चाहती है, लेकिन सचमुच कुछ करना नहीं चाहती! महंगाई के सवाल पर तो उसने आत्म-समर्पण कर दिया है। इस बात का प्रमाण 22 जुलाई को संसद में पेश 2023-24 की आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट में मिला। इसमें खाद्य पदार्थों की ऊंची महंगाई दर का जिक्र किया गया और इसका कारण आपूर्ति संबंधी दिक्कतों को बताया गया। रिपोर्ट में कहा गया है: ह्यअक्सर खाद्य पदार्थों की महंगाई का कारण मांग से संबंधित नहीं, बल्कि आपूर्ति से संबंधित है। तो इस रिपोर्ट के जरिए सरकार ने दलील दी है कि ब्याज दरें बढ़ा कर महंगाई पर काबू पाने का तरीका मौजूदा खाद्य महंगाई के संदर्भ में कारगर नहीं होगा। इसलिए भारतीय रिजर्व बैंक से सिफारिश की गई है कि वह खाद्य पदार्थों के अलावा बाकी मुद्रास्फीति दर पर गौर करे, जो अब नियंत्रण में है। यानी वह ब्याज दरों में कटौती शुरू कर दे। मतलब, सरकार मानती है कि खाद्य पदार्थों की महंगाई इसलिए है कि किसान पर्याप्त मात्रा में अनाज, सब्जियों और अन्य खाद्य पदार्थों का उत्पादन नहीं कर पा रहे हैं। क्या यह सच है ? क्या इस बात को स्वीकार किया जा सकता है ? दरअसल, आज की मोनोपॉली नियंत्रित अर्थव्यवस्था के दौर में महंगाई सिर्फ मांग और आपूर्ति के आपसी संबंध से तय नहीं हो रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसाबेला बेवर जैसी अर्थशास्त्री और भारत के संदर्भ में रिजर्व बैंक के पूर्व डिप्टी गवर्नर विरल आचार्य ने अपने अनुसंधानों से यह साबित किया है कि महंगाई का एक बड़ा कारण मोनोपॉली घरानों की मुनाफाखोरी है। भारत में आढ़तियों के माध्यम से मोनोपॉली घराने अनाज, फल और सब्जियों आदि के बाजार भाव को प्रभावित या नियंत्रित कर रहे हैं। मगर इस नजरिए से महंगाई को देखने और और उसका समाधान ढूंढने का साहस सरकार (वैसे तो लगभग सारे राजनीतिक दलों) में नहीं है। इसीलिए पहले ब्याज दरों में कटौती को एकमात्र उपाय माना गया और उद्योगपतियों की मांग के दबाव में आकर खाद्य महंगाई को नजरअंदाज करते हुए ब्याज दर घटाने की सलाह उसने रिजर्व बैंक को दी सरकार ने दी है।

# श्रावण मासः शिवत्व की उपासना कीजिएः अवधेश झा

अवधेश झा

शिवजी को समर्पित यह श्रावण मास का शुभारंभ हो चुका है। शिव भक्त अनन्य प्रकार से शिवभक्ति में लीन है। यह चातुर्मास मास जोकि अध्यात्मिक उत्थान के लिए महत्वपूर्ण है, इसे आदि काल से ही आध्यात्मिक अनुसंधान के दृष्टि से सर्वोत्तम माना गया है। वर्षा ऋतु होने से इसमें जल तत्व की प्रधानता होती है। शिव स्वयं अपने जटाओं में हरि पद पद्म गंगा धारण किए हुए हैं। यह भागीरथी गंगा भगवान नारायण के चरण कमल से, ब्रह्म जी के कमंडल में ब्रह्मलोक आई और वहां से शिव के जटाओं में, और तदुपरांत धरती पर संपूर्ण जीवों के कल्याण व मुक्ति के लिए लाया गया। इससे स्पष्ट है कि मुक्ति का आदिकाल से ही महत्व रहा है और भागीरथी प्रयास सबके लिए आवश्यक है। शिवत्व विषय पर मैंने अध्यात्म दर्शन के ज्ञाता जस्टिस राजेंद्र प्रसाद (पूर्व न्यायाधीशः पटना उच्च न्यायालय, पटना) से उनका विचार जानना चाहा। श्री प्रसाद स्वयं शिव भक्त भी है तथा लगातार उन्तीस (29) वर्षों तक उन्होंने पैदल कावड़ यात्रा कर वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग महादेव को गंगाजल अर्पित किए है इस विषय पर उन्होंने कहां; ह्लशिव मुक्ति दाता हैं और शिव तत्व की उपासना से सभी तरह की मुक्ति संभव है। शिव की उपासना तभी संभव है जब आप सांसारिक दुगुर्णों का विषपान कर लेंगे। अपने अंदर काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार आदि विषों का भीतर ही दमन कर शुभ संकल्प को ही बाहर प्रकट करेंगे। शिव से यही शिक्षा मिलती है। शिव भी अपना शिवत्व विषपान के बाद ही स्थापित किए है, संसार में व्याप्त विष रूप काल समस्त संसार को नष्ट कर सकता है, इसलिए इसका भीतर ही दमन कर शुभता को प्रकट करना ही वास्तविक शिव उपासना है। त्रिदेव में शिव आदि, अजन्मा हैं। सृष्टि संचालन हेतु, नारायण कई अवतार लिए है। ब्रह्मा, विष्णु और शिव भेद दृष्टि से अलग अलग प्रतीत होते हैं, लेकिन अभेद दृष्टि से सब एक ही है। उसी असमानता का नाश शिव करते हैं। भेद दृष्टि से मुक्ति दिलाकर, आत्म स्वरूप प्रदान करना ही शिव का कार्य है। यह शिव तत्व की उपासना से संभव है। आध्यात्मिक दृष्टि से भी देखा जाए तो शिव जो कि अपने आत्मस्थिति में हैं, और उनकी आत्मस्थिति में न विष बाधक है और नहि सर्प; जबकि, उनके गले में सर्प है और गले के अंदर विष का भंडार है। ऐसे शिव जो स्वयं अमृत हैं (जिसकी मृत्यु संभव नहीं है, वह केवल शिवात्मा ही हो सकता है) अर्थात आत्म स्वरूप प्रदान करने वाले शिव है। अमरत्व प्रदान करने वाले शिव हैं। उस, शिव की आराधना से शिवत्व की प्राप्ति होगी। सूक्ष्मता से देखा जाए तो, शिव हरि के उपासक हैं और श्रीहरि पालनकर्ता हैं। तो अब प्रश्न उठता है, कि प्रलय या संहार किसका होगा ? और ईश्वर संहार क्यों करेंगे ? इस प्रश्न के उत्तर से पूर्व सृजनकर्ता और पालनकर्ता को समझना होगा और उनसे जुड़े ईश्वर को समझना होगा। जिस त्रिदेव को दृश्य जगत में, भेद दृष्टि से भिन्न समझ रहें है, पर वह वास्तव में एक ही है। व्यक्त भाव में जगत संचालार्थ ईश्वर के तीन कार्य सृजन कार्य, पोषण और संहार कार्य है। यहां आत्मा तो सत्य, नित्य, अजन्मा और अमर है उसका कभी नाश नहीं होता, तो उस स्थिति को यथास्थिति बनाए रखने का कार्य भगवान विष्णु का है और आत्मा के इस सृष्टि में अधर्म तथा असत्य की स्थिति दीर्घ काल तक नहीं रह सकता है। इसलिए, नारायण उस स्थिति को पुनः सत्य रूपी धर्म की स्थिति में स्थापित करने हेतु शुद्ध, स्वयं के स्वरूप में अवतरित होते है और धर्म रूपी सत्य की स्थापना करते हैं। अब प्रश्न शेष है कि आत्मा अजन्मा है, तो आत्मा जन्म कैसे लेगी ? और इसका संहार कैसे संभव है ? तथा मुक्ति किसे और किससे चाहिए ? तो जैसा शास्त्रों में कहा गया है कि शुद्ध सच्चिदानंद स्वरुप आत्मा जब प्रकृति रूप और नाम की उपाधि शरीरह्व धारण करता है, जो शरीर ब्रह्मा द्वारा प्रदान किया जाता है; उस उपाधि में भी शुद्ध स्वरूप की यथास्थिति बनाए रखना तथा प्राकृतिक रूप से पुष्टता प्रदान करना, भगवान विष्णु का कार्य है और भगवान शिव प्रकृति के अधिष्ठाता हैं और अपने आत्म स्वरूप में हैं तथा उनका आवरण ही प्रकृति है।

## संक्षिप्त खबरें

### बेटे बेटियों ने की मां-बाप की पूजा

छपरा कार्यालय। राष्ट्रीय माता-पिता दिवस पर बच्चो ने अपने माता-पिता का चरण पखाकर पूजा अर्चना किया और उनकी आरती उतारी और मिष्ठान खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।अपने बच्चो की मातृ-पितृ भक्ति देखकर वे काफी प्रसन्न दिखे।माता-पिता अपने बच्चो के भविष्य को संवारने और उन्हे आगे बढाने के लिए तन,मन और धन सबकुछ अर्पित कर देते है,यहां तक की कुछ माँ-बाप तो अपने बुढापे की संचित संपत्ति को भी अपने बेटे भविष्य पर अर्पित कर देते हैं।यदि कर्ज लेकर भीं बेटे-बेटी की पढाई हो शादी हो या उनके लिए मकान खरीदना हो तब वे चुके नही।आज के सम मे उन्ही बेटे बेटियों मे कुछ ऐसे बेटा हैं जो सक्षम नागरिक बन जाता है या बेटी अच्छे घर मे व्याह दी जाती है तो माता-पिता को बिसारना शुरू कर देते हैं।विदित हो की माता-पिता के प्रति भक्ति बढाने और उनकी चेतना को जीवंत बनाए रखने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष जुलाई के चौथे रविवार को राष्ट्रीय माता-पिता दिवस मनाया जाता है।संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी माता-पिता के अपने बच्चो के प्रति प्रतिबद्धता के लिए प्रशंसा के प्रतीक के रुप मे 1 जून को माता-पिता का वैश्विक दिवस के रुप मे घोषणा किया गया था।

### बैठक सम्पन्न

कोपा (सारण)। जलालपुर प्रखंड के अनवल पंचायत भवन पर रविवार को आदिवासी वन महोत्सव मनाने को लेकर चन्द्रेश्वर प्रसाद उर्फ संत जी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाने पर भी निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से जिला स्तरीय वन देवी महोत्सव 18 अगस्त को जलालपुर के अनवल गांव के खेल मैदान मे मनाने का निर्णय लिया गया।वीरप्रकाश साह गोंड़ ने बताया कि जिले के सभी जगहों से महिला एवं पुरुष भाग लेंगे।आदिवासी वन महोत्सव मनाने को लेकर सभी प्रखण्डों में बारी बारी से बैठक कराया जाएगा। बैठक में जदयू आदिवासी प्रकोष्ट के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार,बिनोद कुमार प्रसाद, वीरप्रकाश साह गोंड़,मोसाफिर साह गोंड़,सुरेंदर साह,सुरेश प्रसाद,अमित साह,राजनाथ साह,प्रमोद कुमार,चन्दीप साह,तपेश्वर साह,सहित सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद थे।

### अभाविप द्वारा जिला सदस्यता कार्यशाला आयोजित

रक्सौल। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रक्सौल द्वारा जिला सदस्यता कार्यशाला आयोजित किया गया, जिसमें विभाग संयोजक सूरज कुमार, जिला संयोजक अंकित कुमार, प्रवासी कार्यकर्ता केंद्रीय विश्वविद्यालय कार्य प्रमुख मुकेश यादव द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुरूआत किया गया। बैठक के दौरान मुकेश यादव ने कहा कि विद्यार्थी परिषद प्रत्येक वर्ष संपूर्ण देश में संगठन का सदस्यता अभियान चलाया जाता है, इसी की निमित्त उत्तर बिहार प्रांत द्वारा 1 अगस्त से 30 अगस्त तक उत्तर बिहार प्रांत में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। वहीं जिला संयोजक अंकित कुमार ने बताया कि संघटनात्मक जिला रक्सौल में अपने कार्य के वजूद पर रक्सौल में कार्यकर्ता सदस्यता अभियान चलाएंगे।इस वर्ष 2000 छात्र-छात्राओं का सदस्यता ग्रहण करने का लक्ष्य लिया गया है। वही इस कार्यक्रम के पश्चात विभाग संयोजक सूरज कुमार ने बताया कि उत्तर बिहार प्रान्त में एसएफडी द्वारा एक विद्यार्थी, एक वृक्ष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें पांच लाख वृक्षारोपण किए जाने हैं। उसी की निमित्त आज स्थानीय के.सी.टी.सी महाविद्यालय के परिसर में परिषद के कार्यकर्ता सहित प्रधानाचार्य डॉ. जय नारायण प्रसाद सर के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। मौके पर मौजूद कार्यालय मंत्री सोनू कुमार, कॉलेज उपाध्यक्ष प्रियांशु कुमार, कॉलेज सहमंत्री धर्मेंद्र कुमार, मुकेश यादव, अंकित कुमार, सूरज कुमार, कुमार अमित, रोहित कुमार, राहुल कुमार उज्जवल मिश्रा, शशि भूषण तीसरी एवं रणधीर कुमार आदि मौजूद थे।

### हत्या मामले में चार लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पुछ-ताछ

बनियापुर (सारण) थाना क्षेत्र के रजौली गांव में गोली मार कर युवक हत्या मामले में चार लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। बताया जाता है कि घटना के बाद पीड़ित परिवार पोस्टमार्टम करा युवक के अंतिम संस्कार में लगे हुए है। लेकिन पुलिस घटना के उद्भेदन को लेकर गांव के चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ में लगी हुई है। जिस घटना में युवक के पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार को लेकर प्राथमिकी की प्रक्रिया में देर होने की बात बताई जा रही है। बताया जाता है की वही पूछताछ के बाद पुलिस ने चारो को जेल भेज दिया है।

# श्री चित्रगुप्त समिति की आम सभा की बैठक सम्पन्न,लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय,कई उपसमितियों का हुआ गठन

## सामाजिक व रचनात्मक कार्यों पर युवा चित्रांश बल दे :गूँजेश्वर

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। सभी चित्रांश परिवारों से अनवरत संपर्क बढ़ाने,सामाजिक व रचनात्मक गतिविधियों को धरातल पर उतारने एवं युवा चित्रांशों को पूरी तरह सक्रिय कर उन्हें जिम्मेवारी देते हुए आगे बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण प्रयास करने की आवश्यकता है तभी हम अपने समिति को मजबूती प्रदान कर चित्रांश परिवार का एक सशक्त समाज खड़ा कर सकते है ।इस कारण,सामाजिक रूप से एक ताकतवर दिख सकेंगे।

उक्त बातें श्री चित्रगुप्त समिति की आम सभा की बैठक में समिति के संरक्षक एवं सेवानिवृत पदाधिकारी गूँजेश्वर प्रसाद वर्मा ने कही।उन्होंने इस बात पर खुशी जाहिर की कि समिति अपने सभी कार्यो को सरल एवं नियमानुकूल ढंग से शांति पूर्ण तरीके से कर रही है।जिसका ज्वलंत उदाहरण आज की यह बैठक है।

समिति के अध्यक्ष नागेन्द्र कुमार वर्मा के आवासीय सभागर में रविवार को आयोजित इस बैठक में विगत बैठक में लिए गए निर्णयों की संपुष्टि सर्वसम्मति से लिया गया तदोपरांत इस वर्ष 03 नवम्बर को आयोजित




होने वाले श्री चित्रगुप्त पूजनोत्सव पर चर्चा करते हुए इसके लिए कई उप समितियों का गठन किया गया तथा इन उपसमितियों के संयोजक एवं उपसंयोजक बनाया गया जिन्हें सभी को निदेशित किया गया कि आगामी 04 अगस्त को राकेश नारायण सिन्हा के आवास पर होने वाली बैठक के पूर्व अपने स्तर से अन्य सदस्यों के नाम मनोनीत कर ले ताकि सभी उपसमिति एक जिम्मेवारी के साथ अपने दायित्वो का निर्वहन करें।जिन उप समितियों का गठन किया गया ।छानिय राज्य सम्पोषित सारण कमर्शियल एकेडमी, छपरा के सभागार में

इस बैठक में आगामी श्री चित्रगुप्त पूजनोत्सव एवं उसके उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा अन्यान्य विषयों पर विचार-विमर्श कर अंतिम निर्णय लिया लिया गया' बैठक में पूर्व में लिए गए निर्णय की संपुष्टि, मासिक सदस्यता शुल्क एवं जमा देय की स्थिति, आगामी पूजनोत्सव के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों पर विचार विमर्श एवं आयोजित होने वाले प्रतियोगिता के नियम -शर्त, प्रतियोगिता के संचालन की तिथि और स्थल निर्धारण एवं प्रतियोगिता के सफल संचालन को लेकर विभिन्न उप समितियों का गठन आदि पर चर्चा की गई जिन उप समितियों का गठन किया गया उनमें कीड़ा प्रतियोगिता उप समिति, संगीत व सांस्कृतिक प्रतियोगिता उपसमिति , निबंध एवं वाद विवाद प्रतियोगिता उपसमिति, दर्शक दीर्घा उप समिति प्रसाद वितरण उपसमिति , प्रीतिभोज उपसमिति एवं प्रकाशन तथा मीडिया उप समितियों का गठन किया गया। समिति के अध्यक्ष नागेंद्र कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई इस बैठक में गरीब एवं कमजोर चित्रांश विद्यार्थियों को मदद करने, लड़कियों की शादी में आर्थिक मदद पहुंचाने, एकजुटता कायम रखने,पूजनोत्सव का प्रचार प्रसार करने,समिति की कम से कम दो बार श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में बैठक करने, नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डो में त्वरित रूप से गठन करने पर विशेष बल दिया गया।

इस बैठक सभी सदस्यों से आग्रह किया गया कि समय पर अपना सहयोग राशि देते हुए पूजनोत्सव को लेकर रसीद काटने का कार्य को त्वरित रूप से करे ताकि पूजनोत्सव सही ढंग से संचालित हो सकें।वही कई सदस्यों के महत्वपूर्ण सुझावो को स्वीकृत किया गया।विगत बैठक में लिए गए निर्णय के तहत गठित सात सदस्यीय संविधान उपसमिति की बैठक रंी बार भी नहीं होने का मुद्दा भी उठा जिस पर कहा गया कि इसके संयोजक सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव से बात कर कोई निर्णय लिया जाएगा। बैठक में जनार्दन प्रसाद श्रीवास्तव,प्रो.अजीत कुमार सिन्हा,डॉ विद्या भूषण श्रीवास्तव ,हरिकिशोर श्रीवास्तव,सुबोध श्रीवास्तव,रविश कुमार,सुनील कुमार श्रीवास्तव ,प्रभाकर रंजन, मनीष रंजन, अभिषेक रंजन ,अशोक कुमार श्रीवास्तव सहित कई सदस्यों ने अपनी अपनी बाते रखी। अपने अध्यक्षीय संबोधन में अध्यक्ष नागेन्द्र कुमार वर्मा ने समिति के ऐतिहासिक एवं वर्तमान तथ्यों को रखते हुए कहा कि चित्रांश परिवार की सबसे पुरानी संस्था है जो नियमानुकूल संचालित होती रही है।

प्रारम्भ में अरबिंद कुमार श्रीवास्तव ने गत बैठक की कार्यवृत को पढा ।महासचिव विमल कुमार वर्मा ने बैठक के एजेंडा को सुनाया तथा विस्तृत प्रतिवेदन को सदन के समक्ष रखा। अंत में,उपाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी के प्रति आभार जताया।

मौके पर डॉ सुधा बाला,अशोक श्रीवास्तव,अजय सहाय,मनीष कुमात, भुपेश नंदन, शशि रंजन, डॉ अभय कुमार रूपेश नंदन,हर्षवर्धन आदि उपस्थित थे। बाद में चित्रांश परिवार से जुड़े व्यक्तियों के निधन पर उन्हें दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

# मझौलिया में गैस टैंकर फटने से एक के चिथड़े उड़े, जबकि दो लोग बुरी तरह घायल



बेतिया मोहन सिंह। मझौलिया हाई स्कूल चौक के समीप इथेनॉल प्लांट के बगल में गैस वेल्डिंग के दौरान एक टैंकर मैं हुए भीषण विस्फोट से एक साइकिल सवार ग्रामीण की चिथड़े उड़ गए और दो लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। गैस टैंकर में विस्फोट होते ही पूरे मझौलिया क्षेत्र में वह सब फैल गई और अफरा तफरी मच गई। विस्फोट इतना भयानक था कि साइकिल सवार के दाऊद और कर अलग हो गया तथा चिथड़े उड़ तथा दो लोग बुरी तरह घायल हो गए।गएटैंकर ब्लास्ट से एक साइकिल सवार के चिथड़े उड़ गए। जिसकी पहचान नहीं हो पाई है। वही दो व्यक्ति सिकंदर आलम और तूफानी आलम बुरी तरह जख्मी हो गए। मौके पर घायल दोनों व्यक्तियों को ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौलिया पहुंचाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना स्थल पर पहुंचकर पुलिस राहत और बचाव कार्य में जुट गई है। टंकी ब्लास्ट से पूरा मझौलिया दहल उठा।

# जल अभिषेक के लिए जा रहे एक महिला की ट्रेन से कटकर हुई मौत,दो महिला घायल

परसा/दरियापुर प्रखंड के नाथ छपरा पंचायत स्थित पशुरामपुर गांव की एक महिला की मौत सोनपुर स्टेशन पर हो गई.मृतक महिला दरियापुर थाना क्षेत्र के पशुरामपुर पोरई निवासी भूषण महतो की पत्नी रेणु देवी बताई जाती है.घटना के संबंध में बताया जाता है कि शनिवार को रेणु देवी,रीना देवी व परसा थाना क्षेत्र के अन्याय निवासी स्व दीनानाथ महतो की पत्नी सुरती देवी तीनो महिला एक होकर मुजफ्फरपुर के गरीब नाथ बाबा पर जलाभिषेक के लिए शनिवार को दिन के 11 बजे घर से निकले थे.दोपहर में पहलेजा घाट से जल लेकर सोनपुर जंक्शन पहुँचे.जहां से ट्रेन से मुजफ्फरपुर जाने की तैयारी में थी.तभी मुजफ्फरपुर जाने वाली ट्रेन जंक्शन पहुँची.ट्रेन पर चढ़ने के दौरान पैर फिसलने से एक महिला कि घटना स्थल पर मौत हो गई. जबकि दोनों महिला बुरी तरह घायल हो गई.मौत की खबर पर पति भूषण महतो,पुत्र चंदन कुमार महतो,पुत्री नेहा देवी,कुशुम देवी,पुत्रवधु नीतू देवी का रो रो कर बुरा हाल था.वही घायल महिला रीना देवी ने बताई की मृतक महिला के कहने पर पहली बार गरीब नाथ बाबा के जलाभिषेक के लिए जा रही थी.पहलेजा से जल भर कर ट्रेन पकड़ने के लिए सोनपुर जंक्शन पहुँचे.तभी ट्रेन आई.ट्रेन पर चढ़ने के दौरान तीनो महिला की पैर फिसल गई जिसके वजह से गिर गई. इसी क्रम मे रेणु देवी पटरी के नीचे गिर गई.घटना के उपरांत रेलवे पुलिस द्वारा उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया.जहां एक महिला को मृत घोषित कर दिया गया.तथा दोनो घायल महिला का उपचार किया गया। मौत की खबर पर पुलिस पहुँच शव को पोस्टमार्टम के लिए छपर भेज दिया.

# शहादत पर याद किए गए भारतीय क्रांति के महानायक चारु मजूमदार



बेतिया मोहन सिंह। चारू मजूमदार के शहादत के 52 वें शहादत दिवस और पार्टी पुनर्गठन की 50 वीं वर्षगांठ पर बैरिया के बैरिया, बगही रतनपुर और नौतन के तेल्हूआ में पार्टी का झंडा फहराया गया और सभा किया गया। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा-माले नेता सुनील कुमार राव ने कहा कि भाकपा-माले के 11 वें महाधिवेशन ने फासीवाद के खिलाफ पुरी ताकत के साथ प्रतिरोध तेज करने के लिए निर्देशित किया था। फासीवाद के साथ युद्ध में लोकसभा चुनाव भारतीय जनता के लिए बड़ा इम्तिहान था जिसमें जनता ने फासीवादी निजात को करारा झटका दिया है। भाजपा अपने पूर्ण बहुमत खो चुकी है और इस बार सरकार काफी कमजोर बंध कर लौटी है।भाकपा माले ने कड़ी मेहनत कर कुछ जिलों को हासिल किया है।अब पार्टी विस्तार की बड़ी जिम्मेदारी भी हमारे लिए चुनौती है ताकि 2025के विधान सभा चुनाव में एक बार फिर फासीवादी निजाम को और अधिक ताकत के साथ हराया जा सके । माले नेता सुरेंद्र चौधरी ने कहा चारु मजूमदार के शहादत के बाद फासीवादी निजाम ने सोचा होगा कि भाकपा-माले अब समाप्त हो जाएगी पर भाकपा-माले फिनिक्स पक्षी के समान राख से जिंदा हो गई।आज सड़क से लेकर संसद तक हम भाजपा जैसी ताकतों को चुनौती दे रहे हैं। माले नेता सह मुखिया नवीन कुमार ने कहा कि भाकपा-माले का विस्तार और सुदृढीकरण और विस्तार से चारू मजूमदार के सपनों का भारत मजदूर किसान छात्र युवा महिला मिलकर बनाने में लगे हुए हैं। वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता रामचंद्र सहनी ने कहा भाकपा-माले ने संघ बिग्रेड के फासीवादी आक्रमण के विरुद्ध जनभावनाओं के अनुरूप राजनीतिक और सामाजिक शक्तियों एवं जन आंदोलनों के बिच ब्यापक आधार वाली एकता का निर्माण करने में मुख्य भूमिका निभाई है इस प्रक्रिया में इंडिया महागठबंधन अखिल भारतीय स्तर पर राजनीतिक शक्तियों के बीच महत्वपूर्ण एकता को हासिल करते हुए एक स्वरूप ग्रहण कर लिया है।विधान सभा चुनाव में भाजपा और एन डी ए को और बड़ी शिकस्त देते हुए इस प्रक्रिया को अगले स्तर पर ले जाने के लिए हमें अपनी भूमिका को और आगे ले जाना होगा।यही भारतीय क्रांति के महानायक चारु मजूमदार को असली श्रद्धांजलि होगा। कार्यक्रम को धामू चौधरी, प्रह्लाद राम रवि कुमार,शिव प्रसन्न मुखिया, मोतीलाल मुखिया, ठाकुर साह, अशोक महतो,करने कुमार,जोखू चौधरी, मोजम्मिल हुसैन, हारून गद्दी कन्हैया चौधरी, धर्मेंद्र चौधरी, कैलाश चौधरी,चन्द्रिका चौधरी, संजय प्रसाद, सुरेश शर्मा, मुंशी दास, सिंहासन ठाकुर आदि मौजूद थे।

# वाल्मीकि आश्रम माता सीता मंदिर के दोपहर में कपाट बंद किए जाने से श्रद्धालुओं को हो रही मायूसी

प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा। नसीम खान क्या महर्षि वाल्मीकि की रामायण रचना स्थल वाल्मीकि आश्रम में पर्यटकों समेत श्रद्धालुओं का पहुंचना बराबर जारी है। वर्ष के हर महीने यहां श्रद्धालुओं का आना निरन्तर जारी रहता है। बतादें वाल्मीकि आश्रम परिसर में रामायण काल या यूं कहें कि राम राज्य के समय के कई प्रसंग उद्धहत है।मसलन लवकुश का जन्मस्थल लवकुश का पाठशाला, अश्वमेध घोड़े को बांधे गए स्तम्भ,माता सीता का भोजनालय, कुंआ, हवनकुंड समेत सीता का पाताल प्रवेश स्थल आज भी परिसर में चिन्हित स्थल हैं।माता सीता के पाताल प्रवेश स्थल को मंदिर का स्वरूप दे दिया गया है।जिसमें मुख्य पुजारी बाबा शेखर सुवेदी है जो मन्दिर की देखरेख और पूजा पाठ कार्य को संपादित करते है। स्थानीय निवासी मंगल ने बताया कि गत कुछ माह से माता सीता मंदिर का मुख्य द्वार दोपहर में मुख्य पुजारी द्वारा बंद कर दिया जा रहा है।दोपहर में पहुंचने वाले श्रद्धालु माता सीता के पाताल प्रवेश स्थल का दर्शन नहीं कर पा रहे हैं।जिससे ये श्रद्धालु बिना दर्शन के लौट जा रहे हैं जिससे इन्हें मायूसी हो रही है। मंगल ने बताया कि पुजारी द्वारा यह कहा जा रहा है कि दोपहर में माता के विश्राम का समय होता है।इसलिए मुख्य द्वार बंद कर दिया जाता है ताकि श्रद्धालुओं के द्वारा इन्हें विध्न पैदा नहीं किया जाए। मंगल ने बताया कि माता के विश्राम का तो मुझे नहीं पता लेकिन इस समय पुजारी के विश्राम का समय जरूर हो जाता है,इस समय पुजारी अपने कमरे में जाकर सो जाते हैं।इस बात की शिकायत के मसले को लेकर वाल्मीकि आश्रम समिति के अध्यक्ष दीपक राय माझी ने पुजारी सुवेदी से बात की लेकिन पुजारी ने उनकी भी बात नहीं मानी। बतातें चलें कि वाल्मीकि आश्रम में दर्शन को बिहार उत्तरप्रदेश, बंगाल,नेपाल के श्रद्धालु प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में आते हैं।लेकिन दोपहर में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को मुख्य द्वार बंद रहने से मायूस होकर बिना दर्शन के लौटना पड़ रहा है।

# लायंस क्लब ऑफ रक्सौल के द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित



रक्सौल। लायंस क्लब ऑफ रक्सौल, डिस्ट्रिक्ट 322 ई के द्वारा लायंस इंटरनेशनल वृक्षारोपण पखवारा के अन्तर्गत रामगढ़वा के पटनी पंचायत में करीब 100 दुर्लभ प्रजाति के पौधों का वक्षारोपण गाँव के लोगों की उपस्थिति में किया गया, जिसमें महोगनी, सतसाल, सागवान, गमहार, जामुन मुख्य रुप थे। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष लायन साइमन रेक्स, सचिव लायन बिमल सर्राफ, कोषाध्यक्ष, लायन मोहम्मद निजामुद्दीन, लायन नारायण रुँगटा, लायन हेमन्त अग्रवाल, लायन शम्भु चौरसिया की उपस्थिति रही। गाँव के उपस्थित लोगों को पेड़ों का आमजनों के जीवन में क्या महत्व है, कि जानकरी दी गई। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का अच्छे स्वास्थ्य के लिए क्या महत्व है, ये लायंस क्लब के सदस्यों के द्वारा उपस्थित आमजन को बताया गया पेड़ों की सुरझा का संकल्प गाँव के उपस्थित आमजनों को कराया गया।लायंस क्लब के वृक्षारोपण कार्यक्रम की सभी गाँव के लोगों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। पटनी गाँव के ही गणमान्य डॉक्टर अनमोल आर्यन की इस आयोजन में सक्रिय भुमिका रही। उक्त जानकारी लायंस क्लब सचिव सह मीडिया प्रभारी लायन बिमल सर्राफ ने दी।

# बगहा के 21 वीं बटालियन में 75 वां वन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया कई कार्यक्रम हुए आयोजित

प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा। नसीम खान क्या रविवार को बगहा स्थित एसएसबी 21वीं बटालियन में 75 वां वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि एसएसबी 65 वीं बटालियन के कमांडेंट नंदन सिंह मेहरा और वन अधिकारी आतिश कुमार द्वारा लोगों को वृक्षारोपण के महत्व से अवगत कराया गया। वृक्षारोपण न केवल हमारी धरती को हरियाली प्रदान करता है, बल्कि हमारे पर्यावरण को स्वस्थ और संतुलित बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है । पौधे वायु प्रदूषण को भी कम करते हैं। इस साल वन महोत्सव का थीम ह्लएक पौधा मां के नामह्व है। जिस तरह एक मां अपने बच्चों की देखभाल करती है उसी तरह हमें भी



मां के नाम पर पौधे लगाने होंगे और पर्यावरण संरक्षण के लिए उनकी देखभाल करना होगा। पेड़ पृथ्वी के जीवन की रीड की हड्डी की तरह हैं। बतादें की सम्बोधन के बाद एसएसबी जवानों व सनराइज स्कूल के बच्चों द्वारा पर्यावरण के प्रति जागरूकता हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया जो की काफी दमदार रहा। साथ ही इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा बृहद रूप से वृक्षारोपण किया गया । इस मौके पर आतिश कुमार, प्रभागीय वन प्रमंडल बेतिया,सुनील कुमार रेंज ऑफिसर बगहा,कुमार देवेंद्र, डिप्टी एसपी बगहा,श्रीमती रश्मि रंजन डिप्टी चेयरमैन बगहा,समेत एसएसबी के नंदन सिंह मेहरा कमांडेंट 65 वीं बगहा,अश्वनी कुमार द्वितीय कमान अधिकारी, कार्यवाहक कमांडेंट 21वीं बटालियन बगहा,एम.टी.मरेन, डिप्टी कमांडेंट 21वी बटालियन बगहा,आदर्श चौहान सहायक कमांडेंट संचार 21वीं वाहिनी बगहा के साथ साथ बड़ी संख्या में कई गण्यमान्य लोग शामिल हुए।

# मंत्री ने सपरिवार मंदिर में की पूजा अर्चना, सांसद प्रतिनिधि ने किया स्वागत



छपरा कार्यालय। सावन के पावन महीना पर बाबा हरिहरनाथ मंदिर मे बिहार सरकार ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी जदयू नेता छोटू सिंह और मंत्री के माता पत्नी ने मंदिर मे पूजा अर्चना किया और प्रदेश की खुशहाली की कामना की मंदिर मे पूजा अर्चना भूटकून बाबा बमबम बाबा राहुल बाबा पवन बाबा सदानंद बाबा ने मन्त्रोंच्चारण के साथ विधिवत पूजा अर्चना कराया इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह और मंदिर सचिव विजय लाला ने अंग वस्त्र और मंदिर प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया इस अवसर पर भाजपा नेता विनोद सम्राट पप्लू सिंह मिथलेश सिंह ग्रामीण कार्य विभाग स्कूटीब अशोक कुमार स्कूटीब हाजीपुर शमानंद सहित अनेक लोग उपस्थित थे इस अवसर पर मंत्री अशोक चौधरी ने मंदिर कमिटी को धन्यवाद दिया और बेवस्था की सराहना की और कहा की मंदिर मे हमसे जितना सहयोग होगा हम जरूर करेंगे और मंदिर मे पूजा करने आते रहते है सावन के महीना मे बाबा हरिहरनाथ पर लाखो लोगो ने जल चढ़ा कर पूजा अर्चना किया और सुख शांति की कामना की ज्ञात हो की बाबा हरिहरनाथ मंदिर पूरा देश पहला ऐसा मंदिर है जहाँ हरी और हर दोनों है इस मंदिर मे देश और विदेश के लोग भी पूजा करने बराबर आते रहते है सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह द्वारा मंदिर पहुंचते ही माननीय मंत्री का गाजे बाजे के साथ और बाबा के द्वारा मंत्रउच्चारण के साथ उनका स्वागत किया गया स्वागत से माननीय मंत्री काफी खुश हुए और कहा की मंदिर मे आने के बाद बहुत अच्छा लगता है और मन को शांति मिलती है मंत्री जी के साथ काशी से दस से अधिक आये ब्राह्मणो ने भी मंदिर मे पूजा किया ।

# इसुआपुर में ई रिक्शा चालक से मोबाइल और रुपए छीने

प्रात: किरण, संवाददाता

इसुआपुर । स्थानीय थाना क्षेत्र के डोईला चकला ब्रह्म के पास अज्ञात अपराधियों ने एक ई रिक्शा चालक से कट्टा के बल पर मोबाइल और नकद रुपए छीन लिया। इस संबंध ई रिक्शा चालक डोईला गांव के ओम प्रकाश सिंह के पुत्र विवेक कुमार सिंह ने इसुआपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराया है। जिसमें कहा गया है कि वे मशरक से देर संध्या डोईला स्थित अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच चकला ब्रह्म के पास मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात अपराधियों ने कट्टा का भय दिखाकर रोक लिया। वहीं मोबाइल और 10 हजार रुपए नगद छीन लिया। वहीं ई रिक्शा का चाबी दूर फेंक दिया। इस मामले में पुलिस में त्वरित कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर दो अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं तीसरे अपराधी की खोज में छापेमारी जारी है। गिरफ्तार अपराधियों सहाजितपुर थाना क्षेत्र के बंगाली पट्टी गांव के छठी लाल रावत का पुत्र अखिलेश कुमार रावत तथा तरैया थाना क्षेत्र के छपियां बिन टोली गांव के रामभरोस रावत का पुत्र अभिषेक कुमार रावत ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। पुलिस ने छिंतई के रुपए भी बरामद कर लिए हैं। छापेमारी दल में एस आई प्रशंसा कुमारी, एस आई संजय कुमार शर्मा, एएसआई फिरोज शाह पुलिस बल के साथ थे। उक्त जानकारी अपर थानाध्यक्ष अध्यक्ष कुंदन कुमार ने दी।

# पूउरे पेंशनर्स एसोसिएशन शाखा छपरा द्वारा आठवें वेतन आयोग गठित करने एवं पुरानी पेंशन बहाली की किया मांग

छपरा कार्यालय। पूउरे पेंशनर्स एसोसिएशन की स्थानीय शाखा की मासिक बैठक रविवार को विश्व मोहन सिंह की अध्यक्षता में,पराशर कम्प्लेक्स, भगवान बाजार छपरा में सुबह 10 बजे से शुरू हुआ। अध्यक्षीय उद्बोधन में श्री सिंह ने कहा कि बजट में पेंशनर्स के लिए, उनके मांगों पर वित्त मंत्री द्वारा कुछ नहीं बोला गया, जो अति चिन्तनीय एवं निन्दनीय है। उपस्थित सभी सम्मानित वरिष्ठ साथियों ने भारत सरकार से मांग किया कि आठवें वेतन आयोग शिध्र गठित करें। पुरानी पेंशन बहाल करें। पेंशन सारांशीकरन की राशि बारह वर्ष पर लौटाया जाए एवं कटौती बंद किया जाए। उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार नौशनल इंक्रीमेंट दिया जाये।65 बर्ष पर 5%,70 बर्ष पर 10 प्रतिशत,75 बर्ष पर 15% पेंशन राशि बढ़ाई जाए। कार्यकारी अध्यक्ष ओमप्रकाश पराशर ने वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराया में छूट देने एवं उम्मीद कार्ड पर भारतीय रेल अंकित करने की मांग किया। शाखा मंत्री मिथलेश कुमार सिंह ने पेंशनर्स के गिरवान्स को सी पी एन ग्राम पर डाल कर समस्याओं का निदान कराया। भारत सरकार द्वारा पेंशनर्स की मांगों को नहीं पूरा करने पर आन्दोलन करने की चेतावनी दी। भारत पेंशनर्स समाज का ए जी एम, गोरखपुर में 9 नवम्बर को आहूत है, उसमें अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया।सभा को सम्बोधित करने वालो में, रामानंद महतो, अरुण कुमार सिंह, सुभाषचन्द्र,राज कुमार श्रीवास्तव, योगेन्द्र प्रसाद, सुरेन्द्र सिंह, मुद्रिका प्रसाद,पी के मांझी थे तथा बाद में कई सदस्यों जिनका जन्मदिन जुलाई माह में है,को मिष्ठान खिलाकर एवं बर्थडे कार्ड देकर सम्मानित किया गया।

# इस बार श्रावण का सुखद संयोग 72 वर्षो बाद आया है: शास्त्री रजनीश

छपरा कार्यलय। इस वर्ष पवित्र श्रावण मास सोमवार से प्रारम्भ हुआ है और समापन भी सोमवार को है. यह सुखद संयोग 72 वर्षो बाद बना है. इसमें श्रावण नक्षत्र, सावन माह और सोमवार दिवस एक साथ प्रारम्भ होकर एक ही साथ समाप्त होंगे. वहीं इस माह में पांच सोमवार पड़ना भी इसे खास बनाता है. यह खगोल विज्ञान में बड़ा संयोग है. ऐसा फिर कितने वर्षों बाद होगा इसका आकलन नहीं. उक्त बातें वाराणसी के ज्योतिषाचार्य पंडित शास्त्री रजनीश मिश्र ने कहीं. श्री मिश्र अपने सानिध्य विद्वानों के साथ जिला प्रशासन के अधिकृत आयकर अधिवक्ता अजय कुमार तिवारी के आवास पर महा मृत्युंजय जाप संपन्न कराने के लिए पधारे थे. रविवार को आयोजित पूणार्हुति पर अधिवक्ता श्री तिवारी ने बताया कि महामृत्युंजय जाप भोलेनाथ शंकर का सबसे प्रिय जाप है. इस प्रमुख जाप का आयोजन अकाल मृत्यु के भय से सुरक्षा प्रदान करता है. पिछले सात दिनों में कुल सवा लाख जाप के पश्चात पूणार्हुति की गयी. ज्योतिषाचार्य श्री मिश्र के साथ पधारे पंडित प्रवीण तिवारी, पंडित धन्नु मिश्र, पंडित अजय दुबे, पंडित वैदिक विशाल पांडेय, पंडित हरिओम तिवारी, पंडित प्रदीप मिश्र सनातन के द्वारा पूरे विधि विधान के साथ जाप संपन्न कराया गया. मुख्य यजमान की भूमिका अधिवक्ता श्री तिवारी के साथ आयुष तिवारी ने निभाई. मौके पर विभा देवी, संजय कुमार तिवारी, पंकज तिवारी, अनुराग तिवारी, हैपी, सलोनी, सेबी, प्रिया देवी, अनुराग तिवारी, डॉ आरबी सिंह, गुनगुन, गुंजन, मीसा मिश्रा, सरोज पाठक, पूजा कुमारी, जदयू नेता ब्रजेश कुमार, अधिवक्ता आनंद किशोर मिश्रा, तारकेश्वर मिश्रा, धनंजय मिश्रा, संजय मिश्रा, सुनील कुमार, मोतीलाल, फागु बैठा ने पूजा में शामिल होकर भोलेनाथ का आशीर्वाद ग्रहण किया.

# विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर संजीवनी नर्सिंग होम के द्वारा निकाला गया जागरूकता रैली

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा : विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर रविवार को संजीवनी नर्सिंग होम एवं मेटरनिटी सेंटर संस्थापक शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक व लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉ अनिल के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकाला गया। रैली संजीवनी नर्सिंग होम के प्रांगण से निकलकर शहर के थाना चौक पर समाप्त हुआ। इस दौरान लोगों को जागरूक करते हुए रैली बढ़ता गया। रैली में लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब छपरा सारण के सभी सदस्य के अलावे सारण फिजिकल एकेडमी के सदस्य शामिल थे। जागरूकता रैली को सम्बोधित करते हुए डॉ अनिल कुमार ने कहा कि हेपेटाइटिस बीमारी में लीवर में सूजन आ जाती है. यह एक खतरनाक डिजीस है. हेपेटाइटिस के प्रति लोगों को जागरूक करने के




लिए हर साल 28 जुलाई को वर्ल्ड हेपेटाइटिस डे मनाया जाता है. जिससे लोग इस बीमारी से अपने आप को बचा सकें. इसी उदेश्य से यह जागरूकता रैली निकाला गया है. उन्होंने कहा कि हेपेटाइटिस की बीमारी लिवर को खराब करती है . ये बीमारी वायरल इन्फेक्शन के कारण होती है. इससे होने वाले लिवर सिरोसिस और लिवर कैंसर जैसी बीमारियों से हर 30 सेकंड में कम से कम एक मरीज की मृत्यु हो जाती है. इस घातक बीमारी के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए दुनियाभर में हर साल 28 जुलाई को विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया जाता है.इस मौके पर डॉ अनिल कुमार, लायंस विक्की आनंद, लायंस, मनोज संकल्प, शम्भू राय, लायंस डॉ ओपी गुप्ता, समेत सारण फिजिकल एकेडमी के सदस्य शामिल थे।

हेपेटाइटिस लिवर में होने वाली सूजन है. यह लिवर कैंसर जैसी जानलेवा समस्या में बदल सकती है. हेपेटाइटिस से बचाव के लिए इस बीमारी के प्रति जागरूक होना बहुत आवश्यक है. इसके शुरूआती चरणों में सामान्य लक्षण ही होते है. लेकिन बाद में ये खतरनाक बन जाती है. इस बीमारी से बचाव के लिए बचपन में ही हेपटाइटिस अ और इ की वैक्सीन दे दी जाती है, जिससे आगे हेपेटाइटिस के खतरे से बचाव होता है.

हेपेटाइटिस के प्रकार कितने हैं?

हेपेटाइटिस 5 प्रकार का होता है- ए बी सी डी और ई. इनमें बी और सी सबसे खतरनाक होते हैं. ये लिवर फेल और लिवर कैंसर का कारण बन सकता है।

**हेपेटाइटिस के कारण और पहचान:**

उन्होंने बताया कि ने कहा कि हेपेटाइटिस वायरस इस बीमारी का कारण है.ऑटोइम्यून रोग भी हेपेटाइटिस का कारण बन सकते हैं. हेपेटाइटिस ए और ई संक्रमित खान-पान से हो सकता है. हेपेटाइटिस बी और सी के लिए ब्लड ट्रांसफ्यूजन, सिमेन और किसी फ्लूइड का एक्सपोजर जिम्मेदार हो सकते हैं.

**ये हैं लक्षण**

थकान

कम भूख लगना,

उल्टी आना

आंखें पीली पड़ जाना

यूरिन का रंग बदलना

पेट दर्द

हेपेटाइटिस से बचाव कैसे करें:

हेपेटाइटिस से बचाव के लिए खानपान का ध्यान रखें.

तले भुने और बाहर के प्रोसेस्ड खाने से दूरी बनाएं

तंबाकू, धूम्रपान और अल्कोहल का सेवन न करें

अत्यधिक दवाइयों का सेवन भी लिवर को नुकसान पहुंचा सकता है

# संघर्ष करने वाले की उपेक्षा कर ठेकेदारों को प्रश्रय देते हैं अधिकारी : पप्पू

प्रात : किरण ब्यूरो



मुंगेर (बिहार)। जिले में व्याप्त अराजकता सड़क शिक्षा स्वास्थ्य सुरक्षा समाहरणालय से लेकर प्रखंड व अंचल कार्यालय में हावी लुट संस्कृति बिगड़ी विधि व्यवस्था बासगीत पर्चा भाजपा जदयू सरकार की अकर्मण्यता सहित कई अन्य सवालों को लेकर समाजवादी पार्टी के प्रमुख साथियों की एक आवश्यक बैठक जिला मुख्यालय स्थित पार्टी के अस्थाई कार्यालय बेलन बाजार में सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें जन समस्याओं एवं जनहित के मुद्दे को लेकर 9 अगस्त क्रांति दिवस से आंदोलन में जाने का निर्णय लिया गया। मौके पर सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि सुशासन के नाम पर भाजपा जदयू की नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार में लूट की खुली छूट है लगातार गिरते पुल 700 करोड़ सहित अन्य घोटालों में संलिप्त मनीष वर्मा जैसे लोगों को प्रश्रय देना जिले में पदस्थापित जिला पदाधिकारी से लेकर अन्य अधिकारी द्वारा जन समस्या एवं संघर्ष करने वालों की उपेक्षा कर सत्ता के दलालों ठिकेदारों को संरक्षण देना इसके ज्वलंत उदाहरण है श्री यादव ने कहा की जिले का कोई भी कार्यालय हो या थाना बिना चढ़ावा के कार्यों का निष्पादन संभव नहीं है धरहरा के इंद्जीत प्रताप के हत्या के मामले में पुलिस की खामोशी सहित ऐसे भ्रष्ट व्यवस्था के विरुद्ध हम सपाई निरंतर संघर्ष में थे है और रहेंगे। पार्टी के प्रधान महासचिव मनोज कुमार मधुकर ने कहा कि जिले के स्वास्थ्य शिक्षा सड़क सुरक्षा की स्थिति काफी भयावह है बिगड़ती विधि व्यवस्था बासगीत पर्चा पर सरकारी तंत्र तमाशबीन बने हैं जिसके कारण आज भी हजारों लोग बेघर है केवल 3 महीने में कई दर्जन लोग दुर्घटना और हत्या के कारण मौत के आगोश में चले गए और यह निर्लज्ज सरकार थोथरी दलिलें देती है जिसका हम समाजवादी लोग पुरजोर विरोध करेंगे। महिला सभा अध्यक्ष रंजना एराफात मुंगेर नगर अध्यक्ष मो आजम सचिव नकुल यादव ने जिले में संचालित इकलौते उर्दू विद्यालय एम डब्ल्यू ई हाई स्कूल सहित अन्य अल्पसंख्यक स्कूल के मुद्दे को उठाते हुए कहा कि स्कूल के बोर्ड के द्वारा खुलेआम राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है शिक्षक नियुक्ति मामले में नियुक्ति मानको की उपेक्षा कर वसूली अभियान जारी है और जिला शिक्षा पदाधिकारी से लेकर अन्य पदाधिकारी अपना हिस्सा लेकर चुप बैठ जाते है जिसे लेकर हमारे जिला अध्यक्ष सरकार और अधिकारियों को पत्र लिखा है अगर मामले में सुधार नहीं हुआ तो हम सपाई के मुहिम का एक हिस्सा यह भी होगा। बैठक के अंत में सर्वसम्मति से दिनांक 9 अगस्त को जन सवालों को लेकर धरना के माध्यम से चरण प्रधान आंदोलन शुरूआत करने का निर्णय लिया गया। मौके पर उपाध्यक्ष रामनाथ राय महासचि-व अशोक भारत सदर प्रखंड उपाध्यक्ष छडपंन मंडल जमालपुर नगर उपाध्यक्ष डॉ सुधीर गुप्ता मीडिया प्रभारी मनोज क्रांति मथुरी यादव कुमार प्रभाकर सहित अन्य लोगों उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### दूरदर्शन पर आरा की शास्त्रीय गायिका श्रेया पांडे के स्वरों ने जादू बिखेरा



आरा शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में आरा अपने प्राचीन गौरव को पुनः प्राप्त करने की ओर अग्रसर है। आरा की युवा शास्त्रीय गायिका श्रेया पांडेय ने हाल के दिनों में दूरदर्शन के प्रसिद्ध कार्यक्रम शास्त्रीय संगीत में राग संगीत के साथ साथ ठुमरी और दादरा गायन शैली को प्रस्तुत किया है। इस कार्यक्रम का प्रसारण 29 जुलाई को दोपहर 3 बजे से होगा। श्रेया पांडेय विख्यात गायिका विदुषी बिमला देवी की शिष्या हैं एवं प्रयाग संगीत समिति इलाहाबाद द्वारा संगीत प्रभाकर की उपाधि प्राप्त कर चुकी हैं। उदवंतनगर स्थित डीपीएस पब्लिक स्कूल में संगीत प्रशिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं। देश के कई प्रतिष्ठित आयोजनों में गायन प्रस्तुत कर चुकी श्रेया को रागरंग एवं युवा संगीत रत्न जैसे महत्वपूर्ण सम्मान भी प्राप्त है। श्रेया पांडेय के इस प्रसारण में आरा के ही युवा गायक श्री अजीत पांडेय हारमोनियम पर संगत करते नजर आएंगे वहीं रांची के आर्यश अमृतया मिश्रा ने बखूबी तबला संगत किया है।

### बामसेफ,मूलनिवासी संघ एवं ऑफशूट विंग्स की संयुक्त बैठक

आरा। अमर शहीद जगदेव प्रसाद स्मारक एवं शोध संस्थान,जगदेवनगर आरा में बामसेफ,मूलनिवासी संघ एवं ऑफशूट विंग्स की संयुक्त बैठक एवं प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। इसकी अध्यक्षता बामसेफ बिहार के उपाध्यक्ष एवं बामसेफ,बक्सर जिला के प्रभारी डॉ.मनोज कुमार गुप्ता ने किया। इस प्रशिक्षण शिविर में भोजपुर जिले के विभिन्न प्रखंडों से काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए। बामसेफ बिहार के संगठन सचिव मान्यवर सत्येंद्र कुमार सिंह ने संगठन के क्रिया कलापों पर विस्तार से चर्चा की प्रशिक्षण के उपरांत बामसेफ की जिला कमिटी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से मान्यवर विभीषण राम को भोजपुर का जिलाध्यक्ष,धर्म कुमार राम को उपाध्यक्ष एवं सत्यनारायण प्रसाद को जिला सचिव की जिम्मेवारी दी गई। मान्यवर कमल कुमार,हरीश कुमार,धनंजय प्रसाद,संजीव कुमार रंग्री एवं कमलेश कुमार को कार्यकारिणी में शामिल किया गया।

### हुंडई कार ने टोटो में मारी टक्कर , टोटो चालक घायल

संग्रामपुर ( मुंगेर ) | तारापुर संग्रामपुर मुख्य मार्ग पर जमुआ चूड़ा मिल के पास खड़ी टोटो में तेज रफ्तार से आ रही हुंडई कार ने टक्कर मार दी ' जिसमें छिड़ी गांव का रहने वाला टोटो चालक किशन कुमार, ( 22 वर्ष ) पिता ओंकार साह घायल किशन कुमार का दाहिना गाल, गर्दन बुरी तरह से जख्मी हो गया है तथा दाहिना पैर भी टूट गया है ' प्राप्त जानकारी के अनुसार टोटो चालक किशन कुमार सड़क किनारे अपना टोटो खड़ा कर उसमें बैठा था ' वहां के लोगों द्वारा दूसरे टोटो से घायल किशन कुमार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,संग्रामपुर लाया गया।

### विधायक ने चौपाल लगा कर जनता की समस्याओं का समाधान किया



आरा/बड़हरा । शनिवार को देर शाम बड़हरा विधायक, पूर्व मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने सरैया स्थित भीखमदास के मठिया परिसर मे सरैया और क्षेत्र की जनता के साथ चौपाल लगाया। चौपाल मे बड़हरा विधायक को जनता ने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया।विधायक ने जनता की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और आपसी सहमति से दो बड़े योजनाओं का घोषणा की।एक योजना सरैया मे विवाह भवन और दूसरी महत्वपूर्ण योजना सरैया मे पानी निकासी हेतु नाली निर्माण का घोषणा की गई। दोनो योजनाओं का मांग सरैया और आस पास के क्षेत्रो के लोगो द्वारा किया गया ,जिसे विधायक द्वारा घोषणा की गई। योजनाओं का घोषणा होते ही उपस्थित लोगो द्वारा ताली बजा कर खुशी व्यक्त की गई और विधायक को धन्यवाद दिया गया।

### मनोकामना कावड़ यात्रा को ले बैठक



हिंदू जागरण मंच, आरा द्वारा सिद्धनाथ मनोकामना कावड़ यात्रा के लिए सिद्धनाथ मंदिर परिसर में यात्रा को अंतिम रूप रेखा देने के लिए 28 जुलाई 2024 को बैठक हुई। जिसमें सभी दायित्वान कार्यकर्ता और सभी सनातनी भाइयों की उपस्थिति में ये निर्णय लिया गया की आगामी 2 अगस्त को पिछले वर्ष के भांति इस वर्ष भी पूरे अनुसासन के साथ श्रवण मास शिवरात्रि के शुभ अवसर पर केशोपुर गंगा घाट से गंगा जल लेकर साज बाज के साथ सिद्धनाथ मंदिर बिंदटोल आरा में भोले बाबा का जलाभिषेक किया जायेगा।

## प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री बिंदेश्वरी दुबे के गांव वृक्षारोपण

प्रात : किरण



भोजपुर। प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री बिंदे-श्वरी दुबे के पैतृक गांव भोजपुर जिला के महुआवं गांव निवासी दैनिक जागरण के पत्रकार कौशल कुमार मिश्रा जी के खेत में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के कार्यकताओं ने किया वृक्षारोपण, इस अवसर पर कटहल और महोगनी के पौधे लगाए गए, उसके बाद पर्यावरण कार्यकताओं ने चकवध हनुमान मंदिर परिसर मे आम और अमरुद का पौधारोपण किया, कार्यक्रम का नेतृत्व शैलेश कुमार ओझा ने किया एवं कार्यक्रम में उपस्थित पर्यावरण विद रमेश कुमार सुदामा ने कहा कि प्रकृति संरक्षण दिवस इसीलिए मनाया जाता है ताकि प्रकृति के संरक्षण के लिए हम सब जागरू-कता फैलाएं और इस दिवस पर वृक्षारोपण से अच्छा कोई कार्य नहीं है, वृक्ष प्रकृति के श्रृंगार हैं प्रकृति को स्थिर रखने के लिए सभी को पेड़ लगाना होगा। कार्यक्रम में भाजपा नेता राकेश तिवारी अटल ने कहा कि प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री बिंदेश्वरी दुबे के गांव वृक्षारोपण करना उनके प्रति एक प्रकार की श्रद्धांजलि है। बिंदेश्वरी दुबे जी विकास पुरुष थे पहली बार बिहार में गांव-गांव तक बिजली उन्हीं के कार्यकाल में पहुंची थी वहीं शैलेश कुमार ओझा ने कहा कि बिंदेश्वरी दुबे जी को श्रद्धांजलि देने के लिए हम लोग प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर बक्सर से उनके पैतृक गांव आए हैं यह पेड़ उन्हीं के नाम पर लगाया जा रहा है , कार्यक्रम में कौशल कुमार ,मिश्रा अरुण मिश्रा, विशाल सिंह, आनंद शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## केशव प्रसाद सिंह का मनाया गया आठवीं पुण्य तिथि

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा भोजपुर सह शहाबाद प्रक्षेत्र के बैनर तले, जरासंध भवन सह पुस्तकालय शिवगंज शीतल टोला आरा भोजपुर बिहार में, केशव प्रसाद सिंह पूर्व प्रत्याशी पिरो विधानसभा सह समाजिक कार्यकर्ता जो कि डॉ कांति सिंह पुर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार के पति थे,उनका आठवें पुण्य तिथि पर कार्यक्रम किया गया। सबसे पहले उनके याद में कमिटी द्वारा दो मिनट का मौन रख कर उनकी आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना किया गया। उसके बाद सभा के संस्थापक जीतू चंद्र-वंशी ने माल्यार्पण किया। उसके बाद बारी बारी से सभी उपस्थित कमिटी के पदाधिकारियों ने केशव बाबू के फौटो पर माल्यार्पण किया ।सभा की अध्यक्षता सभा के वरीय सगरक्षक ब्रिज कुमार चंद्रवंशी ने की। संचालन राजेश कुमार चंद्रवंशी ने और धन्यवाद ज्ञापन प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने किया। जीतू चंद्रवंशी ने कहा कि अच्छे लोग हमेशा याद किए जाते है चाहे इस दुनियां में रहे या ना रहे। भोजपुर जिला अध्यक्ष प्रयाग सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि हमारे समाज के लोगों को बहुत इज्जत करते थे। कोषाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि हमारी सभा आने वाले समय में उनका कार्यक्रम करते रहेगी। युवा अध्यक्ष मुकेश कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि आगे हम युवा पीढ़ी भी उनको याद करते रहेंगे ।सभा में उपस्थित मुख्य रूप से शामिल जगदीश प्रसाद चंद्रवंशी, रामेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, सुरेन्द्र कुमार चंद्र-वंशी,देव कुमार चंद्रवंशी, मुन्ना प्रसाद चंद्रवंशी,बबन प्रसाद चंद्रवंशी, तुफानी चंद्रवंशी, राजेन्द्र प्रसाद चंद्रवंशी,उदय चंद्रवंशी, मनोज कुमार चंद्रवंशी,क-मल चंद्रवंशी, सुमित कुमार चंद्रवंशी, अभिजीत चंद्रवंशी, पुड़िया चनदरवश, चंदन कुमार चंद्रवंशी, बिनोद कुमार चंद्रवंशी,ननहक प्रसाद चंद्रवंशी,सु-निल कुमार चंद्रवंशी, अशोक कुमार चंद्रवंशी, पिंटू कुमार चंद्रवंशी, अनिल कुमार चंद्रवंशी, रमेश कुमार चंद्रवंशी मुख्य रूप से शामिल थे।

## भाकपा माले के संस्थापक महासचिव का आरा नगर निगम प्रांगण मे श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी

प्रात : किरण



आरा। आज भाकपा माले के संस्थापक महासचिव का। चारु मजुमदार के 52 वहीं शहादत दिवस पर आरा नगर निगम के कर्मचारियों ने आरा नगर निगम के प्रांगण मे बैढक कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की ।इस आश्य की सूचना अपने एक प्रेस ब्यान जारी कर भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य व आरा नगर निगम स्थाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष क्यामुद्दीन अंसारी ने दी। का ।चारु मजुमदार के शहादत दिवस पर आरा निगम मे कर्मचारियों की बैठक कर शहादत दिवस मनाया गया । बैठ-क की शुरूआत उनके चित्र पर मालयार्पण कर एक मिनट खड़े होकर मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। आरा नगर निगम स्थाई कर्मचारी संघ के बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि हमे संकल्प लेना चाहिए कि हमे आज पार्टी के विक-ास और विस्तार के नये दौर मे ले जाने के लिए कोशिश तेज कर देनी चाहिए ।राज्य मे गरीबों की दावेदारी मजबुत करने व उनके अधिकार की लड़ाई को आगे बढाने मे हक दो वादा निभाओ अभियान को सफल बनाने मे जुट जाना चाहिए।

## जल जीवन हरियाली कार्यक्रम में मुंगेर अव्वल

हवेली खड़गपुर (मुंगेर) प्राकृतिक संपदा एवं पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त रखना भूजल के स्तर को बनाए रखना दैनिक कार्य और सिंचाई के उपयोग के कार्यों के लिए पर्याप्त जल उपलब्धता सुनिश्चित करना ऊर्जा संरक्षण तथा जलवायु संरक्षण को जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम युद्ध स्तर पर मुंगेर में चलाए जा रहे हैं योजना के तहत एचडी पंचायती राज विभाग एवं नगर इकाई ने 786 चापानल के किनारे सूखता का निर्माण कार्य कराया गया है। मनरेगा वन विभाग कृषि विभाग पंचायती राज एवं लघु जल संसाधन विभाग द्वारा 870 चेक डंप तथा 652 खेत पोखर का कार्य पूर्ण कर लिया गया है कल 160 सरकारी भवनों में छत वर्षा जल संचयन का कार्य पूर्ण कराया गया जिससे कि जल संरक्षण मामले में कामयाबी मिल सके कार्यों पर अधिकारियों की और से अपनी नजर रखी जा रही है मुंगेर के डीसी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022 में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा से पौधा रोपण के निर्धारित लक्ष्य 198000 के विरुद्ध अब तक कुल 1 लाख 97 हजार पौधे लगाए गए कुल कृषि योग्य भूमि 21 करोड़ 83 लाख 99 हजार हेक्टर भूमि में 577 एकड़ भूमि पर जैविक खेती का की जा रही है और 321.33 एकड़ भूमि में टपक प्रणाली की सिंचाई की जा रही है 100 सरकारी भवनों में सोलर प्लांट लगा है जून 2023 की तुलना में 2024 में विद्युत विपत्र की राशि 49 पॉइंट 82% की कमी आई है जल जीवन हरियाली कार्यक्रम के तहत जिले के में चल रहे कार्यक्रम के आधार पर मुंगेर जिला चौथे स्थान पर है योजना के तहत मुंगेर जिले में 64 अति करम्मिट संरचनाओं में से 63 संरचनाओं को अतिक्रमण मुक्त कर लिया गया है चयनित 725 संरचना में से मनरेगा लघु जल संसाधन विभाग एवं नगर इकाई द्वारा कुल 644 जल संरचनाओं के जन्म उधर का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

## केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का 86वाँ स्थापना दिवस मनाया गया



गया ।205 कोबरा बटालियन के कमाण्डेंट नरेश पंवार के अध्यक्षता में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का 86वाँ स्थापना दिवस मनाया गया है। इस अवसर पर कमान्डेंट ने सर्वप्रथम सभी अधिकारियों, अधिनस्थ अधिकारियों व बहादुर जवानों एवं उनके परिवारों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। इसके बाद कमाण्डेंट पंवार ने इस बल व राष्ट्र की गरिमा बनाये रखने के लिए जिन वीर जवानो ने अपनी प्राणों की आहुति दी उन्हें नमन किया और श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित किये और यह भी दृढ़ निश्चय किया की भविष्य में भी हम सभी मिलक-रअपने देश व केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का नाम रौशन करते रहेंगे ।इस अवसर पर जवानो के उत्साहवर्धन हेतु निम्न-लिखित खेल-कूद जैसे- रस्सा-कस्सी, वॉलीवाल का आयोजन किया गया है। जिसमें इस बटालियन के सभी प्रतिभा-गियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विजेत टीम को पुरस्कृत किया गया है। कार्यक्रम समाप्ति पर कमान्डेंट नरेश पंवार ने सभी को आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर डिप्टी कमांडेंट अमित कुमार सिंह, सहायक कमांडेंट दिव्य प्रकाश पाण्डेय, सहित अन्य अधिकारी-गण, अधिनस्थ अधिकारी-गण तथा जवान भी मौजूद थे।

## चार्ली चैपलिन द्वितीय का कोलकाता में 5287वां लाइव शो सम्पन्न हुए , सम्मानित

प्रात : किरण

मुंगेर (बिहार) । पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम हीरो राजन कुमार के लिए हमेशा से आदर्श हस्ती रहे हैं। ऐसे में सिटी ऑफ जॉय कोलकाता में आयोजित कलाम यूथ लीडरशिप कॉन्फ्रेंस 6.0 में हीरो राजन कुमार को परफॉर्म करने का अवसर मिला, यह उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने यहां चार्ली चैपलिन द्वितीय का 5287वां लाइव शो सम्पन्न किया और अपने अभिनय से सबका दिल जीत लिया। कला, रविंद्रनाथ टैगोर, संगीत और बंगाली फिल्मो के लिए विख्यात कोलकाता अपने आप मे अद्भुत शहर है। हीरो राजन कुमार की कोलकाता की जर्नी इस बार यादगार सिद्ध हुई। उन्होंने स्कूल कॉलेज में शिरकत कर कला और संस्कृति के क्षेत्र में लोगों का मनोरंजन किया। कलाम यूथ लीडरशिप अवार्ड के संस्थापक मुन्ना कुमार राजन कुमार के अभिन्न मित्र हैं और वह उनके हुनर से भलीभांति परिचित हैं। हीरो राजन कुमार की उपस्थिति किसी भी कार्यक्रम की सफलता की गारंटी मानी जाती है। ऐसे में इस फंक्शन में भी उन्होंने प्रोग्राम को चार चांद लगा दिया। कोलकाता के नेशनल माईम इंस्टीट्यूट में हीरो राजन कुमार ने पद्मश्री निरंजन गोस्वामी से खास मुलाकात की और अपने चार्ली चैप-लिन - 2 के परफार्मेंस से गुरू जी को भाव विभोर कर दिया। गुरु जी से ढेर सारा आशीर्वाद मिला ।माईम में पकड़ रखने वाले हीरो राजन कुमार कई कलाओं में निपुण हैं, यही वजह है कि उनके फॉलोवर्स लगातार बढ़ रहे हैं। औऔकोलकाता में 28 जुलाई 2024 को चार्ली चैपलिन द्वितीय का 5287वां लाइव शो स्टेट यूथ सेंटर में सम्पन्न हुआ। कई घण्टे के मेक-अप के बाद चार्ली चैपलिन का रूप धारण करने वाले राजन कुमार ने इस कार्यक्रम में लगातार घण्टों तक बंगला देश से आए सुकांता दास, श्रीलंका से आई एतीजा, नेपाल से आए तबरेज आलम, भूटान से आए डेलीगेट्स के साथ सबको हंसाया और माहौल में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया।

## पुलिस ने मौर्य एक्सप्रेस ट्रेन से चार बाल तस्कर को किया गिरफ्तार

रोहतास (बिहार)। आज रोहतास जिले के सासाराम रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ और बचपन बचाओ अभियान की टीम द्वारा ट्रेनों में संयुक्त रूप से सर्च अभियान चलाया गया। सर्च अभियान के तहत सियालदाह अजमेर एक्सप्रेस और गया चेन्नई एक्सप्रेस ट्रेन से बाल मजदूरी के लिए ले जाये जा रहे 11 नाबालिक बच्चों को बरामद किया गया है। वहीं इस मामले में आरपीएफ ने चार तस्करों को भी गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार किए गए बाल तस्करों में असगर मियां, प्रदीप प्रजापति,सुबोध कुमार और मो.तस्लीम शामिल है। वहीं सासाराम आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि वरीय पदाधिकारीयों के निर्देश पर समय-समय पर बाल तस्करी के लिए अभियान चलाया जाता है इसी के तहत आज सासाराम रेलवे स्टेशन पर सर्च अभियान चलाया गया।

## आईआईएम बोधगया में 'नर्चरिंग फ्यूचर लीडरशिप प्रोग्राम' नामक एक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का किया आयोजन

प्रात : किरण



गया ।आईआईएम बोधगया ने बिहार में पहली बार जून से जुलाई, 2024 तक नर्चरिंग फ्यूचर लीडर-शिप प्रोग्राम एनएफएलपी के तीन बैचों का आयोजन किया है। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण के सन्दर्भ में एनएफएलपी नामक इस फैकल्टी लीडरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम की संकल्पना की है। यह एक प्रतिष्ठित, चयन-आधारित 5-दिवसीय आवासीय लीडरशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम है जो पब्लिक फंडेड उच्च शिक्षण संस्थानों के सभी स्तरों के फैकल्टी सदस्यों के लिए उपलब्ध कराया गया है ।यह प्रोग्राम एनआईआरएफ प्रबंधन रैंकिंग में देश के शीर्ष संस्थानों द्वारा प्रदान किया जाता है, जिसके अंतर्गत वर्तमान में, 6 आईआईटी और 14 आईआईएम देश में क्षमता निर्माण में सुधार के लिए इस प्रोग्राम का आयोजन कर रहे हैं जिसका मुख्य उद्देश्य फैकल्टी सदस्यों को कलेक्टिव डिसीजन मेकिंग, शेयर्ड गवर्नेंस, डेवलपिंग इनिशिएटिव्स और प्रॉब्लम सॉल्विंग में प्रभावी और सक्रिय रूप से योगदान देने के लिए तैयार करना है ।आईआईएम बोधगया में आयोजित इस प्रोग्राम के अंतिम बैच में, दिल्ली विश्वविद्यालय और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय सहित केंद्रीय एवं राज्य शैक्षणिक संस्थानों का प्रतिनिधित्व करने वाले विविध पृष्ठभूमि के 22 फैकल्टी सदस्यों ने भाग लिया है। 5 दिवसीय प्रोग्राम में प्रबंधन और नेतृत्व पर विभिन्न सत्र शामिल रहे हैं। आईआईएम बोधगया की निदेशक डॉ. विनीता एस. सहाय ने शैक्षणिक संस्थानों में नेतृत्व और मिशन, विजन एवं लक्ष्य संरेखण पर तीन विस्तृत सत्र आयोजित किए हैं। प्रतिभागियों ने साझा किया कि डॉ. विनीता एस. सहाय के सत्र लाइव केस के उदाहरण के रूप में काम करते हैं जिससे उन्हें निर्णय लेने और क्षमता निर्माण की बारीकियों को समझने में मदद मिली है। प्रोग्राम के अन्य सत्रों में प्रबंधन के आधुनिक विषय जैसे डेटा विजुअलाइजेशन का महत्व और आज के गतिशील संदर्भ में इन्फोर्मेटिव डिसीजन लेने के लिए डिजाइन थिंकिंग शामिल रहे हैं। प्रतिभागियों ने साझा किया कि कार्यक्रम से मिली सीख उनकी व्यावसायिक क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगी और उनके संस्थानों के विकास में योगदान देगी ।प्रोग्राम में शामिल अनेक सत्रों में वर्तमान समय में एजुकेशनल लीडर्स के सामने आने वाले गंभीर मुद्दों को संबोधित करते हुए हैं नवीन समाधान और दूरदर्शी रणनीतियाँ प्रदान की गई हैं। वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोग पर जोर ने यह सुनिश्चित किया कि उपस्थित लोग अर्जित ज्ञान को अपने संबंधित संस्थानों में तुरंत उपयोग कर सकें। पिछले दो बैचों के साथ इस बैच की सफलता ने न केवल ऐसे नेतृत्व कार्यक्रमों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया, बल्कि भारत में शिक्षा के भविष्य को आकार देने के लिए आईआईएम बोधगया की प्रतिबद्धता को भी उजागर किया गया है।

## औरंगाबाद पहुंचे सिक्किम के एडीजी विनित विनायक एवं उनके आई ए एस पुत्र वीरुपाक्ष विक्रम सिंह



औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद के समीप पृथ्वीराज चौक स्थित पृथ्वीराज चौहान स्मृति भवन के प्रांगण में सिक्किम राज्य के एडीजी विनित विनायक एवं नव चयनित आई ए एस विरुपाक्ष विक्रम सिंह को पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट परि-वार द्वारा सम्मानित किया गया ।ट्रस्ट के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह के अध्यक्षता में आयोजित सम्मान समारोह में अतिथियों को प्रतीक चिन्ह,अंग वस्त्र,पुष्प हार एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। संचालन डॉ संजीव रंजन द्वारा किया गया ।मंचासीन मुख्य अतिथि विनित विनायक, विरुपाक्ष विक्रम सिंह, ट्रस्ट के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह,सचिव स्वर्णजीत कुमार सिंह, उपाध्यक्ष डॉ ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह,कौशलेंद्र प्रताप नारायण सिंह, पूर्व मुखिया सत्येंद्र नारायण सिंह, संयोजक जगदीश सिंह,राम प्रवेश सिंह मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। संबोधन के क्रम में लोगों ने कहा कि औरंगाबाद के लिए गौरव की बात है कि औरंगाबाद की धर-ती के लाल ने प्रशासनिक अधिकारी रहते पूरे भारत में परचम लहराया है। ट्रस्ट के वरीय सदस्य प्रो विजय कुमार सिंह,ज्योर्तिविद शिवनारायण सिंह, कोषाध्यक्ष विकास कुमार सिंह,रविंद्र कुमार सिंह,शैलेंद्र सिंह,कमलेश सिंह-,भीम सिंह,शमशेर सिंह,मनोज कुमार सिंह,चंदन सिंह चौहान,जयंत प्रकाश ने विनित विनायक एवं विरुपाक्ष विक्रम सिंह के परिवार के सभी सदस्यों को अंग वस्त्र पुष्प हार देकर सम्मानित किया गया। उनके परिवार के सदस्य प्रोफेसर डी के सिंह,श्रीमती ऊषा सिंह, प्रभाकर सिंह,मीना सिंह लप्पी सिंह-,डॉ संजू सिंह,प्रियंका सिंह, लिल्ली सिंह, अंशु सिंह, गौरव अभिषेक, मोना सिंह,चंदन सिंह, ऋषि सिंह,नित्यानंद सिंह उपस्थित थे ।मुख्य अतिथि ने संबोधन के क्रम में कहा कि मानव अगर जीवन में ईमानदारी से काम करें तो कोई भी काम असंभव नहीं है ।सफलता उसके पीछे चली जाती है हम जिस विभाग में अपनी जिम्मेवारी निभाते हैं वहां पारदर्शिता बहुत मायने रखती है।

## सांसद अरुण भारती ने लोजपा बोलबम सेवा शिविर का किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता



तारापुर। विश्वप्रसिद्ध श्रावणी मेला के सातवें दिन रविवार को कच्ची कावंरिया मिल्की गांव के समीप लोजपा रामविलास के बैनर तले लगाए गए निशुल्क बोल बंम कांवरिया सेवा शिविर का पूरे भक्ति भाव के साथ जमुई के लोकप्रिय सांसद अरुण भारती एवं पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मिथिलेश कुमार सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। गौरतलब है कि उद्घाटन मौके पर सांसद श्री भारती ने पैदल देवघर जा रहे शिव भक्तों के बीच फल, ठंडा पानी, नींबू शर्बत, दवा , इत्यादि चीजों का निशुल्क वितरण किया। सांसद श्री भारती ने कहा कि जमुई लोकसभा क्षेत्र के तारापुर विधानसभा का हर कंकर में शंकर विराजमान हैं । सचमुच में कांवरिया पथ पर जो शिव भक्तों के बीच विहंगम दृश्य देखने का जो मिल रहा है लगता है कि पूरे रास्ते भगवान शिव साक्षात विराजमान । आप सभी लोगों के आशीर्वाद एवं शिव की कृपा से मैं आज सांसद हूं । इन्होंने आगे कार्यकताओं से अपील करते हुए कहा कि हर लोगों के बीच अगर ऐसा ही भाव हमेशा बना रहे तो देश एवं प्रदेश और तेजी से तरक्की का मार्ग प्रशस्त करेगा । इन्होंने आगे एनडीए के लोगों से कहा कि आप किसी भी कार्य को कराने के लिए मुझे लिखित रूप में आवेदन दें जिससे मैं वैसे कार्य का निष्पादन कर सकूं । पार्टी के राष्ट्रीय सचिव श्री सिंह ने कहा पिछले 25 वर्षो से मैं अपने पार्टी के बैनर तले शिव भक्तों के लिए पूरे एक महीना तक निशुल्क सेवा शिविर लगाकर शिव भक्तों का सेवा करता हूं ।

## 74 वर्षीय वृद्ध की गंगा में डूबने से हुई मौत

प्रात : किरण संवाददाता



बरियारपुर (मुंगेर) ।बरियारपुर थाना क्षेत्र के सीतारामपुर नजीरा कुमारपुर निवासी 74 वर्षीय वृद्ध की गंगा में डुबने से मौत हो गई। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार सीतारामपुर नजीरा कुमारपुर निवासी 74 वर्षीय वृद्ध चन्द्र सिंह रविवार की सुबह घर से दियारा परवल तोडने गया हुआ था। दिन के लगभग 12 बजे कल्याणपुर के समीप लगभग चार किलो परवल की पोटली लेक-र तैरकर वृद्ध गंगा ढाब पार करने लगा। स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक वृद्ध काफी हद तक गंगा ढाब को पार भी कर लिया था, लेकिन किनारे मे ही डुब गया। डुबने पर वह गंगाधार में बहते हुए कल्याणपुर से रघुनाथपुर पहुंच गया। जिसे देखते ही रघुनाथपुर के ग्रामीण ने इसकी सुचना स्थानीय पुलिस को उपलब्ध कराई। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। इस बीच ग्रामीणों ने गंगा के ढाब से मृत वृद्ध के शव को बाहर निकाला। बताया कि मृत वृद्ध के एक पुत्र की मौत पूर्व में हो चुकी है।

दुसरा पुत्र मोहित सिंह आंख से देख नही पाता है। मृतक काफी गरीब था। यही कारण है कि 74 वर्ष की उम्र मे भी वह परवल तोड़ने गंगा ढाब पार दियारा गया हुआ था। जहां से वापस आने के दौरान उक्त स्थल पर नाव की सुविधा नही रहने के कारण तैरकर ही वापस आ रहा था। जिस कारण डुबने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने कहा कि प्रशासनिक स्तर पर बाढ पुर्व तैयारी उक्त स्थल पर नहीं के बराबर थी। स्थल पर नाव की सुविधा नही थी। जिस कारण वृद्ध को तैरकर गंगा ढाब पार करना पड़ रहा था। मृतक के पुत्र मोहित सिंह के द्वारा यूडी केस दर्ज किया गया। शव को पुलिस ने पोस्ट-मार्टम के लिए मुंगेर भेज दिया। इधर ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और राज्य सरकार से मुआवजा की राशि देने की मांग की है।

## अब सभी विद्यालय में बनेंगे आयुष्मान कार्ड : सदर बीडीओ

प्रात : किरण संवाददाता



सदर मुंगेर ।अभिभावक तथा बच्चों की सुविधा को देखते हुए सभी विद्यालय में आयुष्मान कार्ड बनना शुरू हो गया है। शनिवार सदर प्रखंड अंतर्गत नौवागढ़ी दक्षिणी पंचायत के दो विद्यालय में को आदर्श मध्य विद्यालय में आयुष्मान कार्ड केंद्र का शुभारंभ करते प्रखंड विक-ास पदाधिकारी सदर मुंगेर आरके राघव द्वारा बताया गया कि। सदर प्रखंड के सभी विद्यालयों में अब बच्चों की सुविधा को देखते हुए उनके विद्यालय में ही आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु तू कर दिया गया है। ताकि बच्चे इधर-उधर मटके और सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड का लाभ की वंचित न रहे किसी को देखते हुए सभी विद्यालय में आयुष्मान कार्ड बना शुरू कर दिया गया है आज आदर्श मध्य विद्यालय नौवागढ़ी में इसकी शुरूआत की गई जहां लगभग 30 बच्चों का कार्ड बनाया गया। वही उनके साथ एम ओ सदर शिवम पुरी गोस्वामी, बीपीएम सदर मुंगेर कृशलय कुमार उपस्थित थे। वही बीडीओ द्वारा नौवागढ़ी दक्षिणी पंचायत के दो विद्यालय का भी निरीक्षण किया गया जिसमें मध्य विद्यालय शरण सिंह टोला में बच्चे तथा विद्यालय के कार्य से असंतुष्ट दिखे। वहीं उन्होंने प्रधानाध्यापक को अपने कार्य शैली में सुधार लाने की बात कही।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, सोमवार, 29 जुलाई, 2024





# फिर विलेन की भूमिका में दिखेंगे बॉबी

आलिया भट्ट इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म अल्फा को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। यह एक बेहतरीन एक्शन सीक्वेंस फिल्म होने वाली है। वाईआरएफ के स्पाई यूनिवर्स में आलिया भट्ट खुद बेहतरीन एक्शन करती नजर आने वाली हैं। फिल्म में सबसे ज्यादा चर्चा आलिया भट्ट की ही है। इसके अलावा अल्फा में शरवरी वाघ भी नजर आने वाली हैं। हाल ही में इस बेहतरीन फिल्म को लेकर नई जानकारी सामने आ रही है। कहा जा रहा है कि फिल्म में बॉबी देओल विलेन के किरदार में नजर आने वाले हैं। फिल्म में आलिया भट्ट और बॉबी देओल का एक एक्शन सीक्वेंस भी नजर आएगा।
खबर है कि आलिया भट्ट और बॉबी देओल का एक्शन सीन मुंबई के गोरेगांव फिल्म सिटी में शूट किया जा रहा है और इसे पूरा होने में चार दिन से ज्यादा का समय लगेगा। संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी एनिमल में अपनी दमदार एक्टिंग से वाहवाही बटोरने के बाद अब बॉबी देओल अल्फा में विलेन की भूमिका में नजर आने वाले हैं।
एक्शन सीन के बारे में बात करते हुए एक ट्रेड सोर्स ने बताया, यह खतरनाक एक्शन सीक्वेंस है। इसमें खूब सारा खून-खराबा होगा। यह फिल्म के जरूरी सीन्स में से एक है। ऐसे में सेट पर सुरक्षा कड़ी है। उनके पास कम से कम 100 गार्ड होंगे, जो लोकेशन पर तैनात हैं और सभी विंटेज प्वाइंट को कवर कर रहे हैं'। इस फिल्म में आलिया के अलावा एक्ट्रेस शरवरी वाघ भी हैं, जो सुपर एजेंट के रोल में नजर आएंगी। फिल्म में शरवरी एक बेहतरीन किरदार में नजर आने वाली हैं। अल्फा को शिव रावल निर्देशित कर रहे है। वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स ने एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है, वॉर, पठान और टाइगर 3 जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में बनाई हैं और अब उन्होंने आनेवाली एक बेहतरीन फिल्म अल्फा पर दांव खेला है। वर्कफ्रंट की बात करें तो आलिया जल्द ही जिगरा में भी नजर आएंगी। इसमें वेदांग रैना लीड रोल में नजर आएंगे। इसके अलावा वह कैटरीना कैफ और प्रियंका चोपड़ा के साथ फरहान अख्तर की जी ले जरा में भी दिखाई देंगी।



# अपनी मेहनत के दम पर कृति ने बनाई बॉलीवुड में अलग पहचान

कृति सेनन आज बॉलीवुड में किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने बॉलीवुड में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। आज उनकी गिनती फिल्म इंडस्ट्री की टॉप अभिनत्रियों में होती हैं, लेकिन उनके लिए बॉलीवुड का यह सफर बिल्कुल भी आसान नहीं रहा है। कृति सेनन का जन्म दिल्ली में 27 जुलाई 1990 को हुआ था। उन्होंने नोएडा के कॉलेज से बीटेक कर इंजीनियरिंग की थी, लेकिन इस इंजीनियर की किस्मत में फिल्म स्टार बनना लिखा था। कम ही लोगों को पता होगा बॉलीवुड में काम करने से पहले कृति साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार महेश बाबू के साथ एक तेलुगू साइकोलॉजिकल थ्रिलर 'नेनोक्काडाइन' की थी।
कृति सेनन ने साल 2014 में टाइगर श्रॉफ के साथ फिल्म हीरोपंती से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इस फिल्म के बाद उन्होंने कभी भी पीछे मुड़कर नहीं देखा। इसके बाद वे लुका छिपी से लेकर दिलवाले और बच्चन पांडे जैसी फिल्मों में नजर आईं। फिल्म दर फिल्म उनकी अभिनय क्षमता निखरती गई। कृति सेनन कई फिल्मों को अपने दम पर हिट करवा चुकी हैं। इनमें बरेली की बर्फी और लुका छिपी और मिमी शामिल हैं। वे अपनी हर फिल्म में कुछ अलग करती नजर आती हैं। दर्शक उनके अभिनय के अलावा उनके डांस के भी दीवाने हैं। कृति सेनन ने अभिनय के साथ-साथ अपना मेकअप लाइन भी लॉन्च किया है। इसके अलावा वे फिल्मों को प्रोड्यूस भी कर रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो उन्होंने अलीबाग में एक आलीशान बंगला भी लिया है। धीरे-धीरे ही कृति अपने सपनों को साकार कर रही हैं।



# जान्हवी ने साझा किया देवरा में जूनियर एनटीआर के साथ काम करने का अनुभव

बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर साउथ डेब्यू के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। वे देवरा के साथ टॉलीवूड में कदम रखेंगी, जिसमें उन्होंने साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर के साथ काम किया है। जूनियर एनटीआर की देवरा- पार्ट 1 में जान्हवी थंगम नाम की एक गांव की लड़की का किरदार निभा रही हैं, जो अभिनेता की प्रेमिका के किरदार में नजर आएंगी। अब अभिनेत्री फिल्म के प्रचार में जुटी हुई हैं। इस दौरान अभिनेत्री ने फिल्म में जूनियर एनटीआर के साथ काम करने को लेकर अपना अनुभव साझा किया। साथ ही अभिनेता के अभिनय की जमकर तारीफ भी की। जान्हवी ने टीम के फिल्म निर्माण के तरीके की प्रशंसा करते हुए कहा, मुझे पसंद है कि वे वहां कैसे काम करते हैं। मुझे पसंद है कि वे फिल्म को कला के काम की तरह कैसे देखते हैं...सिनेमा के काम की तरह। वे वास्तव में इसे वह सम्मान, पैमाना और परिमाण देते हैं। उन्हें अपनी कहानी कहने में बहुत विश्वास है। अपनी भूमिका के बारे में बताते हुए जान्हवी ने कहा कि यह बेहद मनोरंजक है और सेट पर काम करके उन्हें बेहद खुशी हुई, जहां शामिल सभी लोगों के जुनून और समर्पण ने एक अमिट छाप छोड़ी। वे खुद को भाग्यशाली मानती हैं कि उन्हें यह अवसर मिला।



# बॉलीवुड से निकल हॉलीवुड फिल्मों में काम करना चाहती हैं तृप्ति डिमरी

तृप्ति डिमरी इन दिनों बैड न्यूज फिल्म को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। फिल्म में अभिनेत्री के प्रदर्शन को समीक्षकों और दर्शकों ने सराहा है। बैड न्यूज के प्रदर्शन ने तृप्ति डिमरी की लोकप्रियता को और बढ़ा दिया है। वे पहले से ही एनिमल की सफलता का लुत्फ उठा रही थीं, जिसके जरिए उन्हें नेशनल क्रश का टैग भी मिला। लगातार दो बड़ी फिल्में करने के बाद अब तृप्ति की ख्वाहिशें और बड़ी हो गई हैं। वे अब अपने करियर में नए पंख जोड़ना चाहती हैं। दरअसल, तृप्ति डिमरी ने अब हॉलीवुड फिल्मों में जाने की इच्छा जताई है। तृप्ति डिमरी अब बॉलीवुड से निकलकर हॉलीवुड फिल्मों में भी काम करना चाहती हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, अभिनेत्री वर्तमान में पश्चिमी फिल्म उद्योगों में उनका प्रतिनिधित्व करने के लिए एक एजेंट की तलाश कर रही हैं और वह किसी फिल्म में एक छोटा सा हिस्सा लेने के लिए भी तैयार हैं, जो उनके करियर को आगे बढ़ाने में मदद करेगा।




# राम पोथिनेनी की फिल्म डबल इस्मार्ट की ओटीटी डील पूरी, इस प्लेटफॉर्म को करोड़ों में बेचे राइट्स!

बहुप्रतीक्षित तेलुगु फिल्म डबल इस्मार्ट की रिलीज में काफी कम समय बचा हुआ है। पुरी जगन्नाध द्वारा निर्देशित फिल्म में राम पोथिनेनी मुख्य भूमिका में हैं, जो फिल्म की पहली किस्त में निभाए गए अपने किरदार शंकर की भूमिका को दोहराने वाले हैं। एक एक्शन एंटरटेनर के रूप में पेश की गई यह फिल्म स्वतंत्रता दिवस के मौके पर यानी की 15 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। फिल्म से नवीनतम अपडेट यह है कि फिल्म के ओटीटी अधिकार एक प्रमुख स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म को भारी कीमत पर बेचे गए हैं। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, राम पोथिनेनी की फिल्म डबल इस्मार्ट के डिजिटल राइट्स अमेजन प्राइम वीडियो को 33 करोड़ रुपये में बेचे गए हैं। फिल्म की प्रोडक्शन टीम ने साझा किया कि ओटीटी दिग्गज ने फिल्म के ओटीटी अधिकार हासिल कर लिए हैं, और यह नाटकीय प्रदर्शन के बाद कई भाषाओं में स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी। डबल इस्मार्ट का टीजर शंकर को एक बदमाश के रूप में वापस से प्रस्तुत करता है। हालांकि, पहली किस्त के विपरीत, नई झलक शंकर और संजय दत्त के चरित्र के बीच एक बड़े टकराव का संकेत देती है, जो खुद को बिग बुल बताता है। कुल मिलाकर, फिल्म एक बड़े पैमाने पर मनोरंजन का वादा करती है।
पुरी जगन्नाध द्वारा निर्देशित डबल इस्मार्ट राम और उनकी 2019 की ब्लॉकबस्टर हिट इस्मार्ट शंकर की अगली कड़ी है। पहला भाग एक साइंस फिक्शन एक्शन ड्रामा था जिसमें एक हत्यारे की कहानी थी जिसे एक मारे गए पुलिस अधिकारी की यादें मिलती हैं और बाद में उसे एक हत्या के मामले में अधिकारियों की मदद करने का काम सौंपा जाता है। इस हाई-वोल्टेज एक्शन एंटरटेनर के लिए हॉलीवुड सिनेमैटोग्राफर जियानी जियानेली भी काम कर रहे हैं। डबल इस्मार्ट तकनीकी रूप से बड़े बजट पर बनाया जा रहा है। सीक्वल के लिए, राम ने बड़े पैमाने पर शारीरिक परिवर्तन किया है और स्टाइलिश लुक में नजर आ रहे हैं। बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त खलनायक की भूमिका में हैं।

# पंकज त्रिपाठी और विक्रांत मैसी से तुलना पर बोले मनोज बाजपेयी

अभिनेता मनोज बाजपेयी आज बॉलीवुड में किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। हाल ही में वे फिल्म भैया जी में नज़र आए थे। दर्शकों को इस फिल्म में उनका किरदार काफी पसंद आया था। पिछले तीन दशकों से वे दर्शकों के दिलों पर राज कर रहे हैं। वहीं आज एक्स के हैंडल से उन्होंने एक ट्वीट साझा किया है। उस ट्वीट में किसी यूजर ने उनकी तुलना पंकज त्रिपाठी और विक्रांत मैसी जैसे सितारों से किया था। शुक्रवार को सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक यूजर ने मनोज बाजपेयी के साथ-साथ पंकज त्रिपाठी, विक्रांत मैसी, राजपाल यादव, दिब्येंदु भट्टाचार्य, जितेंद्र कुमार और स्पर्श श्रीवास्तव का एक कोलाज साझा करते हुए पूछा, आपके अनुसार सबसे प्रतिभाशाली अभिनेता कौन है। इस सवाल का जवाब मनोज बाजपेयी ने बेहद दिलचस्प अंदाज में दिया है।

## मैं अभी सीख रहा हूं

मनोज बाजपेयी ने उस ट्वीट के जवाब में रिट्वीट करते हुए लिखा, सर/मैडम मैं तो बहुत ही कमतर हूं। ये सब बहुत होनहार हैं। मैं बस सबसे सीख रहा हूं। मनोज बाजपेयी ने अपने इस से अपने फैंस के दिलों को जीत लिया। सोशल मीडिया पर उनका यह पोस्ट वायरल हो रहा है। लोग उनके बड़पन्न की तारीफ कर रहे हैं। मनोज बाजपेयी उनकी विनम्रता की सराहना कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है, कितना विनम्र जवाब है। वे भारतीय सिनेमा के महानतम कलाकारों में से एक हैं। सत्या, कौन, अक्स, रोड, राजनीति और शूटआउट एट वडाला जैसी फिल्मों में उनेक अभिनय को देखें। सब में उन्होंने शानदार अभिनय किया है और इतनी विनम्रता। एक अन्य यूजर ने लिखा है ये नसीर साहब और पंकज कपूर की तुलना का हकदार हैं।





# जल्द शुरू होगी आलिया भट्ट लव एंड वॉर की शूटिंग!

संजय लीला भंसाली की आगामी फिल्म लव एंड वॉर को लेकर कई वक्त से सोशल मीडिया पर चर्चाएं हो रही हैं। इसी बीच आलिया भट्ट को निर्देशक संजय लीला भंसाली के घर पर देखा गया। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। तो वहीं आलिया को संजय के घर पर देखने के बाद प्रशंसक यही कयास लगा रहे है कि जल्द ही लव एंड वॉर की शूटिंग शुरू होने वाली है। बता दें फिल्म लव एंड वॉर में आलिया और रणबीर कपूर की जोड़ी देखने को मिलेगी। हालांकि, आलिया और रणबीर को प्रशंसक फिल्म ब्रह्मास्त्र के दौरान देख चुके हैं। इन दोनों की जोड़ी प्रशंसकों को बेहद पसंद भी आई थी। अब जब आलिया को संजय लीला भंसाली के घर पर देखा जा चुका है, तो प्रशंसकों को यही लग रहा है कि वह जल्द ही लव एंड वॉर की शूटिंग शुरू करने वाली हैं। इस बात को लेकर प्रशंसक बेहद उत्साहित है कि उन्हें आलिया की और धमाकेदार फिल्म देखने को मिलेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म लव एंड वॉर की शूटिंग जल्द शुरू हो सकती है। शुक्रवार की दोपहर को बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट को मुंबई में निर्देशक संजय लीला भंसाली के घर के बाहर देखा गया। इस दौरान आलिया पैपराजी से बचते हुए दिखी और उन्होंने फोटोग्राफरों को पोज भी नहीं दिए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, लव एंड वॉर में आलिया अपने पति और अभिनेता रणबीर कपूर के साथ फिर से नजर आएंगी। आलिया और रणबीर के अलावा इस फिल्म में विक्की कौशल भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। एक इंटरव्यू के दौरान आलिया ने लव एंड वॉर और रणबीर के साथ फिर से काम करने की बात कही थी। आलिया ने कहा था, एक दर्शक के तौर पर मैं भंसाली और रणबीर को इतने सालों बाद फिर से एक साथ काम करते देखने के लिए बहुत अधिक उत्साहित हूं। मैं सोचती हूं, यह कैसा होने वाला है? विक्की कौशल के साथ काम करने को लेकर आलिया ने कहा था, विक्की और मैं फिर से साथ आ रहे हैं। रणबीर और विक्की ने फिल्म संजू में साथ काम किया था।

# सिटाडेल हनी बनी की रिलीज पर सामंथा ने दिया अपडेट

सामंथा रुथ प्रभु और वरुण धवन सीरीज सिटाडेल हनी बनी में नजर आएंगे। दर्शकों को इसकी रिलीज का इंतजार है। मेकर्स इसकी रिलीज डेट के खुलासे को लेकर संकेत दे चुके हैं। 1 अगस्त को मुंबई में इवेंट का आयोजन किया है, इसी दिन रिलीज डेट से पर्दा उठेगा आज सामंथा रुथ ने भी मजेदार अंदाज में सीरीज की रिलीज डेट को लेकर संकेत दिए हैं। उन्होंने अपनी दो फोटो साझा की हैं, हाथों में एक चिट है, जिस पर लिखा है, 1 अगस्त को हनी को खोजो उन्होंने कैप्शन लिखा है, क्या यह किसी डेट की तरह सुनाई पड़ रहा है? सामंथा के इस पोस्ट पर यूजर्स के दिलचस्प कमेंट आ रहे हैं, कई यूजर्स तो इसे उनकी पर्सनल लाइफ से जोड़कर देख रहे हैं।



देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, सोमवार, 29 जुलाई, 2024






## संक्षिप्त समाचार

### टमाटर के भाव होंगे कम, दिल्ली-एनसीआर में इतने रुपये में बेचने की तैयारी एनसीसीएफ



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय बाजारों में टमाटर की कीमत ने जोरदार छलांग लगायी है. बारिश के कारण आपूर्ति में व्यवधान के कारण टमाटर की कीमतों में उछाल आया है. आंकड़ों के अनुसार, 27 जुलाई को दिल्ली में खुदरा टमाटर की कीमतें 77 रुपये प्रति किलोग्राम थीं, लेकिन गुणवत्ता और स्थानीयता के आधार पर कुछ क्षेत्रों में कीमतें 80 रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक हो गई हैं. कृषि भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी कॉलोनी, हौज खास हेड ऑफिस, संसद मार्ग, आईएनए मार्केट, मंडी हाउस, कैलाश कॉलोनी, आईटीओ, साउथ एक्सटेंशन, मोती नगर, द्वारका, नोएडा सेक्टर 14 और सेक्टर 76, रोहिणी और गुरुग्राम सहित कई स्थानों पर टमाटर की खुदरा बिक्री 60 रुपये प्रति किलो होगी. एनसीसीएफ ने बयान में कहा, यह सुविधा 29 जुलाई, 2024 को शुरू होगी और आने वाले दिनों में धीरे-धीरे दिल्ली-एनसीआर के अन्य स्थानों तक विस्तारित होगी. सब्सिडी वाले टमाटर कृषि भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी कॉलोनी, हौज खास, संसद मार्ग, आईएनए मार्केट और नोएडा, रोहिणी और गुरुग्राम के कई इलाकों सहित विभिन्न स्थानों पर उपलब्ध होंगे. इस पहल का उद्देश्य बाजार को स्थिर करना और उपभोक्ताओं को लागत में पर्याप्त राहत प्रदान करना है. एनसीसीएफ ने कहा कि यह हस्तक्षेप उपभोक्ताओं पर बढ़ती खाद्य कीमतों के प्रभाव को कम करने के लिए सरकार के प्रयासों को रेखांकित करता है.

### रिलायंस जीयो के नए एयरफाइबर कनेक्शन पर मिलेगा भारी डिस्काउंट, 15 अगस्त तक उठा सकते हैं लाभ




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगस्त का महीना शुरु होने वाला है। अगस्त शुरू होने से पहले ही कंपनियों ने स्वतंत्रता दिवस से संबंधित ऑफर्स की शुरुआत कर दी है। इसी कड़ी में रिलायंस जियो अपने फ्रीडम ऑफर को लॉन्च किया है। रिलायंस के फ्रीडम ऑफर के तहत अब नए एयरफाइबर कनेक्शन पर 30 प्रतिशत की छूट दे रहा है। इसके तहत नए यूजर्स के लिए 1,000 रुपये का इंस्टॉलेशन चार्ज माफ कर दिया गया है। कंपनी ने यह ऑफर 26 जुलाई से 15 अगस्त तक के लिए लॉन्च किया है। अब नए ग्राहकों को फ्रीडम ऑफर के तहत नए कनेक्शन के लिए 2,121 रुपये देने होंगे। नया जियो एयरफाइबर कनेक्शन प्राप्त करने के लिए, रिलायंस जियो की वेबसाइट पर जाएं और अपनी रुचि दर्ज करें या 60008-60008 पर मिस्ड कॉल दें। बता दें कि फ्रीडम ऑफर का लाभ लेने के लिए हर व्यक्ति एलिजिबल नहीं है।

# आम आदमी को लग सकता है महंगाई का झटका

## सरकार जल्द बढ़ा सकती है चीनी के दाम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी को आने वाले दिनों में महंगाई का एक और झटका लग सकता है। केंद्र सरकार जल्द ही चीनी के दामों में बढ़ोतरी कर सकती है। केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि सरकार अगले कुछ दिनों में चीनी के न्यूनतम बिक्री मूल्य (एम.एस.पी.) में बढ़ौतरी पर फैसला ले सकती है। ऑल इंडिया शुगर ट्रेड एसोसिएशन (ए.आई.एस.टी.ए.) के एक सम्मेलन में उन्होंने कहा, हम एम.एस.पी. प्रस्ताव पर चर्चा कर रहे हैं। आने वाले दिनों में उम्मीद करते हैं कि हम कोई फैसला लेंगे। गन्ना किसानों को दिए जाने वाले उचित और लाभकारी मूल्य (एफ.आर.पी.) में वार्षिक बढ़ौतरी के बावजूद चीनी का एम.एस.पी. 2019 से 31 रुपए प्रति किलोग्राम पर बना हुआ है।

सरकार के इस फैसले के बाद मिठाई से लेकर मीठे पकवान तक महंगे हो सकते हैं। दरअसल, इस साल अक्टूबर-नवंबर में महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होने हैं। महाराष्ट्र के विदर्भ गन्ना क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी को बड़ा नुकसान हुआ है। 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी 25 सीटों पर चुनाव लड़ा, जिसमें से 10 सीटों पर ही जीत मिली थी। जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने 23 सीटों पर जीत हासिल की थी। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा और पंजाब के किसानों को भी बड़ा लाभ हो सकता है।

नेशनल फैडरेशन ऑफ कोऑप्रेटिव शुगर फैक्टरीज (एन.एफ.सी.एस.एफ.) सहित उद्योग निकायों ने सरकार से बढ़ती उत्पादन लागत के बीच मिलों को संचालन बनाए रखने में मदद करने के लिए एम.एस.पी. को कम से कम 42 रुपए प्रति किलोग्राम तक बढ़ाने का आग्रह किया है। चोपड़ा ने कहा कि 2024-25 सत्र (अक्तूबर-सितंबर) के लिए चीनी उत्पादन आशाजनक दिख रहा है, जिसमें पिछले साल की समान अवधि के 57 लाख हैक्टेयर से बढ़कर अब तक 58 लाख हैक्टेयर तक गन्ने की बुवाई हो चुकी है। नेशनल फेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज (ह्स्नष्टस्स्न) सहित उद्योग निकायों ने सरकार से बढ़ती उत्पादन लागत के बीच मिलों को संचालन बनाए रखने में मदद करने के लिए एमएसपी को कम से कम 42 रुपए प्रति किलोग्राम तक बढ़ाने का आग्रह किया है।

चोपड़ा ने कहा कि 2024-25 सत्र (अक्टूबर-सितंबर) के लिए चीनी उत्पादन आशाजनक दिख रहा है, जिसमें पिछले साल की समान अवधि के 57 लाख हेक्टेयर से बढ़कर अब तक 58 लाख हेक्टेयर तक गन्ने की बुवाई हो चुकी है। चीनी सत्र 2023-24 में चीनी उत्पादन 3.2 करोड़ टन होने का अनुमान है, जो पिछले सत्र के 3.28 करोड़ टन से कम है लेकिन 2.7 करोड़ टन की घरेलू मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खाद्य सचिव ने कहा कि कृषि मंत्रालय विभिन्न उपज से एथनॉल बनाने के लिए पानी की जरूरतों का मूल्यांकन करने के लिए अनुसंधान कर रहा है। शुरुआती निष्कर्षों से पता चलता है कि मक्का और चावल के मुकाबले गन्ने से एथनॉल बनाने के लिए कम पानी की जरूरत होती है।

यह शोध और इसके परिणाम एथनॉल उत्पादन को बढ़ावा देने और जल संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण हो सकते हैं, जिससे किसानों को लाभ और पर्यावरण को संरक्षण मिल सकेगा। सरकार का यह निर्णय किसानों और चीनी मिलों के आर्थिक स्वास्थ्य को संतुलित करने के साथ-साथ देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है।

## भगौड़े विजय माल्या की मुश्किलें बढ़ी, सेबी ने ले लिया बड़ा एक्शन, लग गया प्रतिबंध



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत से भगेड़े कारोबारी विजय माल्या की मुश्किलें एक बार फिर से बढ़ गई है। इस बार भारत के बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने विजय माल्या के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया है। सेबी ने एक आदेश जारी कर भगोड़े कारोबारी विजय माल्या पर तीन साल तक प्रतिभूति बाजार में कारोबार करने पर रोक लगा दी है। यह कार्रवाई इस निष्कर्ष के बाद की गई है कि माल्या ने अपनी पहचान छिपाने के लिए जटिल लेनदेन के माध्यम से भारतीय प्रसेबी की मुख्य महाप्रबंधक अनीता अनूप के अनुसार, यूनाइटेड ब्रूअरीज के पूर्व प्रमुख और यूनाइटेड स्पिरिट्स लिमिटेड (यूएसएल) के बहुलांश शेयरधारक माल्या ने अपनी कंपनियों के शेयरों का अप्रत्यक्ष रूप से व्यापार करने की योजना बनाई थी। ये लेनदेन विदेशी संस्थागत निवेश (एफआईआई) मार्ग का उपयोग करते हुए यूबीएस एजी लंदन के बैंक खातों के माध्यम से किए गए। सेबी के आदेश के अनुसार, ÷ऐसे कृत्य न केवल धोखाधड़ीपूर्ण और भ्रामक हैं, बल्कि प्रतिभूति बाजार की अखंडता के लिए भी खतरा हैं।÷

यह माल्या पर पहली बार प्रतिबंध नहीं है; सेबी ने इससे पहले यूएसएल के शेयरों में हेराफेरी और अनुचित लेनदेन के लिए उन पर 1 जून 2018 से तीन साल के लिए प्रतिभूति बाजार में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया था। शुक्रवार के आदेश में सेबी ने इस बात पर जोर दिया कि माल्या हेराफेरी और धोखाधड़ी वाली गतिविधियों में शामिल थे और अनुचित व्यापार प्रथाओं में लिप्त थे, जो प्रतिभूति कानूनों का उल्लंघन है। इसके कारण नियामक ने उनके बाजार प्रतिबंध को और तीन साल के लिए बढ़ा दिया। नियामक ने वित्तीय सेवा प्राधिकरण (एफएसए) से प्राप्त सूचना के आधार पर स्वतः जांच शुरू की थी। जांच से पता चला कि माल्या ने भारत में अपने समूह की कंपनियों, हर्बर्टसन्स और यूएसएल के शेयरों में अप्रत्यक्ष रूप से व्यापार करने के लिए एफआईआई - मैटरहॉर्न एडवाइजरी सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड के पंजीकृत उप-खाते मैटरहॉर्न वेंचर्स का इस्तेमाल किया। यह धनराशि यूबीएस के विभिन्न लाभार्थी खातों के माध्यम से भेजी गई तथा फिर भारतीय प्रतिभूति बाजार में डाल दी गई। सेबी के आदेश में इस बात पर प्रकाश डाला गया कि माल्या बेसाइड, सनकोस्ट और बर्चवुड सहित अनेक खातों के अंतिम लाभार्थी स्वामी थे। इन संस्थाओं ने कुल 6.15 मिलियन डॉलर वेंचर न्यू होल्डिंग लिमिटेड को हस्तांतरित किये, जिसके मालिक भी माल्या थे। इस धनराशि का उपयोग तुरंत हर्बर्टसन्स के शेयर खरीदने के लिए किया गया।

## एक अगस्त से होने जा रहा है नियमों में बदलाव, क्या होगा महंगा और क्या होगा सस्ता जानें यहां



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आने वाला महीना आपकी जेब पर काफी असर डाल सकता है. हर नए महीने में होने वाले नियमों में परिवर्तन की तरह अगस्त में भी कुछ नियम बदले जा रहे है. अब नए नियम लागू होने के बाद कुछ वस्तुओं के दाम बढ़ेंगे तो कुछ के दाम घटेंगे जिसका सीधा लोगों की जेब पर पड़ेगा. प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 अगस्त से गैस-सिलेंडर के दाम, एचडीएफसी लाइफ क्रेडिट कार्ड के नियम और बिजली भुगतान आदि के नियमों में परिर्वतन देखने को मिलेगा

एक अगस्त से लेन देन के लिए नए नियम लागू होंगे. जिनके अनुसार रु. 50, 000 रुपये से कम के लेनदेन पर कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा. वहीं 50, 000 रुपये से अधिक के लेनदेन पर कुल राशि का 1प्रतिशत शुल्क देना पड़ेगा.

हालांकि छात्रों के लिए राहत की खबर ये है कि कॉलेज या स्कूल की वेबसाइटों या उनकी पीओएस मशीनों के माध्यम से सीधे किए गए भुगतान निःशुल्क हैं. परंतु छात्र सीआरईडी, चेक, मोबिक्विक और अन्य थर्ड-पार्टी ऐप्स के माध्यम से 50 हजार से ज्यादा का भुगतान करेगा तो उसे 1प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क देना होगा.

नए महीने एचडीएफसी लाइफ की तरफ से टाटा न्यू इनफिनिटी और टाटा न्यू प्लस क्रेडिट कार्ड के नियमों में बदलाव किया जाएगा. नये नियमों के अनुसार इन कार्ड धारकों को टाटा न्यू यूपीआई आईडी से लेनदेन करने पर 1.5 प्रतिशत न्यू कॉइन्स प्राप्त होंगे.

पिछले महीने की तरह 1 अगस्त से भी एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में बदलाव देखने को मिलेगा. जुलाई महीने में मिडिल क्लास के लिए अच्छी खबर ये थी कि केंद्र सरकार ने 19 किलो वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में कटौती की थी. अब आगे ऐसा माना जा रहा है कि सरकार सिलेंडर की कीमत में कटौती कर सकती है.

आने वाले महीने की पहली तारीख से गूगल मैप्स परिवर्तित नियम लागू होंगे. नए नियम के अनुसार गूगल मैप्स ने अपनी सर्विस का भारत में शुल्क 70 प्रतिशत तक घटा दिया है. इसके साथ ही नए नियमों में गूगल मैप्स की ओर से सर्विस के लिए डॉलर की जगह भारतीय रुपयों में चार्ज लिया जाएगा. हालांकि बता इस बदलाव का आम यूजर्स पर कोई असर नहीं होगा.

# गोल्ड में आई सबसे बड़ी गिरावट से लोगों को हुआ नुकसान, डूब गए 11 लाख करोड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के गोल्ड पर कस्टम ड्यूटी घटाने के ऐलान के साथ ही, सोने की कीमतों में पांच प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। इससे देश के आम लोगों की बचत की वैल्यू में करीब 11 लाख करोड़ रुपए की गिरावट आई है। बिजनेस डेस्कः बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के गोल्ड पर कस्टम ड्यूटी घटाने के ऐलान के साथ ही, सोने की कीमतों में पांच प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। इससे देश के आम लोगों की बचत की वैल्यू में करीब 11 लाख करोड़ रुपए की गिरावट आई है। अगर इसकी तुलना शेयर बाजार से करें, तो यह स्टॉक मार्केट के इतिहास में एक दिन में आई अबतक की छठी सबसे बड़ी गिरावट है। इस गिरावट का सीधा असर देश के लाखों परिवारों पर पड़ा है। ऐसा इसलिए क्योंकि सोना रखने वाले परिवारों की संख्या शेयर बाजार में निवेश करने वालों की तुलना में कहीं ज्यादा है।

भारत में लोग खासकर के मिडिल क्लास परिवार शेयर बाजार से ज्यादा सोने में निवेश करते हैं। देश की मां और बहनों के पास हाउसहोल्ड सेविंग के नाम भारत में कुल इतना सोने का भंडार मौजूद है, जितना भारतीय रिजर्व बैंक के पास भी नहीं है। भारतीय परिवारों के पास दुनिया का सबसे बड़ा सोने का भंडार है। एक आंकड़े के मुताबिक, दुनिया के कुल सोने का लगभग 11 प्रतिशत भारतीय परिवारों के पास है। यह अमेरिका, जर्मनी, स्विट्जरलैंड और आईएमएफ के कुल गोल्ड रिजर्व से भी अधिक है। इस साल की शुरुआत से ही सोने की कीमतें तेजी से बढ़ रही थीं। बजट से एक दिन पहले तक सोने की कीमतों में इस साल 14.7 फीसदी की तेजी आई थी जो सेंसेक्स के रिटर्न से भी ज्यादा थी लेकिन बजट में वित्त मंत्री ने सोने-चांदी पर बेसिक कस्टम ड्यूटी को 10 प्रतिशत से घटाकर 6 प्रतिशत कर दिया। साथ ही इस पर लगने वाले एग्रीकल्चर सेस को 5 प्रतिशत से घटाकर 1 प्रतिशत कर दिया। इससे कुल मिलाकर सोने पर लगने वाले शुल्क अब पहले के 18.5 प्रतिशत से घटकर 9 प्रतिशत हो गया है, जिसमें ज्ह्रस्ञ्ज भी शामिल है। बजट पेश होने से ठीक एक दिन पहले सोने के दाम देश में सोने के दाम 75,200 रुपए प्रति 10 ग्राम पर थे जबकि बजट पेश होने के बाद 23 जुलाई को इसकी कीमत 71,200 रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गई। अगर इसकी तुलना शेयर मार्केट से की जाए, तो एक ही दिन में सोने की कीमतों में गिरावट से इंवेस्टर्स को 11 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ है।

## पोस्ट ऑफिस ने महिलाओं के लिए निकाली जबरदस्त स्कीम, 2 साल में अमीर हो जाएंगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र, 2023, भारत सरकार द्वारा पेश की जाने वाली एक विशेष लघु बचत योजना है जो विशेष रूप से महिला निवेशकों के लिए बनाई गई है। यह एक बार की योजना है जो अप्रैल 2023 से मार्च 2025 तक दो साल की अवधि के लिए उपलब्ध होगी।



महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र, 2023, भारत सरकार द्वारा महिला निवेशकों को दी जाने वाली एक छोटी बचत योजना है। इसका उद्देश्य भारतीय महिलाओं में बचत की आदत पैदा करना है। ध्यान दें कि महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र अप्रैल 2023-मार्च 2025 तक दो वर्षों के लिए उपलब्ध एकमुश्त योजना है। यह योजना डाक विभाग के माध्यम से 1 अप्रैल, 2023 से लागू है।

किसी भी उम्र की भारतीय महिला खाता खुलवा सकती है। अगर, पुरुष अभिभवाक भी अपने नाबलिग बेटी के लिए खाता खोल सकते हैं। यह स्कीम नाबालिग लड़कियों के लिए भी फाइनेंशियल प्रोडक्ट में निवेश का अवसर प्रदान कर सकते है।

### जमा राशि सीमा

न्यूनतम रु. 1000/- और अधिकतम रु. 200000/-, -जमा राशि रु. 100/- के गुणकों में होनी चाहिए, एक खाते में केवल एक जमा की अनुमति है। किसी एकल जमाकर्ता के लिए खातों की संख्या की कोई सीमा नहीं है, बशर्ते कि इस योजना के तहत सभी खातों में संचयी राशि 200000/- से अधिक न हो। एक ही ग्राहक के लिए इस योजना के तहत दो खाते खोलने के बीच 3 महीने का समय अंतराल रखा जाना चाहिए।

## बजट ने राज्य पुनर्गठन अधिनियम के तहत की गई प्रतिबद्धता को पूरा किया




**अहमदाबाद, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इस आरोप से इनकार किया कि केंद्रीय बजट आंध्र प्रदेश के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि इसमें केवल कांग्रेस शासन के दौरान पारित राज्य पुनर्गठन अधिनियम के तहत की गई प्रतिबद्धता को पूरा किया गया है। वह यहां गुजरात भाजपा द्वारा बजट पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। पुरी से विपक्ष के इस आरोप के बारे में पूछा गया था कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट से केवल बिहार और आंध्र प्रदेश को फायदा हुआ है। जो केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के प्रमुख सहयोगी- जद (यू) और तेदेपा द्वारा शासित राज्य हैं। उन्होंने कहा, उनसे पूछिए कि राज्य पुनर्गठन अधिनियम पर किसने हस्ताक्षर किए थे....यह कांग्रेस सरकार थी। यह आपकी प्रतिबद्धता है। हम आपकी प्रतिबद्धता को पूरा कर रहे हैं। वर्ष 2014 के अधिनियम द्वारा तत्कालीन आंध्र प्रदेश को विभाजित कर तेलंगाना नामक नया राज्य बनाया गया। पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी मुंबई यात्रा के दौरान महाराष्ट्र के लिए एक लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं की घोषणा की, जिसमें 76,000 करोड़ रुपये की बंदरगाह परियोजना भी शामिल है, जिससे 10 लाख नौकरियां पैदा होंगी। मंत्री ने कहा कि बजट का लक्ष्य 'पूर्वोदय' है, जिससे न केवल बिहार बल्कि पश्चिम बंगाल और ओडिशा को भी लाभ होगा।

## पीएनबी का जून तिमाही में शुद्ध लाभ 3,252 करोड़ रुपए, दोगुने से ज्यादा बढ़त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पंजाब नेशनल बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में दोगुने से ज्यादा होकर 3,252 करोड़ रुपए रहा है। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 1,255 करोड़ रुपए रहा था।

पीएनबी ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी कुल आय समीक्षाधीन तिमाही में बढ़कर 32,166 करोड़ रुपए हो गई, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 28,579 करोड़ रुपए थी। बैंक की ब्याज आमदनी जून तिमाही में बढ़कर 28,556 करोड़ रुपए हो गई, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 25,145 करोड़ रुपए थी। बैंक की सकल गैर निष्पादित आस्तियां जून 2024 तक घटकर सकल अग्रिम का 4.98 प्रतिशत रह गई, जो एक वर्ष पूर्व इसी तिमाही में 7.73 प्रतिशत थी। शुद्ध एनपीए भी घटकर जून तिमाही के बाद 0.60 प्रतिशत रह गया, बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही के बाद 1.98 प्रतिशत था। परिणामस्वरूप, अप्रैल-जून वित्त वर्ष 2025 में खराब ऋणों के लिए प्रावधान भारी गिरावट के साथ 792 करोड़ रुपए रह गया, जो एक साल पहले की अवधि में 4,374 करोड़ रुपए था। एकीकृत आधार पर, बैंक ने समीक्षाधीन तिमाही में 3,976 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जबकि एक साल पहले समान अवधि में यह 1,342 करोड़ रुपए था। बैंक के एकीकृत वित्तीय परिणाम में पांच अनुषंगी कंपनियां और 15 सहयोगी कंपनियां शामिल हैं। जून, 2024 के अंत तक बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात बढ़कर 15.79 प्रतिशत हो गया, जबकि एक वर्ष पहले इसी अवधि में यह 15.54 प्रतिशत था।







# बांग्लादेश को योजना के मुताबिक महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी करने का भरोसा

**ढाका एजेंसी।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने कहा है कि वे देश में चल रही राजनीतिक अशांति और आपातकाल के बावजूद आगामी महिला टी20 विश्व कप की योजना के अनुसार मेजबानी को लेकर आश्वस्त हैं। इससे पहले, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने कहा कि वह बांग्लादेश की स्थिति पर नजर रख रही है, जहां सड़कों पर हत्याओं और विरोध प्रदर्शनों के बाद राय के मामले को नियंत्रित करने के लिए सरकार को पिछले सप्ताह आपातकाल लगाना पड़ा था जिसे अभी तक हटाया नहीं गया है। महिला टी20 विश्व कप 3 से 20 अक्टूबर तक निर्धारित है, दस टीमें बांग्लादेश के दो स्थानों पर 18 दिनों में 23 मैच खेलेंगी- ढाका में शेर-ए-बांग्ला राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और सिलहट में सिलहट अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम। बीसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी निज़ामुद्दीन चौधरी ने शनिवार को क्रिकबज को बताया, आज तक मुझे बस इतना पता है कि हम योजना के अनुसार आगामी आईसीसी महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी कर रहे हैं और हम उसी के अनुसार काम कर रहे हैं। बीसीबी अध्यक्ष नजमुल हसन और मुख्य कार्यकारी कोलंबो में आईसीसी बैठक में भाग लेने के बाद शुक्रवार (26 जुलाई) को ढाका लौट आए। बीसीबी महिला विंग की अध्यक्ष और सत्तारूढ़ पार्टी के वर्तमान संसद सदस्य शफीउल आलम चौधरी नडेल ने कहा कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि उनके पास टूर्नामेंट को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए पर्याप्त समय है।

जब शफीउल का ध्यान इस मुद्दे की ओर दिलाया गया तो उन्होंने इस वेबसाइट से कहा, हमें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में सब कुछ ठीक हो जाएगा. उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलियाई और इंग्लैंड की टीम ने पहले मुश्किल समय में यहां का दौरा किया था जब राजनीतिक स्थिति काफी हिंसक थी या कहें कि जब कोरोना था। उन्होंने कहा, स्थिति ऐसी नहीं है और दिन बीतने के साथ स्थिति में सुधार हो रहा है और हम टूर्नामेंट की मेजबानी को लेकर आशान्वित हैं और हम अपनी योजना के अनुसार तैयारी कर रहे हैं।

पेरिस ओलंपिक

# ओलंपिक मेजबानी पर नीता अंबानी का आया बयान पेरिस में दोहरे अंक में पदक जीतने की उम्मीद जताई

**पेरिस, एजेंसी।** पिछले साल अक्टूबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी की इछा की घोषणा की थी और देश के एक अरब 40 करोड़ लोगों के सपने को पूरा करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ने का संकल्प लिया था।

भारतीय एथलीट पेरिस ओलंपिक में पदक के लिए अपना अभियान शुरू कर चुके हैं और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की सदस्य नीता अंबानी को उम्मीद है कि भारत टोक्यो ओलंपिक के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को पीछे छोड़ते हुए पेरिस में दोहरे अंक में पदक जीतेगा। ला विलेट में इंडिया हाउस के उद्घाटन के मौके पर नीता ने भविष्य में ओलंपिक मेजबानी को लेकर भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं है जब भारत भी ओलंपिक की मेजबानी करेगा।

**2036 ओलंपिक में मेजबानी की दावेदारी पेश करने की जुगत में भारत** – पिछले साल अक्टूबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी की इछा की घोषणा की थी और देश के एक अरब 40 करोड़ लोगों के सपने को पूरा करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ने का संकल्प लिया था। पेरिस ओलंपिक के शानदार उद्घाटन समारोह के पूरी दुनिया का ध्यान खींचने के एक दिन बाद ओलंपिक में पहले कंट्री हाउस इंडिया हाउस का उद्घाटन हुआ जिसमें भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह और आईओसी के अधिकारी और प्रशासक भी शामिल हुए थे।



## नीता को ओलंपिक खेलों की मेजबानी का भरोसा

नीता ने कहा, हम बहुत अछा प्रदर्शन करने जा रहे हैं। हमारे खिलाड़ियों में से 47 प्रतिशत लड़कियां हैं। यह सब महिला शक्ति और हमारे युवा लड़के-लड़कियों के लिए है, हम उनका उत्साहवर्धन कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि हम पहली बार पदक की संख्या को दोहरे अंक में देख पाएंगे। आगे बढ़ो भारत, भारत को गौरवांवित करो। भारत आ गया है। अब समय आ गया है कि एथेंस में पहली बार जलाई गई योति हमारी प्राचीन भूमि भारत के आकाश को रोशन करे। वह दिन दूर नहीं जब भारत ओलंपिक खेलों की मेजबानी करेगा। इंडिया हाउस के उद्घाटन पर यह हमारा सामूहिक संकल्प होना चाहिए। पहली बार पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत का अपना घर है। यह एक ऐसी जगह है जहां हम अपने खिलाड़ियों का सम्मान करेंगे, उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाएंगे और उन्हें शुभकामनाएं देंगे।

उन्होंने कहा, जब मैं ब्राजील, कोरिया में शीतकालीन ओलंपिक और फिर टोक्यो गई थी तो हमारे पास इंडिया हाउस नहीं था। मुझे लगा कि एक करोड़ 40 लाख की जनसंख्या वाले भारत को अपना खुद का घर चाहिए। इसलिए मैंने ओलंपिक में अपने खिलाड़ियों और सभी को यह दिखाने के लिए एक इंडिया हाउस बनाने के बारे में सोचना शुरू किया कि भारत की भावना वास्तव में क्या है।

# पिछले 10 वर्षों में खिलाड़ियों को काफी सुविधाएं मिली हैं: पीटी उषा

**पेरिस, एजेंसी।** भारतीय दल ने शनिवार को पेरिस में 33वें ओलंपिक खेलों में अपने अभियान की शुरुआत खेलों में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हासिल करने की उम्मीद के साथ की, जो देश द्वारा टोक्यो में जीते गए सात पदकों को पीछे छोड़ देगा। उस महत्वपूर्ण दिन पर जब शीर्ष पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में पहुंचकर पदक की उम्मीदें बरकरार रखीं, आईएएनएस ने यह जानने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष और महान एथलीट डॉ. पीटी उषा से मुलाकात की। जब वह प्रतिस्पर्धा कर रही थी तब से दृश्य कैसे बदल गया है।

मेरे समय और अब की कोई तुलना नहीं है। मैंने अपने कोच को अपने साथ रखने का प्रबंध किया। अन्यथा, मेरे लिए तो कोई एक्सपोज़र ही नहीं था। देखिये अगर मुझे यूरोप के बाहर 3-4 रेस मिल जाती तो मैं पदक जीत सकती थी । अनुभव और एक्सपोज़र की कमी के कारण ही मैं पदक से चूक गई। तो अब देखिए पिछले 10 सालों में खिलाड़ियों को काफी सुविधाएं मिल रही हैं।



# पंजाब एफसी ने नेक्स्ट जेनरेशन कप 2024 के लिए टीम घोषित की

**मोहाली, एजेंसी।** पंजाब एफसी ने नेक्स्ट जेनरेशन कप 2024 के लिए अपनी 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है, जो 1 से 4 अगस्त तक इंग्लैंड में खेला जाएगा। प्रीमियर लीग द्वारा आयोजित यह टूर्नामेंट एस्टन विला के बॉडीमूर ट्रेनिंग ग्राउंड में खेला जाएगा और फाइनल लॉफबोरो यूनिवर्सिटी स्टेडियम में होगा। इंग्लिश प्रीमियर लीग क्लब एस्टन विला, क्रिस्टल पैलेस, एवर्टन और क्रिस्टल पैलेस और दक्षिण अफ्रीकी स्टेलनबोश सहित आठ अकादमियों की टीमें टूर्नामेंट के पांचवें संस्करण के लिए पंजाब एफसी, ईस्ट बंगाल एफसी और मुथूट फुटबॉल अकादमी के साथ टूर्नामेंट में शामिल होंगी। पंजाब एफसी को मुख्य कोच शंकरलाल चक्रवर्ती प्रशिक्षित करेंगे और इसमें सीनियर टीम के सात खिलाड़ी शामिल होंगे जिन्होंने आरएफडीएल राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती थी और नेक्स्टजेन कप के लिए क्वालीफाई किया था। पंजाब एफसी टीम नॉर्थ रीजन क्वालीफायर, नेशनल ग्रुप स्टेज और नेशनल चैंपियनशिप में पूरे अभियान के दौरान अजेय रही थी।

टीम के बारे में बात करते हुए, मुख्य कोच शंकरलाल चक्रवर्ती ने कहा, ÷हमने एक संतुलित टीम का चयन किया है जिसमें ऐसे खिलाड़ी हैं जिनके पास सीनियर टीम का अनुभव है और साथ ही रिजर्व खिलाड़ी भी हैं जो पूरे आरएफडीएल अभियान में अछा खेल रहे हैं।

## नाइजीरियाई मुक्केबाज सिंथिया ओगुनसेमिलोर डोपिंग के लिए अस्थायी रूप से निलंबित



**पेरिस, एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) ने कहा कि नाइजीरियाई मुक्केबाज सिंथिया टेमिटायो ओगुनसेमिलोर को पेरिस ओलंपिक में अपनी शुरुआती लड़ाई से पहले डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन करने के लिए अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। इराकी जुडोका सजाद सेहेन और डोमिनिकन वॉलीबॉल खिलाड़ी लिसवेल ईव मेजिया के बाद ओलंपिक खेलों की शुरुआत के बाद से डोपिंग का यह तीसरा मामला है। आईटीए ने कहा, मुक्केबाज सिंथिया टेमिटायो ओगुनसेमिलोर से लिए गए एक नमूने में एक निर्दिष्ट प्रतिबंधित पदार्थ, फ्यूरोसेमाइड (विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) निषिद्ध पदार्थों की सूची के अनुसार श्रेणी एस5 मूत्रवर्धक और मास्किंग एजेंट के रूप में वर्गीकृत) के लिए एक प्रतिकूल विश्लेषणात्मक परिणाम सामने आया। 22 वर्षीय ओगुनसेमिलोर को सोमवार को -60 किग्रा वर्ग में ओलंपिक टूर्नामेंट में पदार्पण करना था।

ओगुनसेमिलोर को मामले की जानकारी दे दी गई है और विश्व डोपिंग रोधी संहिता और ओलंपिक गेम्स पेरिस 2024 पर लागू आईओसी डोपिंग रोधी नियमों के अनुरूप मामले का समाधान होने तक अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। इसका मतलब यह है कि मुक्केबाज को ओलंपिक गेम्स पेरिस 2024 के दौरान प्रतिस्पर्धा, प्रशिक्षण, कोचिंग या किसी भी गतिविधि में भाग लेने से रोका जाता है। नमूना 25 जुलाई को पेरिस में प्रतियोगिता से बाहर एंटी-डोपिंग नियंत्रण के दौरान अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के परीक्षण प्राधिकरण और परिणाम प्रबंधन के तहत आईटीए द्वारा एकत्र किया गया था। परिणाम 27 जुलाई को पेरिस की वाडा-मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला द्वारा रिपोर्ट किया गया था। सिंथिया को खेल मध्यस्थता न्यायालय - एंटी-डोपिंग डिवीजन (सीएएस एडीडी) के समक्ष अंतिम निलंबन को चुनौती देने का अधिकार है। उसे बी-नमूने के विश्लेषण का अनुरोध करने का भी अधिकार है।

पेरिस ओलंपिक

# कोच सुमा के नक्शेकदम पर रमिता जिंदल, महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में पहुंचीं



**पेरिस, एजेंसी।** भारत की रमिता जिंदल ने रविवार को इतिहास रच दिया। वह महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गई हैं। वह इस स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाली तीसरी भारतीय महिला एथलीट हैं। वहीं, 20 साल बाद किसी महिला एथलीट ने ऐसा किया है। 20 साल की रमिता ने रविवार को खेले गए क्वालिफिकेशन राउंड में 631.5 के स्कोर के साथ क्वालिफाई किया। वह पांचवें स्थान पर रहीं। उन्होंने छह सीरीज में 104.3, 106.0, 104.9, 105.3, 105.3, 105.7 का स्कोर बनाया। वहीं, इसी स्पर्धा में भारत की एक और एथलीट एलावेनिल वलारिवान 630.7 के स्कोर के साथ 10वें स्थान पर रहीं और फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकीं। रमिता कल दोपहर एक बजे से अपना फाइनल मैच खेलेंगी और स्वर्ण पदक के लिए जोर लगाएंगी।

रमिता पिछले 20 साल में मनु भाकर के बाद किसी मेडल राउंड में पहुंचने वाली दूसरी महिला शूटर बन गईं। रमिता अपने कोच सुमा शिरूर (एथेंस 2004) के बाद ओलंपिक फाइनल में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला राइफल शूटर हैं। रमिता ने 631.5 का स्कोर किया और क्योंकि अंतिम सीरीज तक ऐसा लग रहा था कि वह कट नहीं बना पाएंगी। हालांकि, आखिरी सीरीज में जबरदस्त वापसी से वह शीर्ष-8 में पहुंचने में कामयाब रहीं और फाइनल में पहुंच गईं। एलावेनिल आधे रास्ते तक आगे चल रही थीं, लेकिन अगली यानी आखिरी तीन सीरीज में वह पिछड़ गईं और अंततः क्वालिफाइंग दौर में 10 वें स्थान पर रही। अंतिम सीरीज दोनों भारतीयों के लिए अंतर साबित हुई, क्योंकि दोनों ने मिश्रित टीम स्पर्धा की निराशा को पीछे छोड़ने का लक्ष्य बनाया था। रमित इसमें कामयाब रहीं, लेकिन एलावेनिल ऐसा नहीं कर सकीं। दक्षिण कोरिया की ह्योजिन बान 634.5 के क्वालिफिकेशन रिकॉर्ड स्कोर के साथ पहले स्थान पर रहीं। नॉर्वे की जेनेट हेग 633.2 के स्कोर के साथ दूसरे और स्विटजरलैंड की ऑड्रे गोगनियाट 632.6 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। चीन की यूटिंग हुआंग 632.6 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहीं।

# सूर्यकुमार यादव ने विराट कोहली के इस बड़े टी20आई रिकॉर्ड की बराबरी की

**पल्लेकेले (श्रीलंका), एजेंसी।** भारत के टी20आई कप्तान सूर्यकुमार यादव ने क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में सबसे ज़्यादा प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड जीतने के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली के रिकॉर्ड की बराबरी करके रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। टी20आई क्रिकेट में गौतम गंभीर और सूर्यकुमार युग की शुरुआत जीत के साथ हुई, जब भारत ने श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज के पहले मैच में 43 रन से जीत दर्ज की।



कप्तानी का भार सूर्यकुमार के लिए अपने खेलने के गतिशील अंदाज को बदलने के लिए पर्याप्त नहीं था। अपने हमेशा की तरह शानदार अंदाज और बेहतरीन शॉट चयन के साथ, भारतीय कप्तान ने शानदार पारी खेली और 223.08 की शानदार स्ट्राइक रेट से 26 गेंदों पर 58 रन बनाए। श्रृंखला में 1-0 की बढ़त लेने के बाद भारत रविवार को मेजबान टीम के खिलाफ दूसरा टी20 मैच खेलेगा। भारत के सीरीज में एक अंक से आगे निकलने के बाद 33 वर्षीय बल्लेबाज को 69 मैचों में टी20आई प्रारूप में 16वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने कोहली के रिकॉर्ड की बराबरी की, जिन्होंने अपने शानदार करियर में 125 मैचों में 16 क्क्ष्ल्ल पुरस्कार जीते हैं। सूर्यकुमार श्रीलंका के खिलाफ आगामी दो मैचों में उनसे आगे निकलने की कोशिश करेंगे।

# रोइंग में बलराज पंवार का शानदार प्रदर्शन, रेपेजेच के जरिए क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**पेरिस, एजेंसी।** भारत के बलराज पंवार ने रोइंग स्पर्धा के पुरुष एकल स्कल्स वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। हीट में सीधे क्वालिफिकेशन से चूकने वाले बलराज ने रविवार को पेरिस ओलंपिक में रेपेचेज के जरिए अपनी उम्मीदें बनाए रखी हैं। बलराज ने रेपेचेज-2 में दूसरे स्थान पर रहकर अंतिम आठ के लिए क्वालिफाई किया। प्रत्येक रेपेचेज से शीर्ष दो में रहने वाले खिलाड़ी को क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करना था। अब बलराज मंगलवार को अंतिम आठ में चुनौती पेश करेंगे।



**बलराज ने चौथे स्थान पर रहकर रेपेचेज के लिए किया था क्वालिफाई** – पंवार ने सात मिनट 12.41 सेकेंड में दूसरे स्थान पर रहकर समाप्त किया। उनसे आगे मोनाको के क्वेंटिन एंटोगनेली रहे जिन्होंने 7ऽ10ऽ00 मिनट का समय लिया। इंडोनेशिया के मेमो 7ऽ19ऽ60 मिनट के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। शनिवार को पंवार 7ऽ07ऽ11 मिनट के समय के साथ चौथे स्थान पर रहे थे और सीधे क्वार्टर फाइनल में नहीं पहुंच सके थे, लेकिन उन्होंने रेपेचेज दौर के लिए क्वालिफाई किया था जिस कारण उन्हें अंतिम आठ में पहुंचने के लिए दूसरा मौका मिला था। ह्य रेपेचेज-1 में स्लोवेनिया के इवान इसाक वेगेल्ज और पराग्वे के जेवियर इन्सफ्रान 7ऽ06ऽ90 मिनट और 7ऽ08ऽ29 मिनट के समय के साथ क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर रहे। रेपेचेज-3 में एलजीरिया के अली सिद बोउदिना 7ऽ10ऽ23 मिनट के समय के साथ पहले, जबकि चुन विन चियू ने 7ऽ12ऽ94 मिनट का समय लेकर दूसरे स्थान पर फिनिश किया और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करने में सफल रहे।

**रेस के दौरान लगातार दूसरे स्थान पर बने रहे बलराज** – बलराज पूरी रेस के दौरान दूसरे स्थान पर बने रहे। उन्होंने 500 मीटर की दूरी को एक मिनट 44ऽ13 सेकेंड, 1000 मीटर की दूरी को तीन मिनट 33ऽ94 सेकेंड और फिर 1500 मीटर की दूरी को पांच मिनट 23ऽ22 सेकेंड में पार किया। इसके बाद उन्होंने 2000 मीटर की दूरी की रेस सात मिनट 12.41 सेकेंड में पूरी की।

# मुक्केबाज प्रीति पवार ने 5-0 से जीता पहला मुकाबला, प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**पेरिस, एजेंसी।** भारतीय मुक्केबाज प्रीति पवार ने वियतनाम की वो थी किम आन्ह को सर्वसम्मत फैसले में हराकर पेरिस ओलंपिक में महिलाओं के 54 किग्रा वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता और पहली बार ओलंपिक खेलों में भाग ले रही प्रीति ने शनिवार को खेले गए मुकाबले में 5-0 से जीत हासिल करके मुक्केबाजी में भारतीय अभियान की शानदार शुरुआत की। हरियाणा की इस 20 वर्षीय मुक्केबाज को बीमार होने के कारण ओलंपिक खेलों से कुछ दिन पहले अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था। पहले राउंड में वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और इस दौरान वियतनाम की मुक्केबाज उन पर हावी रही। भारत की मुक्केबाज ने इसके बाद हालांकि आक्रामक रवैया अपनाकर शानदार वापसी की और अगले दो राउंड में अपनी प्रतिद्वंदी को कोई मौका नहीं दिया। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, 'हमें बेहद खुशी है कि हमने जीत के साथ शुरुआत की। खेलों से पहले बीमार होने के बावजूद प्रीति न सिर्फ उससे उबरने में सफल रही, बल्कि उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया और असाधारण साहस दिखाया। प्रीति का अगला मुकाबला मंगलवार को कोलंबिया की दूसरी वरीयता प्राप्त और विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता मार्सेला येनी एरियास से होगा। दो बार की विश्व चैंपियन निकहत ज़रीन रविवार को 50 किग्रा के राउंड ऑफ 32 में जर्मनी की मैक्सी करीना क्लोएट्ज़र के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी।

# न्यूजीलैंड से पहले क्वार्टर में 1-0 से पिछड़ने के बाद जीता भारत, श्रीजेश बोले- यह खतरे की घंटी

**पेरिस, एजेंसी।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के अनुभवी गोलकीपर और पूर्व कप्तान पीआर श्रीजेश ने संन्यास की घोषणा कर दी है। उन्होंने बताया कि पेरिस ओलंपिक उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय दौरा होगा।



भारत के अनुभवी गोलकीपर पी आर श्रीजेश ने स्वीकार किया कि न्यूजीलैंड के खिलाफ पेरिस ओलंपिक के पहले मैच में 3-2 से मिली रोमांचक जीत आने वाले कठिन मैचों से पहले उनकी टीम के लिए खतरे की घंटी है। हालांकि, कोच क्रेग फुल्टोन ने टीम के प्रदर्शन पर खुशी जताई है। कप्तान हरमनप्रीत ने 59वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल करके टीम को जीत दिलाई।

अपना चौथा ओलंपिक खेल रहे श्रीजेश ने कहा, ओलंपिक में पहला मैच कभी आसान नहीं होता। न्यूजीलैंड आसान टीम नहीं है और हमने भी कुछ गलतियां की। यह अच्छी खतरे की घंटी की तरह है। अहम बात यह है कि हमने तीन अंक बनाए।

# वकील हुये जजो पर काबिज, हराया सात विकेट से पीजीआई ने पीयू को नौ विकेट से दी मात

**चंडीगढ़, एजेंसी।** गली क्रिकेट टूर्नामेंट के बीच शनिवार को मुल्लांपुर स्थित स्टेडियम में दो एग्जीबिशन मैच आयोजित किये गये। एडवोकेट्स एकादश ने एक रोमांचक मुकाबले में जस्टिस एकादश को सात विकेट से हराया। अमन बाहरी ने अंतिम गेंद शाट मार एक रन चुरा मैच वकीलों के नाम किया । इससे पूर्व जजों ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने निरधारित दस ओवर्स में दो विकेट के नुकसान पर 67 रन बनाये। जस्टिस संदीप मौदगिल ने 15, जस्टिस एचएस सेठी ने 14 और जस्टिस आलोक जैन ने दस रनों का योगदान दिया। जवाब मे मैच की अतिम गेंद पर तीन विकेट के नुकसान पर टीम ने 68 रन बनाये। नाबाद अमन बाहरी ने 18, वनीत ने 15 और कप्तान एडीएस सखुजा ने 11 रन बनाये। इस अवसर पर चीफ जस्टिस शील नागू मुख्यातिथि के रुप में शामिल हुये जबकि बार कौंसिल के चेयरमैन अशोक सिंगला और एजी हरियाणा बलदेव राज महाजन गेस्ट आफ आनर के रुप में शामिल हुये।



इससे पूर्व पीजीआई एकादश ने पंजाब यूनिवर्सिटी एकादश पर नौ विकेट की शानदार जीत दर्ज की। पीयू ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और निरधारित दस ओवर्स में एक विकेट के नुकसान पर 54 रन बनाये। गुरमीत सिंह ने नाबाद 17 रन बनाये जबकि कप्तान वाईपी वर्मा ने 13 रनों को योगदान दिया। जवाब में पीजीआई ने दिये लक्ष्य को एक विकेट के नुकसान पर आठवें ओवर में ही पूरा कर लिया। डा अमित शर्मा ने 21, डा रवि मोहन ने 19 और डा मनोज गोयल ने 15 रनों का योगदान दिया। इस अवसर पर पीयू की वाईस चांसलर रेनू विग और पीजीआई के मेडिकल सुपरइनटेंडेंट डॉ विपिन कौशल ने यूटीसीए के अध्यक्ष संजय टंडन की मौजूदगी में दोनों टीमों को सम्मानित किया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran | @Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार



### जालोर में घर में सो रहे कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या, वैभव गहलोत के निशाने पर सरकार

**जालोर, एजेंसी।** राजस्थान के जालोर जिले में एक व्यक्ति की सोते समय कथित रूप से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी गई। अतिरिक्त पुलिस उपाधीक्षक रामेश्वरलाल ने बताया कि सायला थाना क्षेत्र के बावतरा गांव में शुक्रवार रात विजयराज देवासी अपने घर में सो रहे था। उसी दौरान करीब दो बजे तीन-चार अज्ञात हमलावरों ने उनपर धारदार हथियारों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया और फिर वे भाग गए। इसके बाद विजयराज को उनके परिजन घायल अवस्था में अस्पताल ले गये, जहां पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक जिस व्यक्ति की हत्या की गई, वह कुछ साल सिवाणा सीट से विधानसभा का चुनाव भी लड़ा था। व्यक्ति की हत्या पर अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत ने कहा कि अपराधियों में पुलिस व कानून का खौफ नहीं है। उन्होंने जालोर पुलिस से मामले में जल्द कार्रवाई आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।
पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। विजयराज के परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए शव का पोस्टमॉर्टम करवाने से इनकार कर दिया और वे धरने पर बैठे हैं। पुलिस के अधिकारी उन्हें समझाने का प्रयास कर रहे हैं।

### वाराणसी में एल्विश यादव के खिलाफ लगे पोस्टर, मंदिर में वीआईपी दर्शन की जांच की मांग

**वाराणसी, एजेंसी।** यूट्यूबर एल्विश यादव ने वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन किए थे। यहां उन्होंने फोटो भी खिचवाई थी, जिसको लेकर अब उनके खिलाफ विरोध तेज हो गया है। वाराणसी के गंगा किनारे स्थित घाटों पर एल्विश यादव के खिलाफ पोस्टर लगाए गए हैं। उन्हें सांपों के जहर का सौदागर बताया गया है। साथ ही एल्विश को वीआईपी दर्शन कराने को लेकर जांच की मांग की गई है। पोस्टर में लिखा है कि भोलेनाथ को सांप पसंद हैं, सांपों के जहर का सौदागर नहीं। एल्विश यादव को हमारे आराध्य काशी विश्वनाथ धाम में वीआईपी ट्रीटमेंट की जांच कर कार्रवाई की जाए। ये पोस्टर दीपक सिंह नाम के शख्स द्वारा गंगा किनारे घाटों पर लगाए गए हैं। पोस्टर लगवाने वाले दीपक सिंह राजपूत ने कहा, बाबा विश्वनाथ की नगरी में देश-विदेश से श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। कांवड़िए और आम जनता लाइन में लगकर बाबा के दर्शन करते हैं। लेकिन, सांपों के जहर के सौदागर एल्विश यादव को वीआईपी ट्रीटमेंट देकर मंदिर में दर्शन कराए गए। वह कुछ दिन पहले ही जेल से छूटकर आया और उस पर सांपों के जहर का सौदा करने का आरोप है। यही नहीं, कुछ दिन पहले ही ईडी ने उससे घंटों तक पूछताछ भी की, लेकिन इसके बावजूद उसे मंदिर में वीआईपी दर्शन कराया गया। उन्होंने मंदिर समिति पर सवाल उठाए और कहा, आम जनता घंटों लाइन में लगकर बाबा का आशीर्वाद लेती है, लेकिन एल्विश यादव को किस आधार पर मंदिर में वीआईपी दर्शन कराए गए। इस बात का मंदिर समिति को जवाब देना चाहिए। हिंदुस्तान के सभी सनातनी समाज के लोग इस बात से आहत हैं और हम इसका विरोध करते हैं। जो शख्स सांपों के जहर का सौदा करता है, उसे मंदिर में वीआईपी दर्शन कराना सही नहीं है। उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए और जेल भेजना चाहिए। बता दें कि एल्विश उत्तर प्रदेश के वाराणसी दौरे पर आए थे। यहां उन्होंने अपनी टीम के साथियों के साथ काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन किए थे।

# मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड से भी ऊपर है यह कानून, भारतीयता धर्म से भी ऊपर- केरल हाइकोर्ट

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।**
केरल हाइकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण मामले में अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि बाल विवाह विरोधी नियम 2006, बिना किसी धार्मिक भेदभाव के समान रूप से सभी भारतीयों के ऊपर लागू है। जस्टिस पी वी कुन्निकृष्णनन ने यह भी साफ किया कि यह मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के भी ऊपर है, जिसमें बच्चों की शादी को मान्यता दे दी जाती है। जस्टिस ने कहा कि नागरिकता पहले है और धर्म बाद में, इसलिए यह कानून हर भारतीय पर बिना किसी भेदभाव के लागू होगा।

बेंच ने हाल ही में पलक्कड़ में एक बाल विवाह के मामले में आरोपी की याचिका को खारिज करते हुए यह निर्देश जारी किया। माननीय न्यायालय ने आरोपी पिता और कथित पति की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था




कि उनके विरोध दायर किया गया केस रद्द कर दिया जाए। कोर्ट का यह फैसला एक ऐसे समय में आया है जबकि भाजपा शासित असम में कई अल्पसंख्यक लोग बाल विवाह करवाते पकड़े गए हैं।

मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की दुहाई देते हुए याचिकाकर्ताओं ने कहा कि कोई भी मुस्लिम लड़की अगर प्यूबर्टी तक पहुंच जाती है तो पर्सनल लॉ बोर्ड के हिसाब से वह शादी के लिए तैयार है और केंद्र उसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकता। याचिका कर्ताओं ने कहा कि यह बाल विवाह विरोधी कानून उनके पर्सनल लॉ बोर्ड के खिलाफ है और उनके अधिकारों का हनन कर रहा है।

हालांकि हाइकोर्ट ने याचिकाकर्ताओं की सभी दलीलों को खारिज करते हुए कहा कि यह कानून किसी पर्सनल लॉ बोर्ड या किसी भी धर्म से भी ऊपर है। पूरे भारत में और भारत के बाहर रहने वाले भारतीय नागरिकों को भी यह नियम मानना ही होगा , इसमें किसी भी प्रकार की कोई कोताही नहीं बरती जाएगी।, इसमें किसी भी प्रकार की कोई कोताही नहीं बरती जाएगी।

जस्टिस कृष्णणन ने कहा कि बाल विवाह रोकना हमारे आधुनिक समाज का हिस्सा है। आज के दौर में यह कहीं से भी जायज नहीं है कि एक बच्चे कि शादी कर दी जाए। यह उस बच्चे के मानवीयअधिकारों का उल्लंघन है।

## बीकानेर में फंदे पर लटकती मिली मॉडल, हत्या या आत्महत्या? आया ये बड़ा अपडेट



**बीकानेर , एजेंसी।** राजस्थान के बीकानेर में बीती देर रात एक फैशन मॉडल और सोशल मीडिया इनफ्लाएंसर इशप्रीत कौर का संदिग्ध अवस्था में शव मिला। इस दौरान घर के कमरे में मॉडल का शव फंदे से लटकी अवस्था में मिला। बताया जा रहा है कि मॉडल तीन दिनों से घर से लापता थी। इस दौरान मॉडल का शव उसके दोस्त जयराज तंवर के कमरे में मिला, वो भी अचेत अवस्था में मिला। पुलिस को मौके से एक पिस्टल भी मिली है। संदिग्ध अवस्था में मिली लाश के चलते पुलिस भी हैरान है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की छानबीन के बाद ही मामला हत्या का है या आत्महत्याा का है, ये बताया जा सकता है। पुलिस जांच में जुट गई है।

पुलिस के अनुसार यह घटना बीकानेर के मुक्ता प्रसाद इलाके की है।

## कोटा बैराज के 6 गेट खोले, हाड़ौती में तेज बारिश, नदिया उफान पर



**कोटा, एजेंसी।**
राजस्थान के कोटा बैराज से चंबल नदी में पानी की निकासी शुरू की गई है। भारी बारिश से जिले से गुजर रही पार्वती, चंबल और कालीसिंध नदी उफान पर आ गई है। इसके चलते कोटा का सवाई माधोपुर रोड मध्य प्रदेश से संपर्क कट गया है। दूसरी तरफ दरा की घाटी में अबली मीणी महल के नजदीक नाले में काफी तेज पानी आने के चलते नेशनल हाईवे 52 पर जाम जैसी स्थिति बन गई। कोटा के खड़े गणेश जी मंदिर में भी हर साल की तरह इस बार भी बरसाती पानी प्रवेश कर गया है।मौसम विभाग के अनुसार कोटा में सुबह 8:30 से शाम 5:30 बजे तक 2.8 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई है। अबली मीणी महल के नजदीक नाले में तेज पानी का बहाव आ रहा है। इसके चलते वाहन काफी धीरे-धीरे निकल रहे हैं और दोनों तरफ लंबा जाम लग गया है। इसके साथ ही घाटी में ही एक ट्रक भी खराब हो गया था। इसके चलते भी कई वाहन फंसे हुए हैं। दरा घाटी में स्थित चौकी की पुलिस इस जाम को खुलवाने का प्रयास कर रही है। जल संसाधन विभाग की अधिशासी अभियंता भारतरत्न गौड़ ने बताया कि लगातार कोटा बैराज के कैचमेंट एरिया में बारिश हुई है। इसके चलते पानी की आवक बनी हुई थी और इसी को देखते हुए कोटा बैराज के छह गेटों को 7-7 फिट खोला गया है. कुल 42 फीट गेट खोलकर 51858 क्यूसेक पानी चंबल नदी में छोड़ा जा रहा है। इसके पहले अलर्ट जारी कर दिया गया था, जिसके चलते चंबल नदी में कोटा से लेकर धौलपुर तक पानी की जलस्तर ऊंचा उठ जाएगा। कोटा बैराज में जलस्तर 854 फीट पर पहुंच गया है, ऐसे में उसे 853 पर मेंटेन करने के लिए पानी छोड़ा गया है। नगर निगम के फायरमैन किशन भार्गव ने बताया कि रेलवे कॉलोनी निवासी राहुल शर्मा अपने दोस्तों के साथ कर्णेश्वर महादेव नहाने के लिए गया था।

# दरभंगा शहर में नहीं चलेगी बसें: मीटिंग में नए रूट पर लिया गया निर्णय

**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए अगस्त के पहले सप्ताह से शहर में सवारी बसों का परिचालन बंद हो जाएगा। अब दिल्ली मोड़ से कुशेश्वरस्थान और बिरौल या सहरसा जानेवाली बस स्टेशन रोड, दोनार चौक के रास्ते नहीं जाएगी। दिल्ली मोड़ से रानीपुर, बिजली, तारसराय, सकरीऔर धरौड़ा होते हुए बेनीपुर के रास्ते निकलेगा। वहीं, लहेरियासराय बस स्टैंड से मधुबनी, कमतौल सहित अन्य जगह जाने वाली बस लहेरियासराय से सैदननगर, एकमी,भरौल होते हुए शोभन बाइपास के रास्ते दिल्ली मोड़ बस स्टैंड जाएगी। इसको लेकर शनिवार को कमिश्नर मनीष कुमार केअध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें डीएम-एसएसपी के मुख्यालय में नहीं रहने पर उनके प्रतिनिधि के रूप एडीएम नीरज कुमारदास, सिटी एसपी शुभम आर्य, नगर आयुक्त कुमार गौरब,संयुक्त सचिव सह क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार राजेश कुमार,डीटीओ, श्रीप्रकाश, ट्रैफिक डीएसपी अवधेश कुमार आदि नेभाग लिया। बैठक में शहर में जाम से निजात के लिए उपरोक्त प्रस्ताव पर चर्चा के बीच ऑटो के परिचालन को लेकर भीतीन रूट बनाने और ऑटो पर रंगीन पट्टी लगाने को कहा गया है। वहीं, दोनार और सोनकी में सवारी बस के लिए बीएमपी केनिकट भूमि तलाशने के बीच किराए पर भी भूमि मिलने परउसके लिए कार्रवाई करने को कहा गया है। वर्तमान मेंराजकुमारगंज, दोनार, सोनकी, धरौड़ा, मझौड़ा बस पड़ाव,बेनीपुर, सतीघाट, सुपौल, बेर चौक, दरभंगा, कुशेश्वरस्थान केरास्ते सहरसा तक 171 बसों को परिचालन होता है।



**अतिक्रमण हटाने का निर्देश :** अतिक्रमण हटाने का सड़कों के दोनों तरफ से दुकानदारों द्वारा किया गया है। सड़क किनारे ठेला लगाने वाले वेंडर को हटाकर वेंडिंगस्थल चिह्नित कर समय-सारणी के साथ प्रबंधन करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही नगर निगमक्षेत्र में चिह्नित ऑटो पड़ावों को चालू करने एवंसुविधा बहाल करने का निर्देश दिया गया। बीएमपी के पास स्टैंड बनाने के लिए खोजी जाएगी जगह दोनार रेलवे गुमटी से बीएमपी-13के आसपास बस स्टैंड के लिएसरकारी जमीन चिह्नित करने याकिराए पर जमीन लेने का निर्देश दिया गया। शहर से होकर बसों के परिचालन के कारण रोज जाम लगता है, जिससे प्रतिदिन लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कभी-कभी घंटों लोगों को जाम में फंसा रहना पड़ता है। इसी समस्या के समाधान के लिए यह निर्णय लिए गए हैं।

**यह भी निर्णय हुआ :** अब दिन में कचरा का उठाव नहीं किया जाएगानगर निगम की ओर से दिन मेंयातायात के व्यस्ततम समय में कचरा का उठाव किया जाता है। इस वजह से भी कई स्थानों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। इसको लेकर कहा गया किकचरा का उठाव रात्रि में तथादिन में नो इंट्री के समयावधितक कर लेने से जाम से निजातमिल सकती है। तत्काल स्कूलबसों का परिचालन कियाजाएगा। नो-इंट्री में कोई भी सवारी बस नहीं चलेगी। नगर निगम के क्षेत्र के सभी चौक-चौराहों पर यातायात पुलिस बल का कम से कम 8 बजे रात्रि तक तैनाती सुनिश्चित करना है। साथ शहर में ही ऑटोके परिचालन के लिए 3 रूटबनाए जाने का निर्देश दिया गयाहै। साथ ही सभी रूट के ऑटो पर पहचान के लिएअलग-अलग रंग की पट्टी भी लगाई जाएगी। दरभंगा नगर निगम क्षेत्र के अंदरनो-इंट्री के निर्धारित समय में शहर केबीच से गुजरने वाले विभिन्न रूटों परचलने वाली सवारी बस, जिसकापरमिट क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकारदरभंगा से निर्गत है, ऐसे सभी बसों का परिचालन के लिए मार्ग परिवर्तित करने का निर्णय आरटीए की बैठक मेंलिया गया।

## टोक्यो के एडोगावा में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने महात्मा गांधी की प्रतिमा का किया अनावरण

**टोक्यो, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को कहा कि महात्मा गांधी का यह शाश्वत संदेश संघर्ष, धुव्रीकरण और रक्तपात देख रही दुनिया पर आज भी लागू होता है कि समाधान युद्ध के मैदान से नहीं निकलते और कोई भी युग युद्ध का युग नहीं होना चाहिए। जयशंकर ने यह टिप्पणी टोक्यो के एडोगावा स्थित फ्रीडम प्लाजा में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण करते समय की। जयशंकर 'क्वाड' (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए लाओस से दो दिवसीय यात्रा पर रविवार को जापान पहुंचे। जापान में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज ने उनका स्वागत किया। जयशंकर ने कार्यक्रम के दौरान गांधी के शाश्वत संदेशों पर बात की। उन्होंने कहा, ''मैं आज यह कहना चाहता हूं कि जब हम दुनिया में इतना संघर्ष, इतना तनाव, इतना ध्रुवीकरण, इतना खून-खराबा देख रहे हैं, तो गांधी जी का यह संदेश बहुत महत्वपूर्ण है कि समाधान युद्ध के मैदान से नहीं निकलते और कोई भी युग, युद्ध का युग नहीं होना चाहिए। यह संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना 80 साल पहले था।'' जयशंकर ने कहा, ''उनका (गांधी का) दूसरा संदेश स्थिरता, जलवायु अनुकूलन, हरित विकास, हरित नीतियों के संदर्भ में है। गांधी जी सतत विकास के मूल पैगंबर थे।'' उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित कर जीने के सबसे बड़े समर्थक थे।

# ब्रिटेन के भारतवंशी सिख सांसद जीवन सैंधर बोले- भारत के साथ लेबर पार्टी के संबंध मजबूत करने पर देंगे जोर

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में हाल ही में हुए चुनाव में लॉफबोरो सीट से सांसद बने भारतवंशी सिख जीवन सैंधर भारत और ब्रिटेन की लेबर पार्टी सरकार के बीच संबंधों को मजबूत करना चाहते हैं। उनका कहना है कि आम चुनाव में जीत के बाद उनका फोकस भारत और यहां के प्रवासी समुदाय के साथ लेबर पार्टी के संबंधों को बेहतर करने पर है। ब्रिटेन के विदेश सचिव डेविड लैमी की भारत यात्रा को लेकर उन्होंने कहा कि नई सरकार देश में परिवर्तन लाने के काम में लगी है।

सांसद ने कहा कि मैं भारतीय प्रवासियों का हिस्सा हूं। मैं इसे लेबर पार्टी सरकार से एक विशेष संबंध मानता हूं। भारत और ब्रिटेन के बीच एक महत्वपूर्ण साझेदारी है। भारत के साथ व्यापार समझौते पर भी काम चल रहा है। हम चाहते हैं कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के साथ हमारा संबंध बेहतर हो ताकि हम दोनों देश काफी कुछ हासिल कर सकें।

उन्होंने कहा कि लेबर इंडियंस ने मेरी व्यक्तिगत रूप से काफी मदद की है। पार्टी ने जो कुछ हासिल किया है, उस पर हमें



बेहद गर्व है। आने वाले समय में हम काफी कुछ हासिल करना चाहते हैं। मुझे अपने भारतीय होने और ब्रिटेन में अपने योगदान और पहचान पर भी गर्व है। ब्रिटेन में भारतीय संस्कृति काफी नजर आती है।

अपने संसदीय क्षेत्र लॉफबोरो के बारे में काम करने को लेकर सैंधर ने कहा कि मैं अर्थशास्त्री हूं और मेरा काम अपने क्षेत्र के लोगों की जेब में अधिक पैसा पहुंचाना है। इसके लिए स्वच्छ ऊर्जा में निवेश और हरित समृद्धि को लॉफबोरो में लाने के लिए काम कर रहा हूं। इसके बाद लोगों की स्वास्थ्य सेवा मजबूत करने पर ध्यान दिया जाएगा। इसके अलावा पुलिस अधिकारियों की नियुक्ति और युवाओं को पुलिस में शामिल करके अपराध कम करने पर फोकस किया जाएगा।

सैंधर ने कहा कि चुनाव में 14 साल बाद कंजर्वेटिवों के सत्ता से बाहर होने के बाद देश में आशावाद की लहर चल रही है। हमें बहुत कुछ करना है और बहुत कुछ ठीक भी करना है। यहां चुनौतियां अधिक हैं। 1945 के बाद देश सबसे बड़े संकट में हैं और हमें बदलाव करना है। हमारे पास बदलाव करने का मौका भी है।

**पहली बार चुने गए सांसद:** जीवन सैंधर पहली बार इंग्लैंड के ईस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र की लॉफबोरो सीट से सांसद चुने गए। सैंधर का जन्म पूर्वी इंग्लैंड के ल्यूटन शहर में हुआ था।

उनके माता-पिता पंजाब से ब्रिटेन शिफ्ट हो गए थे। वे लगातार भारत आते-जाते हैं।

## आपको मतदान करने की जरूरत नहीं पड़ेगी, ट्रंप ने ईसाई मतदाताओं से चार साल में सब ठीक करने का वादा किया

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में इस साल नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होने वाला है। इस चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप को सबसे मजबूत उम्मीदवार के तौर पर देखा जा रहा है। फ्लोरिडा में कंजर्वेटिव समूह टर्निंग प्वाइंट एक्शन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए ट्रंप ने अपने ईसाई मतदाताओं से सबकुछ ठीक करने का वादा किया। उन्होंने कहा कि अगर वे (ईसाई मतदाता) उन्हें वोट देते हैं, तो वह सबकुछ ठीक कर देंगे और दोबारा वोट देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, ईसाइयों आपको बाहर निकलना होगा और मतदान करना होगा। आपको अब ऐसा नहीं करना पड़ेगा। केवल और चार साल, आपको मालूम है कि क्या। सब ठीक हो जाएगा। आपको फिर मतदान करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मेरे प्यारे ईसाइयों, मैं आपसे प्यार करता हूं। मैं एक ईसाई हूं। मैं आपसे प्यार करता हूं। बाहर निकलें, बाहर निकले और मतदान करें। चार वर्षों में आपको फिर से मतदान करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# एक व्यक्ति की गलती से कैलिफोर्निया में आग का तांडव, 350000 एकड़ में फैली आग

**कैलिफोर्निया, एजेंसी।**
अमेरिका के कैलिफोर्निया में जंगलों में लगी भीषण आग 350,000 एकड़ से अधिक एरिया तक फैल गई है, जो वर्तमान में राज्य में सबसे बड़ी जंगल आग है। कैलिफोर्निया की इस साल की सबसे बड़ी जंगल आग ने फीनिक्स शहर के आकार से बड़े क्षेत्र को जला दिया है, दर्जनों इमारतों को नष्ट कर दिया है, और हजारों निवासियों को अपने घरों से भागने पर मजबूर कर दिया है। इसी बीच, एक लोकप्रिय कनाडाई रिसॉर्ट टाउन में भी एक जंगल आग ने घरों और व्यवसायों को नष्ट कर दिया है।

**कैलिफोर्निया की पार्क फायर अब राज्य की 7वीं सबसे बड़ी आग:** शनिवार का मौसम फायरफाइटर्स के पक्ष में होने के बावजूद, विशाल पार्क फायर ने कैलिफोर्निया के सैक्रामेंटो के उत्तर में बट्टे और ताहेमा काउंटियों के बड़े हिस्से को जला दिया। कैल फायर के अनुसार, आग 350,000 एकड़ (546 वर्ग मील) से अधिक क्षेत्र में फैल चुकी है,



जिससे यह कैलिफोर्निया के इतिहास में दर्ज 7वीं सबसे बड़ी जंगल आग बन गई है। फिलहाल आग पर केवल 10त्न नियंत्रण पाया गया है।कैलिफोर्निया में यह आग और पश्चिमी संयुक्त राज्य अमेरिका में अन्य जंगल आगें कहर बरपा रही हैं, जिससे निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की आवश्यकता है और फायरफाइटर्स को कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है।

**एक व्यक्ति की गलती और मच गई तबाही:** यह आग बुधवार को तब शुरू हुई जब एक व्यक्ति ने कथित तौर पर एक जलती हुई वाहन को सूखी झाड़ियों में धकेल दिया, जो गर्म, शुष्क और तेज हवाओं की परिस्थितियों के बीच तेजी से फैल गई। कई दिनों की कोशिश के बाद अग्निशामक केवल 10त्न आग पर काबू पा सके हैं। इस आग में अब तक 134 संरचनाएं नष्ट कर दिया है और बट्टे और ताहेमा काउंटियों में अनिवार्य और सिफारिश किए गए निकासी आदेश जारी किए गए हैं। कैलिफोर्निया इस समय एक सक्रिय जंगल आग के मौसम का सामना कर रहा है, जिसमें पार्क फायर पश्चिमी संयुक्त राज्य अमेरिका में जल रही 100 से अधिक बड़ी सक्रिय जंगल आगों में से एक है।

हालांकि ठंडा मौसम राहत प्रदान करता है, खतरा अभी भी बना हुआ है क्योंकि क्षेत्र के कुछ हिस्सों के लिए आग मौसम की निगरानी और चेतावनी अभी भी प्रभावी हैं। क्षेत्र के कुछ हिस्सों में अभी भी आग मौसम की निगरानी और चेतावनी प्रभावी हैं। कैलिफोर्निया डिपार्टमेंट ऑफ फॉरेस्ट्री एंड फायर प्रोटेक्शनविभाग आग की स्थिति, संसाधन और निकासी आदेशों की जानकारी प्रदान कर रहा है।फेडरल इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी भी राहत और बचाव कार्यों में सहयोग कर रही है। कैलिफोर्निया के निवासियों को सलाह दी जाती है कि वे स्थानीय अधिकारियों द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों का पालन करें और सुरक्षित स्थानों पर जाएं। आग की स्थिति को ध्यान में रखते हुए, किसी भी आकस्मिकता के लिए तैयार रहना महत्वपूर्ण है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129